सुप्रभात

रांची, गुरुवार

13.06.2024

* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित   सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net जेष्ठ, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 329 | 12




आंध्र में नायडू के डिप्टी सीएम बने अभिनेता पवन कल्याण

## न्यूज डायरी

### डोभा निर्माण में घूस लेते इंजीनियर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू एसीबी ने डोभा निर्माण में घूस लेते सहायक अभियंता को किया गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार सहायक अभियंता अनुज कुमार रवि गढ़वा के चिनिया ब्लॉक में तैनात थे। उसे गढ़वा के चिनिया में मनरेगा के तहत बीपीओ का भी प्रभार दिया गया था। चिनिया के ही एक व्यक्ति ने मनरेगा के तहत डोभा निर्माण की योजना ली थी। मापी पुस्तिका पर सहायक अभियंता घूस मांग रहे थे, हस्ताक्षर नहीं कर रहे थे। लाभुक ने इसकी शिकायत एसीबी टीम से की थी। बुधवार को घूस लेते एसीबी ने उसे रंगे हाथ धर दबोचा।

### शौच को गयी नाबालिग से खूंटी में दुष्कर्म

**खूंटी।** जिले के जरियागढ़ थाना के ग्रामीण इलाके में शौच करने गयी नाबालिग आदिवासी युवती से एक दुष्कर्म किया। पीड़िता अपनी सहेली के साथ शौच के लिए खेत के तरफ गयी थी। गांव का ही एक युवक उसे जबरन खींचकर जंगल की तरफ ले गया। उसकी सहेली ने वहां से भाग गांववालों को इसके बारे में जानकारी दी। ग्रामीणों ने उसे पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

### शराबी पिता ने ली पांच साल की बेटी की जान


**दुमका।** गोपीकांदर थाना के कारूडीह गांव में कलयुगी शराबी पिता ने पांच वर्ष की बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने पिता राजेश केवट को गिरफ्तार कर लिया है।

## सीएम समीक्षा बैठक : 90 दिन से अधिक म्यूटेशन लंबित रहा तो कार्रवाई

# अबुआ आवास योजना में धांधली बर्दाश्त नहीं: सोरेन

### अधिकारियों को सीएम का निर्देश

- बच्चों की बेहतर शिक्षा प्राथमिकता, शख्ती से मानिटरिंग करें सभी डीसी
- मुख्यमंत्री स्कूल आफ एक्सीलेंस में रेगुलर टीचर शीघ्र नियुक्त होंगे
- सीएम तीर्थ दर्शन योजना का लाभ लोगों को मिले
- आमलोगों तक सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार में तेजी लायें



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम चंपई सोरेन ने कहा है कि अबुआ आवास योजना में धांधली बर्दाश्त नहीं होगी। इस योजना में अनियमिता और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने लंबित म्यूटेशन को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि 90 दिन से अधिक यह मामला लंबित होने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सरकार के कामकाज की समीक्षा बैठक के अंतिम दिन पहले सत्र में उन्होंने एक साथ कई विभागों के कामकाज की समीक्षा की। बुधवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में समीक्षा बैठक में उन्होंने अबुआ आवास योजना के तहत पहले चरण में स्वीकृत किये गये 2 लाख आवास और इसकी पहली किस्त की राशि जारी होने के उपरांत आवास निर्माण के प्रगति की अधिकारियों से जानकारी ली। इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस योजना के लाभुक गरीब और जरूरतमंद होते हैं। ऐसे में न्यूनतम दर पर उन्हें आवास निर्माण के लिए आवश्यक निर्माण सामग्री उपलब्ध करायें। लाभुकों के चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतें। जिनका अबुआ आवास के पहला चरण का कार्य संतोषजनक है, उन्हें दूसरी किस्त की राशि जारी करें।

**म्यूटेशन में तेजी लायें:** सीएम ने कहा कि म्यूटेशन के मामले तय समय सीमा के अंदर हो इसे सुनिश्चित करें। बड़ी संख्या में लंबित म्यूटेशन के मामले पर कड़ी नाराजगी जतायी। सीएम ने कहा इस मामले में संबंधित अफसरों पर कार्रवाई करें।

(शेष पेज 11पर)

### शिक्षा ही प्रगति का आधार

सीएम ने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक उन्नति का आधार है। राज्य के सभी वर्गो के बच्चों को बेहतर शिक्षा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। आने वाले समय में सभी प्रखंड में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किये जायेंगे। सभी सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस में रेगुलर टीचर की नियुक्ति करें। सभी सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई सुनिश्चि करें। शिक्षा में किसी भी प्रकार से कोताही नही बरतें अधिकारी। 10वीं और 12वीं वर्ग की परीक्षाओं में विद्यार्थियों का प्रदर्शन बेहतर हो, इस पर करें काम। सभी जिलों के डीसी वहां की सुविधाओं का निरंतर मोनिटरिंग करें।

### रोजगार के मौके बढ़ायें

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की धीमी कार्य प्रगति पर सीएम ने असंतोष जताया। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि आखिर क्यों मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत कम आवेदन आ रहे है। रोजगार सृजन योजना का सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी व्यापक प्रचार.प्रसार करें। विभाग साइकिल वितरण योजना में तेजी लाये। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के विस्तार के लिये कार्य प्रगति में तेजी लायें।

### राज्य में कहीं भी पेयजल संकट नहीं हो

सीएम ने कहा कि सभी पंचायत में 10 ड्रील नलकूपों का लक्ष्य निर्धारित है। अभी हर जगह जल का स्तर काफी नीचे चला गया है । ऐसे में नलकूप लगाने के लिए ड्रीलिंग का काम तब तक किया जाये, जब तक जल स्तर नहीं मिल जाये। किसी को भी पेयजल का संकट नहीं हो। इसका ध्यान जरूर रखें, वरना चापाकल लगाने की योजना बेकार हो जायेगी। लक्ष्य के मुताबिक वनों में विस्तार में बढ़ोतरी नही हो पा रही है। सीएम ने डीसी को निर्देश दिया कि वे अपने स्तर से वन-पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा किये गये वृक्षारोपण की स्थिति की जांच करें। इन्हे हर हाल में संरक्षित करें।

# ओड़िशा के 15 वें सीएम मोहन माझी

### रघुवर ने दो डिप्टी सीएम समेत 16 को दिलायी शपथ



एजेंसी

**भुवनेश्वर।** आदिवासी नेता मोहन चरण माझी ओड़िशा के 15वें मुख्यमंत्री बन गये हैं। राज्यपाल रघुवर दास ने बुधवार को भुवनेश्वर में आयोजित समारोह में माझी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, यूपी के सीएम योग आदित्यनाथ और ओड़िशा के निवर्तमान सीएम नवीन पटनायक समेत तमाम नेता शामिल थे। केवी सिंह देव और प्रभाती परिदा ने डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ग्रहण की। ओड़िश की नयी सरकार में श्री माझी के साथ कुल 16 मंत्रियों को शपथ दिलायी गयी। सुरेश पुजारी, रबि नारायण नाइक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्रा, पृथ्वीराज हरिचंदन, मुकेश महालिंग, विभूति भूषण जेना और कृष्ण चंद्र महापात्रा ने मंत्री के रूप में शपथ ली। ओड़िशा में भाजपा पहली बार अपने दम पर सत्ता में आयी है।

### ओड़िशा के सहारे झारखंड को साधने की कोशिश

मोहन माझी के सहारे भाजपा झारखंड के आदिवासी इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटी है। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को आदिवासी सीटों पर मुंह की खानी पड़ी है। सभी सीटें इंडिया गठबंधन के खाते में गयी। इसी को देखते हुए पार्टी ने अपनी रणनीति बदली और पड़ोसी राज्य ओड़िशा में एक आदिवासी चेहरे को सीएम पद पर बैठाया। श्री मांझी संथाल आदिवासी हैं। इस कदम के जरिये भाजपा की मंशा झारखंड के आदिवासियों तक यह संदेश देनना भी है कि भाजपा ही उनकी सबसे बड़ी हितैषी है।

**झारखंड विस चुनाव पर नजर :** केंद्र की तीसरी मोदी सरकार में झारखंड से किसी आदिवासी नेता को जगह नहीं मिली, क्योकि वह एक भी एसटी रिजर्व सीट नहीं जीत सकी। इसी साल के अंत में झारखंड में विधानसभा चुनाव भी होना है। लोकसभा चुनाव परिणाम से यह साफ दिखता है कि झारखंड के आदिवासी भाजपा से खुश नहीं हैं। आदिवासियों की नाराजगी दूर करने के लिए ही एक आदिवासी विधायक मोहन चरण मांझी को ओड़िशा का सीएम बनाया गया है।

(शेष पेज 11 पर)




# 15 जून तक हीट वेव का रहेगा असर, रांची में कल से थोड़ी राहत संभव

**पलामू, गढ़वा और सरायकेला के तापमान में 15 जून तक कमी संभव नहीं**





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्यभर में अभी भीषण गर्मी पड़ रही है। आने वाले तीन दिनों तक इस गर्मी से फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद भी नहीं है। इससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। लोग सुबह आठ बजे के बाद से ही घरों से बाहर निकलने से पहरेज कर रहे हैं। इधर मौसम विज्ञान केंद्र 15 जून के पहले किसी तरह की राहत की जानकारी नहीं दी है। केंद्र के अनुसार राज्य में 15 जून तक हीट वेव का असर रहेगा। इसके लेकर राज्य भर में पहले ही रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। बुधवार सुबह दस बजे के आंकड़े जारी करते हुए मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि सबसे अधिक तापमान गढ़वा, सरायकेला और डाल्टेनगंज का 45 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज को छोड़ सभी जिलों में तापमान 41 डिग्री से ऊपर रहा। इन जिलों के लिए 14 जून तक का अलर्ट जारी है। हालांकि 14 जून से राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की जानकारी दी गयी है। जिसमें राज्य के उत्तर पूर्वी, मध्य और दक्षिणी हिस्से में बारिश की जानकारी दी गयी है। बता दें हीट वेव से सबसे अधिक प्रभावित पलामू, चतरा, गढ़वा, सरायकेला, पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम जिलों में देखा जायेगा।

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो बंगाल की खाड़ी में पिछले दिन पहले लो प्रेशर बना था लेकिन ये काफी कमजोर निकला और बारिश लाने में इसकी भूमिका नहीं रही। ऐसे में 15 जून के पहले राज्यवासियों को गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। केंद्र ने हीट वेव से बचाव के लिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

राजधानी रांची की बात करें तो 13 जून के बाद मौसम में बदलाव की जानकारी दी गयी है। इस दौरान आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है। हालांकि 15 जून तक राजधानी समेत आस पास के हिस्सों में दोहपर बाद बूंदा बांदी की संभावना है। इधर हीट वेव के कारण राज्य के सभी स्कूलों में 15 जून तक की छुट्टी दे दी गयी है। बीते मंगलवार में स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग की ओर से इस संबध में आदेश जारी किया।

## हेमंत सोरेन की जमानत पर हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई आज भी रहेगी जारी

# ईडी ने हाई कोर्ट को बताया- सरकारी जमीन कब्जा करने में हेमंत सोरेन की मदद कर रहे थे भानु प्रताप

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बरियातू के बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में आरोपी पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से झारखंड हाई कोर्ट में दायर जमानत अर्जी पर हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। मामले में ईडी की ओर से बहस की जा रही है। ईडी के वकील एसवी राजू ने कोर्ट को बताया कि यह मामला हेमंत सोरेन के द्वारा बड़गाई में 8.86 एकड़ के भूखंड पर कब्जा से जुड़ा है। उनकी जमीन पर कब्जे के संबंध में बड़गाई के अंचल अधिकारी, राजस्व कर्मी भानु प्रताप एवं सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक पिंटू ने भी बयान देकर इस बात की पुष्टि की है।

### सरकारी जमीन कब्जा को लेकर चला रहे थे सिंडिकेट

ईडी की ओर से बताया गया कि हेमंत सोरेन के तत्कालीन मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद ने स्वीकार किया है कि हेमंत सोरेन के निर्देश पर ही उन्होंने सीएमओ में कार्यरत उदय शंकर को बरियातू की विवादित जमीन का सत्यापन का निर्देश दिया था। उदय शंकर ने बड़गाईं के तत्कालीन अंचलाधिकारी मनोज कुमार को उक्त जमीन का सत्यापन करने को कहा था। जिसके बाद तत्कालीन अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद को सीएमओ के आदेश को निष्पादित करने को कहा था। भानु प्रताप प्रसाद उक्त अचल संपति पर अवैध कब्जे से जुड़ी गतिविधियों में हेमंत सोरेन की मदद कर रहे थे। ईडी ने कोर्ट को



बताया कि भानु प्रताप प्रसाद, सद्दाम हुसैन एवं अन्य लोग सरकारी जमीनों के दस्तावेज में बदलाव कर नए दस्तावेज बनाकर जमीन कब्जाने का एक बड़ा सिंडिकेट चला रहे थे। हेमंत सोरेन से लेकर कई सरकारी अफसर इनसे मिले हुए थे। वहीं राजकुमार पाहन ने अपनी 8.86 एकड़ जमीन पर कब्जा होने की शिकायत की थी और उसे मुक्त कराने का आग्रह संबंधित अधिकारी से किया था। सोरेन ने इस प्लॉट पर गैरकानूनी तरीके से 2009-10 में कब्जा जमाया है। इस जमीन पर बाउंड्री वॉल बना दी गई है। इस प्रॉपर्टी का दो सर्वे ईडी ने किया था, सर्वे के दौरान उक्त प्रॉपर्टी के केयरटेकर संतोष मुंडा ने बताया कि ये जमीन हेमंत सोरेन की है। हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद कुमार के मोबाइल से एक फोटो मिली, जिससे पता चला है कि उस जमीन पर एक बैंक्वेट हॉल बनाने की तैयारी चल रही थी। बैंक्वेट हॉल जिस जमीन पर बनाया जाना था, उसका लोकेशन, डाइमेंशन 8.86 एकड़ के भूखंड का था। भानू प्रताप ने सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी कर 8.86 जमीन पर हेमंत सोरेन को कब्जा करवाया था। बता दें कि हेमंत सोरेन बड़गाई अंचल जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी से जेल में बंद है। मामले में हेमंत सोरेन सहित 11 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### लैंड स्कैम : इडी ने शेखर कुशवाहा को किया गिरफ्तार

**रांची।** लैंड स्कैम मामले में ईडी ने शेखर कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। आरोपी रांची के चेशायर होम रोड में 4.83 एकड़ जमीन का फर्जीवाड़ा कर उसे बेचने की कोशिश की थी। इस जमीन का सर्किल रेट 22.61 करोड़ रुपये है। हालांकि जमीन का बाजार मूल्य चार गुना से अधिक है। ईडी ने कोर्ट को दिए रिमांड पीटिशन में बताया है कि बड़गाईं अंचल के गिरफ्तार राजस्व उपनिरीक्षक भानू प्रताप, मो. सद्दाम, अफसर अली, प्रिय रंजन सहाय, विपिन सिंह और शेखर कुशवाहा उर्फ शेखर महतो ने कई जमीनों का सौदा फर्जी कागजात बनवा कर किया था।

## बिना सिलेबस के स्कूलों में बच्चों को दी जा रही कंप्यूटर शिक्षा

# राज्य के नौनिहालों के साथ हो रहा छल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में दिखावे के लिए बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा दी जा रही है। कंप्यूटर शिक्षा देने के नाम पर राज्य के नौनिहाल छले जा रहे हैं और एजेंसियां मालामाल हो रही हैं। मालूम हो कि राज्य के 3246 स्कूलों में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) लैब का संचालन किया जा रहा है। इन स्कूलों में बच्चों को कंप्यूटर की पढ़ाई कराने की जिम्मेदारी निजी कंपनियों को दी गयी है। वहीं, इसकी मॉनिटरिंग की जिम्मेवारी झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के पास है, लेकिन जो इंस्ट्रक्टर स्कूलों में वर्षों से बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा दे रहे हैं। वे खुद मूल्यांकान के दौरान फेल कर गये हैं। आंकड़े बताते हैं कि कंप्यूटर की शिक्षा देनेवाले 85 प्रतिशत इंस्ट्रक्टर मूल्यांकन में फेल हो गये थे।

बताते चलें कि 2018 से सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षा को चरणबद्ध तरीके से देने की शुरूआत की गयी थी लेकिन पांच साल बीतने के बाद भी इसका सिलेबस तैयार नहीं किया गया। 2023-24 में राज्य के 1821



**बिना सिलेबस के ही 5 सालों से कंप्यूटर शिक्षा :** स्कूल के शिक्षकों का कहना है कि राज्य में आईसीटी लैब का संचालन करने वाली कंपनियों में बीसीसीएल, एकस्टर मार्स, मिलेनियम, हिटाची, एमजीआरएम, स्कूल नेट इंडिया लिमिटेड और टीसीआईएल जैसी नामी कंपनियां हैं, लेकिन बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा देने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ती की जा रही है। कंपनियां बिना सिलेबस के बच्चों को कंप्यूटर की पढ़ाई करा रही है। बदले में जेईपीसी बिना मूल्यांकन कराये ही उन्हें करोड़ों रुपये का भुगतान कर रही है।

**बच्चों का नहीं किया गया मूल्यांकन :** कंप्यूटर की शिक्षा देने वाली कंपनियों को स्कूलों में आईसीटी लैब की स्थापना और बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा देने के लिए जेईपीसी निजी कंपनियों को एक मोटी रकम दे रही है। इसके बाद भी बच्चे बिना सिलेबस कंप्यूटर की पढ़ाई कर रहे हैं। सबसे अहम बात यह है कि 2023-24 तक कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों का मूल्यांकन एक बार भी नहीं किया गया।

**जेईपीसी के कार्यशैली पर उठ रहे सवाल :** सरकारी स्कूलों में कंपनियों की ओर से रखे गये आईसीटी लैब इंस्ट्रक्टर का साक्षात्कार और प्रमाण पत्रों की जांच जब जेईपीसी ने किया था, तो नियुक्त इंस्ट्रक्टर आयोग्य कैसे हो गये? इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति के समय फर्जी दस्तावेजों और अपने चहेतों को इंस्ट्रक्टर बनाने के खेल में झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे पिस रहे हैं। उनका नॉलेज भी हासिल नहीं हो रहा है।

स्कूलों में नया लैब स्थापित किया गया है। इसमें 1274 प्राथमिक विद्यालय और 43 माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। वर्तमान में राज्य के कुल 35,443 स्कूलों में से मात्र 2,976 स्कूलों मेंही इंटरनेट कनेक्टिविटी सेवा उपलब्ध करायी गयी है।

## कांग्रेस के झारखंड प्रभारी जीए मीर ने कहा

# बॉटम से टॉप तक हर किसी की तय होगी जवाबदेही

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में इंडिया ब्लॉक की सीट शेयरिंग के तहत सात लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़कर दो लोकसभा सीट जीतने में सफल रही कांग्रेस पार्टी की बुधवार को मोरहाबादी के संगम गार्डन में विस्तारित कार्यसमिति की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राज्य प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, चंपई सोरेन सरकार में कांग्रेस कोटे के सभी मंत्री, विधायक, नवनिर्वाचित सांसद और हारे हुए उम्मीदवारों के साथ-साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ सभी जिलाध्यक्ष, जिला सचिव व अन्य शामिल हुए।

झारखंड कांग्रेस के प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव गुलाम अहमद मीर ने कहा कि एक तरफ भाजपा और एनडीए अबकी बार 400 पार के नारे के साथ मैदान में थी, तो हम संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे थे। हम सरकार नहीं बना सके, लेकिन संविधान बचाने की लड़ाई हम जीत गए हैं। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि झारखंड में हमारे



अलायंस ने अच्छा प्रदर्शन किया है, भले ही रिजल्ट मनोकुल नहीं रहा। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि एक हाई लेवल कमेटी बनेगी जो एक-एक लोकसभा क्षेत्र में जाकर हार की समीक्षा करेगी और 15 दिन में रिपोर्ट देगी।

**आलमगीर के इस्तीफे के बाद खाली हुई सीट पर इरफान ने की दावेदारी :** चंपई मंत्रिमंडल में आलमगीर आलम के इस्तीफे से खाली हुई सीट को लेकर उन्होंने कहा कि कौन मंत्री बनेगा इस पर फैसला भी पार्टी आलाकमान को लेना है, लेकिन उनकी भी दावेदारी इस पर है क्योंकि वह अल्पसंख्यक कोटे की सीट है। हालांकि देर शाम कांग्रेस विधायकों की बैठक सर्किट हाउस में हुई जिसमें विधायक दल के नेता कौन होंगे और कांग्रेस कोटे से कौन मंत्री बनेंगे, इस पर मंथन किया गया और इस प्रक्रिया को आलाकमान के फैसले पर छोड़ दिया गया।

## एक नजर

### सीएम से मिले सांसद सुखदेव भगत

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से बुधवार को लोहरदगा लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई दी। सांसद सुखदेव भगत ने भी सीएम के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कांग्रेस के नेता कल्पना सोरेन से मिले



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रोशन लाल भाटिया, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने रांची के कांके रोड स्थित आवास में शिष्टाचार भेंट की। अन्य नेताओं में रोशन लाल भाटिया, मंजूर अहमद अंसारी शफीक अंसारी, जिग्गा सुसारन होरो, भूषण तिर्की, अनुपमा सिंह, और सांसद सुखदेव भगत शामिल है।

### आशा लकड़ा आज करेंगी समीक्षा बैठक

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली की सदस्य डॉ आशा लकड़ा आज होटल बीएनआर चाणक्य में सुबह 10 से 11 बजे तक सीसीएल के एसटी कर्मचारी और अधिकारी संगठन के साथ बैठक करेंगी। इसके बाद 11 से दोपहर 12.30 बजे तक सीसीएल के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी। बैठक में एनसीएसटी की सचिव अलका तिवारी, निदेशक सूरत सिंह, निदेशक एसएसडब्ल्यू मिरांडा इंदुगम, सदस्य के निजी सचिव कुशेश्वर साहू, आरओ आरएस मिश्रा, वरिष्ठ अन्वेषक आकाश त्रिपाठी व जेएलआरसी नीलमणी ठाकुर उपस्थित रहेंगे।

### विकास तिर्की बनाये गये झामुमो के मीडिया सदस्य



**रांची।** झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने समाजिक कार्यकर्ता विकास तिर्की को जिला मीडिया सदस्य मनोनित किया है। अपने मनोनय पर उन्होंने कहा कि अपने पद एवं जिम्मेदारी का निर्वहन बेहतर तरीके से करेंगे और पार्टी के लिए समर्पित रहेंगे।

## सीएम ने विभागों के सचिव की उपस्थिति में उपायुक्तों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है सरकार की योजनाएं राज्य के अपेक्षित विकास में अधिकारी निभायें भूमिका : सीएम

**सरकार की योजनाओं और नीतियों को लेकर चली बैठक के मिलेंगे बेहतर परिणाम**

**सकारात्मक बदलाव लाने की प्रतिबद्धता के साथ राज्य सरकार बढ़ रही आगे**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम चंपई सोरेन ने कहा है कि राज्य में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रतिबद्धता के साथ सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री बुधवार को विभागों के प्रधान सचिव-सचिव की उपस्थिति में सभी जिलों के उपायुक्त के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह राज्य विकास के रास्ते पर कैसे आगे बढ़े, समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को सरकार की योजनाओं से कैसे जोड़ा जाए, इसमें आप अधिकारियों का अहम रोल है। आपका कार्य इस राज्य की दशा और दिशा को तय करेगा। उन्होंने कहा कि दो दिनों तक चली इस बैठक में विभिन्न योजनाओं को लेकर विस्तार से जानने समझने का मौका मिला। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बैठक के सकारात्मक परिणाम आयेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो दिनों तक चली इस बैठक में कानून और व्यवस्था से लेकर विकास योजनाओं और उसकी प्रगति पर चर्चा हुई। योजनाओं के क्रियान्वयन में क्या समस्याएं हैं, उन समस्याओं का क्या समाधान हो, योजनाएं कैसे धरातल पर उतरे, लोगों को इसका लाभ किस तरह मिले, इस पर रणनीति बनायी गयी।

### जनता की उम्मीदों को पूरा करना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार से राज्य की जनता को काफी उम्मीदें हैं जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में हमें अपनी जिम्मेदारियां को पूरी निष्ठा के साथ निभाना है। लोगों को उनका हक और अधिकार पूरे सम्मान के साथ देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और इसमें आप सभी का योगदान काफी मायने रखता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। योजनाओं का लाभ देने में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंचेए इस दिशा में पूरी ताकत के साथ काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनहित में कई नई योजनाएं शुरू होगी। ऐसे में सभी योजनाओं की टाइमलाइन तय की जाएगी। कब योजनाओं का उद्घाटन होना है और कब पूरा होना है। यह पहले से तय होगा और इसमें इसमें किसी प्रकार का विलंब बर्दाशत नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ग और तबके के हित में सरकार की योजनाएं चल रही हैं। इसमें इंफ्रास्ट्रक्कर मजबूत करने के साथ शिक्षा, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, सिंचाई, कृषि रोजगार से जुड़ी अनेकों योजनायें हैं। योजनाओं के माध्यम से लोगों का बेहतर सुविधा मुहैय्या करना सरकार की प्राथमिकता है।

उच्च स्तरीय बैठक में मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री हफीजुल हसन, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सह विकास आयुक्त अविनाश कुमार सहित सभी विभागों के प्रधान सचिव, सचिव, सभी प्रमंडलों के आयुक्त, सभी जिलों के उपायुक्त एवं अन्य पदाधिकारी थे।

### 22 से होगी 11वीं जेपीएससी सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा

**रांची।** 11वीं जेपीएससी सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा 22 जून से शुरू होगी। यह परीक्षा 24 जून तक चलेगी। जेपीएससी द्वारा पोस्ट की गई आधिकारिक सूचना डाउनलोड करने के लिए अभ्यर्थी जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यू डॉट जेपीएससी डॉ गॉभ डॉट इन पर देख सकते हैं।


**शपथ- पत्र**

मैं सुनिता देवी, पति कमलेश कुमार, उम्र लगभग 34 वर्ष, धर्म हिन्दू, पेशा-गृहणी, राष्ट्रीयता-भारतीय, वर्तमान निवासी ग्राम बी० आर० एल० कॉलोनी सेवटा, पो०-मरार, थाना- माण्डू, जिला-रामगढ़ (झारखण्ड) स्थायी निवासी ग्राम मिश्रवलिया, पो०-तिलाई, थाना-संझौली, जिला-रोहतास (बिहार) शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करती हूँ किः-

1. यह कि, भारत सरकार द्वारा निर्गत आधार कार्ड वो पैन कार्ड वो प्रधान डाकघर रामगढ़ कैन्ट के बचत खाता में मेरा नाम सुनिता देवी अंकित है।
2. यह कि, प्रधान डाकघर रामगढ़ कैन्ट द्वारा निर्गत किसान विकास पत्र में गेरा नाग सुनिता कुमारी अंकित है।
3. यह कि, सुनिता देवी एवं सुनिता कुमारी दोनों नाम एक ही महिला का है, जो मै स्वयं हूँ।
4. यह कि, उपरोक्त वर्णित कथन मेरी जानकारी में सत्य व सही है।

**AFFIDAVIT**

I, No 4289032X Nk Sunil Oraon father of Archna Oraon of presently residing at Vill : Rocho, Post: Salgi, Dist : Lohardaga, State : Jharkhancl have changed my daughter name from Archna Oraon to Archana Oraon vide affidavit No 25491 dated– 29.05.2024 before Notary Public, Lohardaga, Jharkhand.

Annexure1

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 08/2023-24

Date :-12/06/2024

2nd Call

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on Kumharbar Nala, Block- Mandu, Dist- Ramgarh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 51.674 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 18/06/2024 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 27/06/2024 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 27/06/2024 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 29/06/2024 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

ह०/–
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 326137 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-15/2024-25

Date – 10/06/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Renovation of Lal Talab at vill – Bejwali, Block – Lohardaga , Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 68.856 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 26/06/2024 at 05:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 03/07/2024 up to 05:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 03/07/2024 up to 05:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 05/07/2024 at 02:00 PM |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division,
Lohardaga.

PR 326149 Minor Irrigation(24-25)D

**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-13/2024-25

Date – 10/06/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Checkdam on Karamdaha Nala at vill – Kurse, Block – Lohardaga , Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 41.102 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 26/06/2024 at 05:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 03/07/2024 up to 05:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 03/07/2024 up to 05:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 05/07/2024 at 02:00 PM |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division,
Lohardaga.

PR 326146 Minor Irrigation(24-25)#D

**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-10/2024-25

Date – 10/06/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Checkdam on Chundi River at vill – Birni, Block – Peshrar , Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 61.537 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Month |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 25/06/2024 at 05:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 02/07/2024 up to 05:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 02/07/2024 up to 05:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 04/07/2024 at 02:00 PM |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division,
Lohardaga.

PR 326134 Minor Irrigation(24-25)#D

# लीज और नन लीज एरिया के विकास कार्यों की समीक्षा हो : सरयू राय

- विकास कार्यों में समन्वय के लिए टाटा स्टील यूआइएसएल और जेएनएसी की संयुक्त बैठक बुलायें डीसी
- विधायक सरयू राय ने डीसी अनन्य मित्तल से की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के लोकप्रिय विधायक सरयू राय ने उपायुक्त से कहा है कि जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र के अंतर्गत टाटा लीज और टाटा लीज के बाहर हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए टाटा स्टील यूआईएसएल और जमशेदपुर अक्षेस के पदाधिकारियों की एक बैठक बुलाएं ताकि लंबित विकास योजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन हो सके।

श्री राय ने कहा है कि जमशेदपुर में दो नगर पालिका कार्यरत हैं एक झारखंड सरकारी की जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र सिमति और दूसरा टाटा स्टील की टीएसयूआईएसएल। झारखंड नगरपालिका अधिनियम के अनुसार यदि जमशेदपुर शहर में कोई औद्योगिक नगर समिति बनती है तो उसकी अध्यक्षता पूर्वी सिंहभूम जिला के उपायुक्त करेंगे। पिछले कुछ समय से मैं महसूस कर रहा हूँ कि दोनों नगर पालिकाओं के बीच समन्वय में जमीन आसमान का अंतर हो गया है, जिसके कारण पेयजल, बिजली, शहर की साफ-सफाई, आवासीय क्षेत्रों के जल निकास के नालों तथा सीवरेज-ड्रेनेज को सशक्त बनाने के लिए दोनों नगर पालिकाओं के बीच समन्वित तरीके से जो कार्य होना चाहिए वह नहीं हो पा रहा है। काफी पहले तय हुआ था कि मॉनसून से पहले शहर के बड़े जल निकास नालों की सफाई कर दी जाएगी और नागरिकों के घरों से होकर बड़े नालों तक पानी ले जाने वाले नालियों को सुदृढ़ किया जाएगा, परंतु इस विषय में कोई खास प्रगति



**सरयू राय, विधायक।**

की सूचना नहीं है। यदि है तो नगर पालिकाओं को यह प्रमाण सार्वजनिक करना चाहिए। फैक्ट्री से होकर सिदगोड़ा, भुइयांडीह और लिट्टी चैक होकर स्वर्णरिखा नदी पर गिरने वाला बड़ा नाला के लिट्टी चैक से नदी तक के भाग की सफाई काफी दिनों से नहीं हो पा रही है। ऐसे ही बमामाईंस में ट्रक पार्किंग के नीचे के नाले की सफाई भी काफी दिनों से नहीं हुई है, जिस कारण आधे से एक घंटे की बारिश से ही नालों का पानी लोगों के घरों में घूस जाता है। यह स्थिति सीतारामडेरा और बारीडीह के कई इलाकों में भी है।

इसके अतिरिक्त 15वें वित्त आयोग की निधि तथा जिला योजना की निधि से होने वाली कई परियोजना अधर में लटकी हुई है। मोहरदा पेयजल आपूर्ति परियोजना के फेज 2 तथा मानगो पुल और बारीडीह, बिहारी बस्ती के बीच रिवर फ्रंट डेवलपमेंट का कार्य भी गति नहीं पकड़ रहा है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाकर नालों के गंदे पानी को नदी में गिरने के पहले साफ करने की खबरें जमशेदपुर अक्षेस और टाटा स्टील यूआईएसएल के माध्यम से विगत तीन वर्षों में आधा दर्जन से अधिक बार अखबारों में छप चुकी है परंतु योजना पर एक इंच भी कार्य शुरू नहीं हुआ है।

विधायक सरयू राय ने कहा है कि नगर पालिका क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति भी दिन पर दिन बदतर होती जा रही है। बस्तियों एवं टाटा लीज क्षेत्र के आवासीय क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा कब्जा इसका एक बड़ा कारण है। कानून व्यवस्था के नगरीय प्रशासन विभाग के विभिन्न पहलुओं के विषय में नगरपालिकाओं की भूमिका की समीक्षा भी होनी चाहिए ताकि वहाँ की जनता चोरी छिनतई से उबे बिना अमन-चैन की जिंदगी गुजार सके। नगर पालिका क्षेत्रों में जेपीएलई के मामलों में भी पक्षपातपूर्ण और चुनिंदा निर्णय हो रहा है, जिसकी समीक्षा आवश्यक है।

# अभी और जारी रहेगा लू, खूब पीयें पानी दोपहर की धूप में काम करने से बचें लोग


- सरायकेला के डीसी रवि शंकर शुक्ला ने कोल्हान वासियों को किया सतर्क

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मौसम विभाग द्वारा अगले 4 दिनों तक राज्य में कई जगहों पर भीषण हीट वेव चलने की संभावना जताई गई है। इसी के मद्देनजर सरायकेला-खरसावां के डीसी रवि शंकर द्वारा जिलेवासियों से अपने स्वास्थ्य सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की अपील की गयी है।

उन्होंने जिलावासियों से आह्वान किया कि गर्मी के मौसम में छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर लू से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि दिन में घर से बाहर निकलते समय सिर पर कपड़ा रखें। गर्मी के मौसम के चलते सूती कपड़ों का प्रयोग करें। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच शारीरिक परिश्रम से बचें। ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं। बच्चों को धूप से बचाएं, घर पर उपचार के दौरान यदि सुधार नही होता है तो संबंधित प्रभावित व्यक्ति को तुरंत अस्पताल लेकर जाएं। वाहनों के टैंक को पूरा न भरवायें।

सरायकेला के डीसी ने कहा कि दिनचर्या के दौरान कुछ सावधानियां रखने से लू के प्रकोप से बचा जा सकता है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस पाउडर और अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं। गर्मी के कारण स्वास्थ्य पर बुरा असर हो सकता है जैसे पानी की कमी, उल्टी, तेज बुखार, कमजोरी, सिरदर्द, चक्कर, हृदयघात, मस्तिष्क घात, और कार्डियोवैस्कुलर समस्याएं। लिक्विड डाइट का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें और जितना ज्यादा हो सके उतना लिक्विड डायट का प्रयोग करें जैसे नींबू पानी, गन्ने का रस, शिकंजी, नारियल पानी आदि। ध्यान दें कि शरीर में पानी की कमी ना हो।






**हिट वेव को लेकर जारी ग्राफ और सरायकेला-खरसावां के डीसी रविशंकर शुक्ला।**

## त्रिवेणी चौक से कोचाकुली व नामोटोला अग्रवाल कॉलोनी तक शीघ्र बनेगी सड़कः मंगल कालिंदी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत परसुडीह हलुदबनी नामोटोला अग्रवाल कालोनी के लोगों ने क्षेत्र के विधायक माननीय श्री मंगल कालिंदी जी को फोन के माध्यम से सम्पर्क किया एवं क्षेत्र के समस्या के बारे में अवगत कराया। क्षेत्र के लोगों ने बताया 15 साल से कोई भी जनप्रतिनिधि हमारे क्षेत्र में विकास करने नहीं आया हम लोग मूलभूत सुविधा से वंचित हैं.. विधायक ने इसे संज्ञान में लेते हुए फ्लड डिपार्टमेंट के इंजीनियर को साथ लेकर उक्त क्षेत्र पहुंचे क्षेत्र वासियों से मिले उनकी समस्या सुनी और उसके समाधान को लेकर सड़क की नापी मौके पर ही कार्रवाई। मौके पर उपस्थित सभी क्षेत्रवासियों को अस्वस्थ किया कि जल्द से जल्द डीपीआर बनवाया जाएगा और इस सड़क का निर्माण हो जायेगा। जिसमें मानिक मलिक, जितेंद्र सिंह, संतोष सिंह, शमीर, नागेन्द्र सिंह, संजय सिंह, भरत सिंह गोलु, बाबु दा, रघु, नदु, सुमित, गोरव, शंकर गगराई,सानु कालिंदी, आदि लोग उपस्थित थे।

## लू से बचने के लिए घर का बना फ्रेश खाना खायें : अदिति सिंह

- स्ट्रीट फूड खाने से बचने की सलाह, भीषण गर्मी से विषाक्त हो जाते हैं चाट
- खाद्य सुरक्षा विभाग, सरायकेला- खरसावां की अपील

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भीषण गर्मी के बीच खान पान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है बाजार, गली मुहल्ले, विद्यालयों के समीप स्थित ठेले/ खोमचे जहां चाट, गोलगप्पे, चाउमीन, समोसे एवं अन्य स्ट्रीट फूड जो काफी समय पहले बनाये जाते हैं और खुले में बिना ढक्कन के रखे जाते हैं, ऐसे भोजन कम समय में विषाक्त हो जाते हैं एवं इसे खाने से फूड पॉइजनिंग की घटनाएं हो जाती हैं। सभी लोगों से अपील है ऐसा खाना खाने से बचें। सरायकेला-खरसावां



**अदिति सिंह एक खोमचे वाले को समझाते हुए।**

जिले की खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अदिति सिंह के द्वारा खरसावां क्षेत्र के चौक स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों, महाराजा होटल, साहू होटल, साहू चाट दुकान, लस्सी स्टॉल, एवं अन्य ठेले की जांच की गयी। साहू चाट दुकान में बनाये जा रहे छोला में सिंथेटिक रंग का प्रयोग किया जा रहा था जिसे स्थल पर ही नष्ट कराया गया। रंगीन चमकदार खाद्य पदार्थ, चटक लाल ग्रेवी वाले भोजन खाने से परहेज करें। इनमें या तो सिंथेटिक रंगों का प्रयोग किया जाता है अथवा रंग की मात्रा अत्यधिक होती है जिससे कैंसर हो सकती है। ज्ञात हो कि ऐसे विषाक्त खाद्य पदार्थ बेचने वाले खाद्य कारोबारियों पर 1 से 10 लाख तक का जुर्माना एवं 6 माह से आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है।

# जमाई षष्ठी के दिन बंगाली परिवारों में दामाद जी की खूब हुई खातिरदारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुधवार को जमाई षष्ठी के रूप में मनाया जा रहा है, आज बंगाली समाज के दामाद के लिए विशेष पर्व जमाई षष्ठी है, इस दिन सासू मां की ओर से जमाई (दामाद) को नये वस्त्र एवं अच्छे-अच्छे पकवानों से खिला-पिलाकर खातिरदारी किया जाता है। साथ ही दामाद भी सासू मां के लिए नये वस्त्र, फल, मिठाई लेकर ससुराल पहुंचता है। जिसमें सासू मां की ओर से षष्ठी की पूजा करते हुए दामाद को चंदन टीका लगाकर दीर्घायु के लिए कामना करते हैं और अच्छे-अच्छे खाना बनाकर दामाद को परोसा जाता है। इसी तरह ही भारतीय मानवधिकार एसोसिएशन पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष एस एन पाल को भी इसी तरह का खातीरदारी उनके ससुराल में किया गया। बिगत 21 सालों से यह परंपरा चलते हुए आ रहा हैं। इस अवसर पर पाल दा के ससुराल में मौजूद थे संतोष कुमार (ससुर) जी श्रीमती स्वर्णमई (सास) बलाई (साला) पिंकी (सरहज) आतिश (बेटा)।





**समाजसेवी एसएन पाल को टीका लगातीं उनकी सास स्वर्णमयी और पाल दा को ससुराल में यूं परोसा गया व्यंजन।**

## मेजर जनरल बजाज से मिले घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य, किया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य कैप्टन डॉ आर के चौधरी झारखंड एवं बिहार एनसीसी के संयुक्त निदेशालय के एडिशनल डायरेक्टर जनरल, मेजर जनरल अमनदीप सिंह बजाज से बुधवार को जमशेदपुर में मिले।

जनरल बजाज 37 झारखंड बटालियन एनसीसी द्वारा एनआईटी, जमशेदपुर में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण करने आए थे। अपने इस भेंट के दौरान प्राचार्य डॉ चौधरी ने जनरल बजाज को झारखंड की संताल संस्कृति से जुड़ा धोती तथा भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर का मोमेंटो भेंट किया। इससे वे बहुत प्रभावित हुए। इस मौके पर प्राचार्य ने जनरल बजाज से ग्रामीण क्षेत्र के घाटशिला कॉलेज में एनसीसी यूनिट बढ़ाने की आवश्यकता को गंभीरता से बताया।

# नौवीं बार टीआरएफ लेबर यूनियन के अध्यक्ष बने राकेश्वर पांडेय

- वार्षिक आम सभा में सर्वसम्मति से निर्वाचन पर लगी मुहर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को टीआरएफ लेबर यूनियन की वार्षिक आमसभा कंपनी परिसर स्थित कैंटीन हॉल मैं संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता राकेश्वर पांडेय ने किया। सभा की कार्यवाही सर्वप्रथम शोक सभा के साथ शुरू हुई। अध्यक्षीय भाषण अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय के द्वारा दिया गया।

इसके उपरांत महामंत्री एम. एच. हीरामानेक के द्वारा यूनियन के माध्यम से किए गए काम का विवरण प्रस्तुत किया। उनके बाद ट्रेज़र श्री नवीन कुमार ने ऑडिट रिपोर्ट का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जिसे सभी सदस्यों ने पास किया।

इसके बाद चुनाव की कार्यवाही के लिए चुनाव पर्यवेक्षक श्री विनोद कुमार राय एवं सह पर्यवेक्षक श्री परविंदर सिंह सोहेल को मंच सौंप दिया गया। इसके बाद चुनाव पर्यवेक्षक श्री विनोद कुमार राय जी के द्वारा सभा मे कॉऑप्शन का प्रस्ताव मांगा गया इसमें हीरा मानेक ने एक्जीक्यूटिव कमेटी मेंबर के लिए श्री राकेश्वर पांडेय के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन श्री धर्मेंद्र कुमार सिन्हा जी ने किया जिसे सर्वसम्मति सभी सदस्यों ने समर्थन किया। कॉऑप्शन के बाद श्री विनोद कुमार राय जी ने अध्यक्ष पद के लिए प्रस्ताव मांगा जिसे श्री हीरामानेक ने अध्यक्ष पद के लिए श्री राकेश्वर पांडेय के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन श्री दुर्गा प्रसाद ने किया। वहां उपस्थित सभी सदस्यों ने इसका सर्वसम्मति से समर्थन किया। तत्पश्चात कार्यकारिणी के गठन के लिए सभी उपस्थित सदस्यों ने अध्यक्ष श्री राकेश पर पांडे जी को अधिकृत किया।

तदुपरांत अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों का आभार किया इसके बाद सभा की कार्यवाही समाप्त हुई। धन्यवाद ज्ञापन सहायक सचिव अंजनी कुमार के द्वारा किया गया।





**पुनः अध्यक्ष निर्वाचित होने पर फूलों मालाओं से लदे राकेश्वर पांडेय और निर्वाचन की सहमति देते सदस्य गण।**

## स्पीड न्यूज

### ओडिसा के नये सीएम से मिले अभिषेक अग्रवाल



**जमशेदपुर।** उड़ीसा सरकार के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी और उप मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और प्रभाती परिडा से आज सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष जनसंपर्क एवं कल्याण अभिषेक अग्रवाल गोल्डी ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात में गोल्डी ने मुख्यमंत्री और दोनों उप-मुख्यमंत्रियों को उनके नये दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

### ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने दी राधेश्याम को श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** बुधवार को स्वर्गीय राधे श्याम अग्रवाल की श्रद्धांजलि सभा में सामाजिक संस्था ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के लोगों ने सचिव मुख्तार आलम खान, मास्टर खुर्शीद अहमद खान, डॉ ताहिर हुसैन, रिजवानुज जमा ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी आत्म की शांति के लिए दुआ की।

### बिजली विभाग ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**चांडिल।** अनुमंडल क्षेत्र के बिजली आपूर्ति संबंधित जानकारी तथा शिकायत दर्ज कराने के लिए विभाग ने चारों प्रखंड का हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। हेल्पलाइन नंबर चांडिल विद्युत सहायक अभियंता लालजी महतो ने जारी किया है। चांडिल क्षेत्र के लिए 8434866001, कपाली 8987699226, नीमडीह 80849 71796 ईचागढ 80928 49518 कुकडू 8252504808 एवं विधुत सहायक अभियंता चांडिल 9431135940 लोग अपना मोबाईल नम्बर तथा कंज्यूमर नंबर देकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### मुखिया ने स्कूल में लिया पढ़ाई व्यवस्था का जायजा



**चांडिल।** मुखिया मनोहर सिंह सरदार ने चांडिल पंचायत स्थित राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय चांडिल के प्राचार्य मंगल सिंह मुंडा से भेंट कर शिक्षा व्यवस्था बेहतर करने को लेकर विचार विमर्श एवं चर्चा की। इस दौरान मुखिया ने नये सत्र में नामांकन का भी जायजा लिया। मुखिया ने प्रधानाध्यापक को शिक्षा के छेत्र में हर संभव सहयोग एवं सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जयनाथ सिंह, कुंज बिहारी गोप उपस्थित थे।

### तेज रफ्तार बाइक ऑटो से टकरायी, कई घायल

**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिले के कांड्रा स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर बुधवार को नशे में धुत्त एक बाईक सवार युवक द्वारा कांड्रा की ओर आ रहे एक ऑटो में ठोकर टक्कर मार दी। इस घटना में बाईक सवार युवक के साथ ऑटो चालक भी बुरी तरह घायल हो गया। इसके अलावा ऑटो में सवार कई यात्री भी घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

### सुमो में ले जा रहे मवेशी को किया जब्त, जलाया



**गम्हरिया।** गम्हरिया थाना अंतर्गत गंजिया बराज के समीप बुधवार की अहले सुबह करीब चार बजे गौ तस्करी कर ले जा रहे एक सुमो वाहन को ग्रामीणों ने धड़ दबोचा। ग्रामीणों द्वारा उक्त वाहन को रोकते ही चालक कूदकर फरार हो गया। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना गम्हरिया थाना दिये जाने के बाद पुलिस के पहुंचने से पूर्व किसी युवक द्वारा उंक्त वाहन को आग के हवाले कर दिया। इस बाबत प्राप्त जानकारी के प्रात:काल में जैसे ही सूमो गंजिया बराज पार कर रहा था, उसी समय वाहन में रखा एक मवेशी चीखने चिल्लाने लगा।

## एक नजर में

### एनएच-33 बिग बाजार के पास लगा छबील



**जमशेदपुर।** गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी दिवस को समर्पित छबील, गुरु कृपा रोडवेज के जितेंद्र सिंह रिंकू, कुलदीप कौर जी के परिवार ने हाईवे स्थित बिग बाजार के नजदीक लगायी। तपती गर्मी में राहगीरों के बीच ठंडा मीठा जल और चना बांटा गया। छबील सेवा में पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह, आगाज के संस्थापक अध्यछ इंदरजीत सिंह, सरजमदा नौजवान सभा के प्रधान जगप्रीत सिंह, संतकुटिया नौजवान सभा के मलविंदर सिंह, सी जी पी सी के अर्जुन वालिया,सुखविंदर सिंह राजू, कुलविंदर सिंह पन्नू आदि उपस्थित रहे। छबील सेवा में मोंटी मंडल, रवि तिवारी, शुभम, अमन, गोपाल शर्मा, सौरव आदी का योगदान रहा।

### हूल दिवस पर 23 को ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर



**जमशेदपुर।** बुधवार को कोल्हान जनशक्ति दौरा हूल दिवस पर 23 जून को जमशेदपुर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाने को लेकर बैठक की गयी। इसमें ज्यादा से ज्यादा रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर लोगों को खून उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया जाना ही हमारा उद्देश्य है। बैठक में सन्नी सामद, सिकंदर चम्पिया, संजू बुरुआ, रवि केराई, मनोज बिरुआ उपस्थित रहे।

### मायुमं स्टील सिटी का रक्तदान शिविर 14 को




**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा एवं रेड क्रॉस सोसाइटी जमशेदपुर विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर लगायेगा। इस विषय में मंच के शाखा अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, रेड क्रॉस सोसाईटी के महासचिव बिजय सिंह और रक्तदान संयोजक योगेश अग्रवाल ने दिनांक 12.6.24 को पोस्टर लांच किया। प्रवीण और बिजय ने जानकारी दी कि यह शिविर विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में 14 जून की सुबह 9 से लेकर शाम 4 बजे तक रेड क्रॉस सोसाईटी भवन, बागे जमशेदपुर के सामने, जुबली पार्क गेट, जमशेदपुर में लगेगा। हर साल इसी दिन यह शिविर लगाया जाता है और आगे भी लगाया जायेगा। आप सभी शहरवासियों से ये अपील है कि इस रक्तदान शिविर में आये और रक्तदान जरूर करें।

### जादूगोड़ा के सबर बच्चों बीच पहुंचा समर्पण फाउंडेशन



**जादूगोड़ा।** सुंदरनगर स्थित समर्पण फाउंडेशन ने जादूगोड़ा के सबर बच्चों के बीच शिक्षा को बढ़ावा देने को लेकर आगे आयी है। इधर, बुधवार को जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के झरिया गांव के खड़ियाकोचा के 26 सबर परिवार के बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल, बिस्कुट, चाट पेपर परिजनों के बीच कपड़े व साड़ी बांटी। मौके जादूगोड़ा की उप-मुखिया माला गुप्ता ने स्किल्ड शिक्षा के महत्व से सबर परिवार कोअवगत कराया तथा कहा कि आप अपने हक के लिए पढ़ें। सामाजिक कार्यकर्ता विभूति जेना ने सबर बच्चो के माता_ पिता को सभी बच्चो की स्कूल भेजने की नसीहत दी तथा कहा पढ़ाई की ताकत से ही जिंदगी सुधरेगी।हक के लिए पढ़ना जरूरी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समर्पण फाउंडेशन की ओर से जादूगोड़ा की उपमुखिया माला गुप्ता,विभूति जेना, चंदन सिंह,सूरज, गौतम मनीषा शर्मा, रंजू, श्रवण ने अहम योगदान दिया।

### जमात इस्लामी ने नीट टॉपर कहकशां को किया सम्मानित




**जमशेदपुर।** जमात इस्लामी हिन्द जमशेदपुर ने नीट मे शत प्रतिशत अंक लाने वाली कहकशां परवीन को आजादनगर स्थित कांफ्रेंस हाल मे मोमेंटो सोंप कर सम्मानित किया। नगर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डा आरिफा खुर्शीद मुख्यअतिथि के रूप मे उपस्थित थीं। उन्होंने अपने वक्तव्य मे कहा कि डाक्टर बनने के मार्ग पर आने वाली कठिनाइयों पर प्रकाश डाला और कहा कि डाक्टर बनना एक बड़ा चैलेंज अवश्य है पर साहस हो तो सब कुछ सरल है । ज्ञातव्य है कि बगानशाही निवासी कहकशां परवीन ने नीट मे 720 मे 720 अंक लाकर अपने कौम का नाम रौशन किया है। कहकशां के साथ तसनीम, कुलसूम, नदीम, माहरुख परवीन, रिमशा आरा को भी उनकी सफलता के लिए सम्मानित किया गया। जमात इस्लामी झारखण्ड महिला प्रकोप की प्रो अंजुम आरा कहा कि हर कठिन घड़ी में हम सब के कहकशां के साथ खड़े हैं। संचालन अमान सादिक ने किया जबकि शहनवाज कमर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर मास्टर अशफाक अनवर, तनवीर अख्तर रूमानी, खुर्शीद एकराम अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर विभिन्न सहयोगी संस्थाओं को सम्मानित करेगा रेडक्रॉस

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा पिछले 20 वर्षों से रक्तदाताओं के सम्मान में आयोजित होने वाले विश्व रक्तदाता दिवस कार्यक्रम को रेड क्रॉस भवन में 14 जून को आयोजित किया जायेगा। रक्तदाताओं के सम्मान में 20 वर्ष पूर्व इस दिवस को पहली बार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया गया था, उसी कड़ी में इस वर्ष 20 वर्ष पूरा होने पर थीम वाक्य के रूप में रक्तदान के लिए रक्तदाताओं को धन्यवाद जारी किया गया है। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा अपने सभी रक्तदान शिविरों में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं का सम्मान किया जाता है, वहीं विश्व रक्तदाता दिवस के विशेष अवसर पर रक्तदान शिविर को प्रोत्साहन देने वाले एवं रक्तदाताओं को जोड़कर रक्तदान करने वाली संस्थाओं, संस्थानों, समाजसेवियों को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस वर्ष रेड क्रॉस के साथ 71 संस्थाओं ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

**स्पीड न्यूज**

## अंबुजा सीमेंट कंपनी ठेकेदारों को देगी इंश्योरेंस का लाभ : सुमंत गोयल



**चैनपुर (पलामू)।** शाहपुर वृद्धि इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर प्रशांत कुमार के ने अडानी सीमेंट ग्रुप कंपनी अंबुजा सीमेंट का एक संयुक्त कॉन्ट्रेक्टर मीट सम्मेलन कराया। इसमें रांची से आये टेक्निकल टीम तथा पलामू के मार्केटिंग टीम मौजूद थे। वहीं इसमें चैनपुर प्रखंड के 50 कॉन्ट्रेक्टर शामिल हुए। अडानी सीमेंट रांची के टेक्निकल हेड सुमंत गोयल ने अडानी सीमेंट की गुणवत्ता पर विशेष जानकारी दी। सुमंत गोयल ने बताया कि अंबुजा सीमेंट अडानी ग्रुप का है और अडानी ग्रुप अंबुजा सीमेंट चार प्रकार की लाई हैं जिसमें सबसे बड़ा खासियत अंबुजा सीमेंट का है कि अगर अंबुजा सीमेंट से जोड़ाई या ढलाई करते हैं तो ग्राहक को कभी दूसरा सीमेंट लेने का इच्छा नहीं होगी। उन्होंने बताया कि ठेकेदार को सीमेंट देने से पहले उनका हेल्थ इंश्योरेंस करेंगे और दुर्घटना घटित इंश्योरेंस जिससे की आने वाला भविष्य में कभी किसी प्रकार की दिक्कत होंगी तो अडानी ग्रुप के तरफ से हेल्थ इंश्योरेंस और एक्सीडेंटल इंश्योरेंस का ठेकेदारो को अडानी ग्रुप के तरफ से इंश्योरेंस का लाभ मिलेगा। मौके पर टेक्निकल हेड रौशन पांडे, वृद्धि इंटरप्राइजेज प्रोपराइटर प्रशांत कुमार, सेल्स ऑफिसर इंद्रजीत दत्ता, जितेंद्र सिंह, प्रतीक कुमार, अशोक कुमार, विशाल कुमार, उमाकांत कुमार, विकास जायसवाल, अरुण कुमार, आफताब आलम सहित कई लोग मौजूद थे।

## विहिप और बजरंग दल ने राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**मेदिनीनगर।** जम्मू कश्मीर में वैष्णव देवी, कटरा से शिवखोड़ी जाते समय हिंदू श्रद्धालुओं के बस पर आतंकवादी हमला के विरोध में झारखंड विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के एक प्रतिनिधि मंडल ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त के अनुपस्थिति उनके कार्यालय सहायक को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 के हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी थी। लेकिन, लगता है उग्रवादियों का मनोबल कम नहीं हुआ है। हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं। मौके पर दामोदर मिश्र, अमित तिवारी, संदीप गुप्ता, किशोर पांडेय, गोपाल कृष्ण तिवारी, रवि तिवारी, विकास कश्यप, राजीव गोयल, रौशन मेहता, रवि भूषण दुबे, प्रेम शंकर तिवारी थे।

## डीएसई को जल्द जांच रिपोर्ट नहीं मिली तो उपायुक्त से मिलेंगे : निरंजन

**पाटन पलामू।** पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक ने नान्ही झरिया न्यू प्रावि में अवैध राशि निकासी की जांच का निर्देश पाटन बीइइओ को दिया था। इसके आलोक में पाटन बीइइओ ने स्कूल का निरीक्षण 20 दिन पूर्व किया था। जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में सौंपने को कहा गया था, लेकिन एक माह बाद भी जांच रिपोर्ट अभी तक डीएसई को नहीं सौंपी गयी। भाजपा नेता निरंजन पासवान ने बताया कि स्कूल में अवैध तरीके से राशि की निकासी गंभीर मामला है। बीइइओ और प्राचार्य मुन्ना कुमार की मिलीभगत से जांच रिपोर्ट रोक दिया गया है। इसमें दोनों का मिलीभगत उजागर है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द डीएसई को जांच रिपोर्ट नहीं सौंपा गया तो जिले के उपायुक्त से मिलकर मामले से अवगत करायेंगे।

## समाजसेवी महिला पार्वती साहू की पांचवीं पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि



**हुसैनाबाद पलामू।** जपला धरहरा स्थित नहर मोड़ पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता की माता पार्वती साहू की पांचवीं पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह,रामप्रवेश सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार व श्रवण कुमार ने पार्वती साहु की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत आत्मा को शांति और मोक्ष प्रदान करें। इस दु:ख की घड़ी में हम सब आपके साथ हैं। वहीं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि मेरी पूजनीय मां की पांचवीं पुण्यतिथि पर मैं उनको नमन और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मौके पर भाजपा जिला मंत्री संतोष सिंह, सुशील सिंह, संतोष गुप्ता, बसंत यादव, द्रोणाचार्य तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, राज अली, मोजाहिद हुसैन आदि दर्जनों लोगों ने माल्यार्पण की।

## भाजपा नेता ने की भीषण गर्मी में नियमित जलापूर्ति कराने की मांग



**मेदिनीनगर।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम ओझा ने नगर निगम आयुक्त से भीषण गर्मी में शहरवासियों को नियमित पेयजलापूर्ति कराने की मांग की है। श्री ओझा ने निगम आयुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि चियांकी पहाड़ पर लगे टंकी के मेन पाइप 5 फीट फट गया है जिसके कारण रेड़मा, बारालोटा, बड़कागांव जहां तक पानी जाता था सभी जगह पानी नहीं पहुंच सका है। उन्होंने निगम आयुक्त को फेसबुकर पर चियांकी में फटे पाईप की जानकारी दी।

## पानी के लिए हाहाकर पर जनप्रतिनिधि बहा रहे घड़ियाली आंसू: रूचिर तिवारी



**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कचहरी परिसर में प्रेस बयान जारी कर कहा कि आज मेदिनीनगर नगर निगम पानी की समस्याओं से जूझ रहा है और जनप्रतिनिधि भाजपा के विधायक सांसद भाजपा के पूर्व मेयर एवं कांग्रेस झामुमो गठबंधन की सरकार पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे जनता का सुध नहीं ले रही है। निगम क्षेत्र में 10 से अधिक तालाब थे लेकिन उस 10 तालाब में से आज दो से तीन तालाब बचा हुआ है वहीं पचासों कुआं डाल्टेनगंज शहर में था लेकिन आज उन तालाबों और कुआं का अस्तित्व ही खत्म हो गया।

# विहिप-बजरंग दल ने पाकिस्तान समर्थित इस्लामिक आतंकवाद का पुतला फूंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**




विरोध प्रदर्शन के बाद पुतला दहन करते विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के लोग।

**मेदिनीनगर।** जम्मू कश्मीर में वैष्णव देवी, कटरा से शिवखोड़ी जाते समय हिंदू श्रद्धालुओं की बस पर आतंकवादी हमला के विरोध में बुधवार को झारखंड विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के द्वारा पाकिस्तान समर्थित इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन किया गया।

बताया गया कि जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 के हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी थी। लेकिन, लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी भी कम नहीं हुआ है। हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं। विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के सम्मानित सदस्य इस कायराना कृत्य के खिलाफ काफी आक्रोशित हैं।

जम्मू में घटित इस क्रूरतम घटना के विरोध में आज देश रत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद चौक पर विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के सम्मानित सदस्यों के द्वारा इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन भी किया जायेगा। विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के सम्मानित कार्यकर्ता गीता भवन से पुतला और बैनर के साथ रोषपूर्ण प्रदर्शन करते हुए गीता भवन से देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक पहुंचे और पुतला दहन के साथ कार्यक्रम होगा।

पुतला दहन में विहिप पलामू विभाग के सह मंत्री महेंद्र नाथ, जिला उपाध्यक्ष अनामिका सिंह, मातृ शक्ति संरक्षक उमा शुक्ल, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, प्रथम उप महापौर पूर्व बजरंग दल संयोजक राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह, सह मंत्री अमित तिवारी, अधिवक्ता, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, विशेष सम्पर्क प्रमुख किशोर पाण्डेय, अधिवक्ता, जिला सेवा प्रमुख गोपाल कृष्ण तिवारी, समरसता सह प्रमुख रवि तिवारी, बलो पासना प्रमुख विकास कश्यप, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, गौ रक्षक प्रमुख भोला अग्रवाल, नगर विहिप अध्यक्ष दीपक प्रसाद, नगर संयोजक दिलीप गिरी, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, अध्यक्ष राजीव सिंह, उपाध्यक्ष सौरभ कुमार वर्मा, मंत्री रौशन मेहता, सम्मानित सदस्य रवि भूषण दुबे, प्रेम शंकर तिवारी, विनय ओझा, विवेक सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, रूपेश जी, संजीव कुमार बंटी, अभिनाश राजा, मनीष पाण्डेय, कृष्ण कुमार, समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, अकालू साव, सुनील रजक, इत्यादि सैंकड़ों कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में द्वितीय दिवस समर कैंप संपन्न

# नयी गतिविधियों से होगा बच्चों का सर्वांगीण विकास: प्राचार्य डॉ एके सिंह

- योगा, तैराकी, पेंटिंग, जुंबा डांस, संगीत, आर्ट-क्राफ्ट में बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




बच्चों की प्रतिभा को सराहते प्राचार्य और मस्ती करते ऑक्सफोर्ड स्कूल के बच्चे।

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में द्वितीय दिवस समरकैम्प हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कैम्प के द्वितीय दिवस में योगा, तैराकी, पेंटिंग, जुम्बा डांस, संगीत, आर्ट-क्राफ्ट, पाककला, फोटोबूथ, फन विद टैटू एवं स्टोरी टेलिंग इत्यादि विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रातः योगाभ्यास से छात्रों के दिन की शुरुआत हुई। अनुपयोगी वस्तुओं (रद्दी पेपर) से क्राफ्ट वर्क कराया गया। तत्पश्चात तरणताल में शताधिक छात्रों ने तैराकी की। बच्चों के लिए यह अवसर रोमांचक और हर्षयुक्त था। उसके बाद बच्चे ओ ! माई फ्रैंड गणेशा एवं जुबी-डूबी गीत पर नन्हें कदमों से थिरके। संगीत शिक्षक द्वारा आओ चले हमगीत सिखाया गया। कक्षा चौथी व पाँचवीं के छात्राओं ने पाककला में कला का विशिष्ट प्रदर्शन करते हुए झालमुड़ी एवं शीतल पेय बनाकर सबको अचंभित किया। कैम्प में इनडोर गेम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, लूडो आदि खेल में सहभागी बनकर लुफ्त उठाया। नौवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्रों को भी समर कैंप में कई गतिविधियां भी करायी गयी।

# आपसी विवाद के चलते दोस्त ने गोली मार ले ली दोस्त की जान

- चैनपुर पुलिस ने किया दो अभियुक्तों को गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मामले की जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी।

**मेदिनीनगर/चैनपुर।** थाना क्षेत्र के बंदूआ में 8 जून को शाहपुर के लक्की कुमार की हत्या कर दी गयी थी। पुलिस ने शव को बंदूआ के खोहरी गांव से बरामद कर पुलिस ने अनुसंधान शुरू कर दिया था। मृतक लक्की की माता रेखा देवी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चैनपुर थाने में हत्या का मामला दर्ज कराया था। पुलिस अधीक्षक एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश के आलोक में चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा के नेतृत्व में एक टीम गठित कर मामले का उदभेदन के लिए छापामारी की जा रहीं थीं।

वहीं चैनपुर पुलिस को सफलता भी मिली। पुलिस ने लक्की के हत्या के आरोपी रोहित कुमार पिता शिव शंकर राम कांदू मोहल्ला निवासी व पवन कुमार पिता अरुण कुमार डालटनगंज निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य दो आरोपी विक्की गुप्ता कांदू मोहल्ला व अश्वनी तिवारी रेड़मा निवासी फरार बताया जा रहे हैं जिसकी छापामारी की जा रहीं हैं। वहीं बुधवार को प्रेस वार्ता कर डीएसपी मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि लक्की की हत्या कर उसके शव को खोहरी में फेंक दिया गया था। उन्होंने बताया कि हथियार अश्वनी तिवारी का था जिस हथियार को रोहित ने मामूली विवाद में नोक झोंक के दौरान हथियार से लक्की की हत्या कर दी थीं।

## लू लगने से किशुनपुर मवि के शिक्षक की मौत



**पाटन पलामू।** किशुनपुर मध्य विद्यालय के शिक्षक बिजय राम की मौत लू लगने से हो गयी। शिक्षक विजय प्रतिदिन की तरह कल विद्यालय में पढ़ाने आये थे। विद्यालय से छुट्टी होने के बाद वे अपने घर मेराल जा रहे थे उसी क्रम में लू की चपेट में आ गये थे। जिससे ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। शिक्षक के आकस्मिक घटना से स्कूल परिवार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

# राज्य की चंपई सोरेन सरकार में किसानों का सुध लेने वाला कोई नहीं : कर्नल संजय सिंह

- किसान ब्रिगेड ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जनसंपर्क अभियान के दौरान उपस्थित लोग।

**हुसैनाबाद (पलामू)।** 19 जून को किसान ब्रिगेड के तत्वावधान में हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में होने वाले किसान महापंचायत को लेकर किसान ब्रिगेड की टीम लगातार पंचायत वाइज जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही हैं। उसी क्रम में बुधवार को किसान ब्रिगेड की टीम लोटनिया पंचायत के लोगों से मिलकर अपनी बातों को रखा। ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह ने ग्रामीणों से कहा कि यह लड़ाई आम जनों और किसानों की हैं इसलिए आप सभी को हमें सहयोग व समर्थन देने की आवश्यकता है। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के किसान विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं लेकिन उनका सुध लेने वाला कोई नहीं है। सरकार द्वारा दी जा रही 100 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ यहां के किसानों को नहीं मिल पा रहा है। किसान सर्वे में भूमि गड़बड़ी, सिंचाई की समस्या एवं सरकारी अस्पताल के लचर व्यवस्था से परेशान है भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है नवजवान बेरोजगार घूम रहे हैं। इसलिए इस गूंगी बहरी सरकार को जगाना जरूरी है। उन्होंने अपने कार्यकताओं को उत्प्रेरित किया कि तन मन धन से लगकर पंचायत में हर घर तक पहुंचने का कोशिश करें और हमारे विचारों को उन तक पहुंचायें। उन्होंने ग्रामीण जनता व किसानों से 19 जून को हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर किसान महापंचायत को सफल बनाने का आग्रह किया।

## इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन

**मेदिनीनगर।** जम्मू में घटित इस क्रूरतम घटना के विरोध में देश रत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद चौक पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों के द्वारा इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन भी किया जायेगा। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता गीता भवन से पुतला और बैनर के साथ रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। गीता भवन से देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद चौक पहुंचकर पुतला दहन के साथ प्रदर्शन किया।

## भीषण गर्मी को देखते हुए 15 तक विद्यालय बंद करने पर शिक्षा सचिव व सीएम को बधाई

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने झारखंड के मुख्यमंत्री सह शिक्षा मंत्री चंपई सोरेन, झारखंड के शिक्षा सचिव एवं परियोजना निदेशक को झारखंड के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों को 15 जून तक बंद करने के आदेश के लिए आभार व्यक्त किया है। साथ ही झारखंड के मीडिया बंधु को भी सरकार एवं शिक्षा विभाग तक भीषण गर्मी के प्रभाव को पहुंचाने के लिए आभार व्यक्त किया है।


## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सहिया की मौत



**सतबरवा पलामू।** विभागीय कार्य करने के दौरान लहलहे गांव की स्वास्थ्य सहिया मानती कुंवर की मौत मंगलवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हो गयी। सदर मेदिनीनगर प्रखंड के लहलहे गांव की स्वास्थ्य सहिया मंगलवार को अपने पुत्र के साथ बाइक से करीब 12 बजे मेदिनीनगर जा रही थी। इसी दौरान पीछे से जा रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे अपने चपेट में ले लिया था। पुत्र ने बताया कि एक प्रसव पीड़िता को वाहन में सवार कराके मेरी मां उसे सदर अस्पताल मेदिनीनगर में जांच कराने मेरे साथ बाईक पर सवार होकर पीछे से जा रही थी। इसी दौरान दुबियाखांड और सरजा गांव के बीच में अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मारकर भाग खड़ा हुआ। सड़क पर गिरने से गंभीर चोटें आई तथा वह लहुलुहान होकर अचेत हो गयी थी।

## झरिवा में खराब जलमीनार बना पंचायतों की शोभा, जल संकट से जूझ रहे हैं लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड में लगभग पंचायतो के जलमीनार शोभा की वस्तु बनकर रह गयी है। वहीं झरिवा पंचायत के झरिवा में ही जल संकट अभाव पड़ा हैं ग्रामीण पानी के लिए जूझ रहे हैं। जलमीनार बनने के बाद भी इसका उपयोग ही नहीं हो रहा है। जलमीनार बनाकर सरकारी राशि का सिर्फ दुरूपयोग किया गया। संवेदक के लापरवाही के कारण वर्तमान में कई जलमीनार झरिवा में बेकार पड़े है। कई जलमीनार खराब हो चुके हैं। कुछ जलमीनार ऐसे भी हैं, जिससे की स्थानीय लोगों को पानी नहीं मिल रहा है, कहीं बोर ड्राई है तो कहीं टंकी से पानी रिसाव हो रहा हैं। पंचायत के मुखिया जनप्रतिनिधि भी इस समस्या का समाधान कराने में अक्षम हैं। जबकि झारखंड सरकार ने पेयजल एवं स्वच्छता पर काफी मात्रा में पैसे खर्च किया हैं इसके बाद भी पंचायतों में लगे सोलर जलमीनार संवेदक की लापरवाही के अभाव में शोभा की वस्तु बन कर रह गये है। ग्रामीण ने बताया कि पीने का पानी के लिए सोलर जलमीनार ही एक मात्र सहारा था। क्योंकि बस्ती में पाइपलाइन से जलापूर्ति की सुविधा तो है लेकिन उसमें प्रेशर नहीं होने की वजह से पीने का पानी धीरे धीरे आता है।

## आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में वार्ड दो से किया गया पानी यात्रा का आगाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पानी यात्रा का आगाज आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में प्रमंडलीय मुख्यालय मेदीनीनगर के वार्ड नंबर 2 में पड़ने वाले भीषण जल संकट से पीड़ित इलाका बजरहा और पूर्णाडीह से किया गया। पानी यात्रा अंतर्गत चलाए जाने वाले हस्ताक्षर सह जन जागरण अभियान चलाया गया। पलामू के युवा भारी संख्या में पूर्णादिह और बजरहा पहुंचकर वहां पर व्याप्त भीषण पेयजल संकट को जाना और वहा के लोगो से संवाद किया। यात्रा के दौरान आशीष भारद्वाज ने कहा कि इस अभियान के तहत हम एक-एक घर तक जाएंगे और उन्हें होने वाले पेयजल संकट को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे । जब तक बदलाव नहीं आएगा तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। इस यात्रा में पलामू के युवा मजबूती के साथ खड़े है और बदलाव को लेकर प्रतिबद्ध दिखे।

# जल संकट की स्थिति के लिए पूर्व के प्रतिनिधि जिम्मेदार: झामुमो युवा मोर्चा

- पीएचडी मंत्री पर आरोप लगाने के बाद पूर्व मेयर पर हमलावर हुआ झामुमो का युवा बिग्रेड

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पत्रकारों को संबोधित करते झामुयुमो नेता।

**मेदिनीनगर।** पूर्व मेयर द्वारा झारखंड सरकार के पीएचडी मंत्री के खिलाफ बयान देने के बाद झामुमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, वरिष्ठ नेता अभिषेक सिंह और सचिव आशुतोष विनायक ने पूर्व मेयर पर कड़ा हमला किया है। झामुमो युवा मोर्चा के नेताओं ने कहा है निगम के पूर्व सत्ताधारियों को सोच समझ कर बोलना चाहिए। आज मेदिनीनगर में जो जल संकट की स्थिति बनी है इसके लिए पूर्व मेयर जिम्मेदार हैं, फिर भी अगर इनके द्वारा अनाप शनाप बयान आ रहे हैं। जल्द निगम के पूर्व सत्ताधारियों के खिलाफ झामुमो युवा मोर्चा आंदोलन करेगा और उनके सच्चाई जनता के बीच बताएगा। वरिष्ठ नेता अभिषेक सिंह ने कहा कि भाजपा की पूर्व मेयर और स्वघोषित नगर माता को बताना चाहिए कि उन्होंने मेदिनीनगर के पेयजल समस्या को दूर करने के लिए क्या-क्या किया है? अगर भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने कुछ भी किया होता तो आज पलामू में घोर जलसंकट नहीं होता। भाजपा ने तो मंडल डैम का उद्घाटन कर दिया है, ये दावा करते हैं कि हर घर में नल से जल मिल रहा है। जब पूर्व मेयर सत्ता में थीं तो उन्होंने निगम के पेयजल की समस्या दूर करने के लिए कुछ नहीं किया है। निगम के सारा पैसा का सिर्फ बंदरबांट हुआ है, जिसका खामियाजा मेदिनीनगर की जनता को भुगतना पड़ रहा है। शहर की महिलाओं को टैंकर के पीछे दौड़ने को मजबूर करने के अलावा स्वघोषित नगर माता ने कुछ नहीं किया है। इन्होंने विकास और सुंदरता के नाम पर सड़कों पर मौत का डिवाइडर बनाया है जिसके वजह है कई परिवारों ने अपनों को खोया है।

# केल्हार में चहारदीवारी कर नाली भरने से घर के पानी का नहीं हो रहा निकासी

- बरसात के पूर्व नाली के पानी का निकासी नहीं किया गया तो दो सौ घर पानी से डूब जायेंगे, आवागमन होगा बंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम केल्हार में 50 साल पुरानी नाली को भरकर बंद करने से करीब दो सौ लोगों के घरों का पानी निकासी अवरूद्ध हो गया है। मालूम हो कि ग्रामीणों के घरों का गंदा पानी नाली से फुलेंद्र सिंह के खाली जमीन से होते हुए ओडवा नदी में बहता है। जटाधारी प्रजापति ने फुलेंद्र सिंह से जमीन खरीदकर चारदीवारी निर्माण कर दिया। इतना ही नहीं नाली को भरकर बंद कर दिया गया। इससे केल्हार गांव के घर का पानी निकासी नहीं हो पा रहा है।

इससे ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। नाली का पानी निकासी नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भय बना है कि गंदगी से बीमारी बढ़ेगा। ग्रामीणों ने जटाधारी प्रजापति के बेटे भजू प्रजापति से नाली के पानी का रास्ता खोलने को कहा तो उसने इंकार कर दिया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी मुखिया को दी। मुखिया द्वारा कोई पहल नहीं किया गया है। ग्रामीणों की समस्या यथावत है। नाली का पानी रोड पर भर जा रहा है इससे स्कूल जानेवाले बच्चों व ग्रामीणों को गंदापानी से होकर जाना पड़ रहा है। ग्रामीण प्रिंस सिंह, राकेश कुमार, राजा राम, छोटू, दिलीप, रिकी साहु, राकेश, पंकज, लक्की, राजा, पंकज वर्मा, सोनू यादव, बिरजू प्रजापति व कामेश्वर राम ने कहा कि बरसात के पूर्व अगर नाली के पानी का निकासी व्यवस्था नहीं की गयी तो लगभग दो सौ घर पानी से डूब जायेंगे।

# साहिबगंज : सदर अस्पताल की चरमराई विधि व्यवस्था, शासन और प्रशासन मौन

खबर मन्त्र संवाददाता




**साहिबगंज।** सदर अस्पताल का ताजा मामला तब सामने आया जब पानी के लिए पानी कैंट के पास कतार में खड़े लोग ने नाराजगी जताई। इतनी गर्मी व तेज धूप से लोगों का जीना हुआ बेहाल। एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे मरीज व मरीज के परिजन। पानी के लिए कतार में लगे हैं परीजन फिर भी नहीं मिल रहा सदर अस्पताल में पानी।

जबकि सदर अस्पताल में एक चापाकल 5/6 पानी कैंट लगा हुआ है फिर भी पानी की घोर किलत कहीं ना कहीं सवाल निशान खड़ा कर रहा है। तीन पहाड़ से आई मंजू दत्त ने बताया कि मैं पिछले 5 दिनों से सदर अस्पताल में अपने मरीज को लेकर एडमिट हूं और यहां पर पीने का पानी का घोर किल्लत हो रहा है। वहीं सदर अस्पताल में बाथरूम जाने के लिए भी पानी नहीं है। तालझरी से आए एक मरीज के परिजन ने बताया कि पूरे अस्पताल परिसर में एक चापाकल है उससे भी गंदा पानी आ रहा है। वहीं दूसरी और पीने का पानी का कोई व्यवस्था नहीं है।

सरकार को इस और ध्यान देने की जरूरत है। क्योंकि यहां हजारों के संख्या में लोग मरीज को लेकर इलाज करने के लिए आते हैं। बरहेट से आए मरीज के परिजन वसीम ने बताया कि इस गर्मी में अगर पानी नहीं मिलेगा तो लोग ऐसे ही मरीज बन जाएंगे पानी की व्यवस्था अस्पताल में जल्द से जल्द कराया जाए। महादेवगंज से आए अजय यादव ने भी अस्पताल प्रबंधन पर सवाल उठाया है उन्होंने कहा पीने की पानी की व्यवस्था जल्द से जल्द कराया जाए ताकि यहां आने वाले मरीज और मरीज के परिजनों को दिक्कत ना हो। कारण है की सभी के पास पैसा नहीं रहता जो खरीद कर पानी पी सके। वही एक मरीज के परिजन ने तो यह भी कहा कि यहां पर विधायक को ध्यान देना चाहिए।

# भीषण गर्मी मे पानी के लिये तरस रहे है पेटरवार के ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/तेनुघाट।** पेटरवार प्रखंड के विभिन्न टोलो के ग्रामीण आज भी जनप्रतिनिधियों एवं पेयजल विभाग के अधिकारियों के उदासीनता के कारण पानी के लिए काफी जहोद्दत करती दिखाई पड़ रही है। विडंबना यह है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा हर घर नल जल योजना के तहत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर योजनाएं संचालित की गई थी। लेकिन आज भी संवेदक, पी एच ई डी के पदाधिकारियों के कारण ये नल-जल योजना हांथी के दांत बनकर रह गए है। या ये कहे की पदाधिकारी चाहते ही नहीं की इस योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिले. वहीं पानी की समस्या को लेकर क्या बोलते है ग्रामीण :---

जवाहर लाल महथा :- जवाहर लाल महथा ने बताया की चालीस-पचास साल से यहां रह रहे है लेकिन सरकार के द्वारा आज तक पानी की सुविधा नहीं की गई। सांसद, विधायक के कहने के बाद पानी की पाईप तो बिछ गई लेकिन पदाधिकारी अभी तक पानी की समस्या से निदान नहीं कर सके। जब ऊपर से किसी नेता का दबाव आता है तो नींद खुलती है। वही मनोज जायसवाल ने बताया की एक चापाकल पर लगभग दो से ढाई सौ लोग पानी के लिए निर्भर है उसमे भी चापाकल बार-बार इयर ले लेता है। पानी के लिए लोगो को घंटो इंतजार करना पड़ता है। लेकिन कोई भी पदाधिकारी हम लोगो का सुध लेने वाला नहीं है। जबकि प्रकाश साहू ने बताया की पानी लाने मे बहुत ही दिक्कत होता है। एक चापाकल है जो बार-बार इयर ले लेता है।

# बोकारो : बीएसएल में एक नये सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से जून 2024 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से लर्निंग एंड डेवलपमेंट विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन जीएम एचआर-सेवाएं सोनी कुमारी के नेतृत्व में किया गया। आरम्भ में प्रबंधक कल्पना ने सभी का स्वागत करते हुए नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। मेडिकल ऑफिसर डॉ जया लक्ष्मी और योग विशेषज्ञ कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा दीपशिखा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी एवं एक्सिस बैंक के सुनील कुमार तथा उनके टीम के लोगों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनो को धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में बताया। एसीटी संगीता कुमारी ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। समापन प्रबंधक कल्पना के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

## स्पीड न्यूज

### सीसीएल कथारा जीएम बने संजय कुमार



बेरमो। सीसीएल मुख्यालय द्वारा बोकारो जिला के कथारा महाप्रबंधक डीके गुप्ता का स्थानांतरण कर दिया गया हैं। उनके स्थान पर कथारा क्षेत्र का महाप्रबंधक संजय कुमार को बनाया गया है। सीसीएल मुख्यालय रांची द्वारा 11 जून को जारी कार्यालय आदेश द्वारा पिपरवार क्षेत्र के जीएम ऑपरेशन रंजय सिन्हा को ढोरी क्षेत्र का जीएम तथा सीसीएल मुख्यालय क्वालिटी मैंनेजमेंट के महाप्रबंधक संजय कुमार को कथारा क्षेत्र का महाप्रबंधक बनाया गया हैं। जबकि कथारा जीएम डीके गुप्ता का स्थानांतरण मुख्यालय जीएम क्वालिटी मैंनेजमेंट विभाग में कर दिया गया है। सीसीएल मुख्यालय रांची के प्रबंधक कार्मिक-ईई अविराज शेखर द्वारा प्रेषित कार्यालय आदेश के अनुसार स्थानांतरित महाप्रबंधको को जारी पत्र के 15 दिन के भीतर नये पद पर योगदान देना है।

### साहिबगंज : देसी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार



साहिबगंज। मामला जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र का है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति बस स्टैंड के पास चोरी छीनतई करने के उद्देश्य से हथियार लेकर घूम रहा है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना प्रभारी अपने दलबल के साथ पहुंचे जैसे ही गश्ती पुलिस वहां पहुंची तो एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिससे सशस्त्र बल के द्वारा दीप हॉस्पिटल के पास से खदेड़ कर पकड़ा गया उक्त व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम मोहम्मद अबूबकर उर्फ सोनू बताया जो की गेराबाड़ी हटिया थाना जिरवाबाड़ी जिला साहिबगंज का रहने वाला है। जब उनका विधिवत तलाशी लिया गया तो बाय कमर से एक लोहे का देसी कट्टा बरामद किया गया। छापेमारी में थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडे पुअनि बंटी यादव आरक्षी दिनेश कुमार आरक्षी शिवकुमार चालक गिरी रक्षक मनोज कुमार मौजूद थे।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनायें: बीडीओ



बोकारो/कसमार। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण लाभुकों के हित में संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रखंड मुख्यालय में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अबुआ आवास योजना से लेकर पीएम आवास योजना सहित अन्य योजनाओं में आधार का बैंक खाता से मैपिंग नहीं होने के कारण वंचित लाभुकों का खाता आधार से जोड़ा गया। पहले दिन पोंडा पंचायत के लाभुकों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का काम किया गया। मौके पर बीडीओ अनिल कुमार महतो सीओ सुरेश कुमार सिन्हा बीपीओ मोहित कुमार रोजगार सेवक पद्मलोचन गोराई दुलाल सिंह दशरथ वेदिया भीम साव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# फुसरो बाजार में फिर अपराधियों ने ज्वेलरी दुकान पर चलाई गोली

## मालिक को मारने की नीयत से चलाई गई गोली, आक्रोशित दुकानदारों ने किया सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बेरमो थाना अंतर्गत फुसरो बाजार के सबसे भीड़ - भाड़ वाले क्षेत्र स्टेट बैंक के समीप ज्ञान ज्वेलरी दुकान पर अपराधियों ने गोली चलकर फरार हो गए। इस घटना के बाद व्यवसायी दहशत में हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार की सुबह करीब दस बजे ज्ञान ज्वेलरी मालिक ज्ञान बर्मा ने अपनी दुकान खोली, वैसे ही बाइक पर सवार दो अज्ञात अपराधी फायरिंग कर दी। फायरिंग से दूकान का शीशा टूट गया है। फायरिंग की घटना सुनते ही आसपास के दुकानदार पहुंच गए। फायरिंग की घटना के बाद फुसरो बाजार के सभी दुकानदारों ने अपनी-अपनी दूकानों को बंद कर दी है। दुकानदार दहशत में हैं और गुस्से में भी हैं। पूरी घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। खबर मिलते ही घटनास्थल पर बेरमो पुलिस के सभी अधिकारी पहुंच गए और जांच पडताल मे जुट गए। घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग और व्यवसायियों के सुरक्षा की मांग पर अड़े हैं। एक महीने के अंदर दूसरी बार दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद युवा व्यवसाई संघ फुसरो और बेरमो चेम्बर ऑफ कॉमर्स समेत सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने मौके पर पहुंचकर झारखंड सरकार व पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आक्रोशित दुकानदारों ने दुकान बंद कर निर्मल महतो चौक फुसरो मे सड़क जाम कर दिया। सूचना पाकर बेरमो डीएसपी बीएन सिंह घटनास्थल पहुंचे और उन्होने मामले की छानबीन शुरू कर दी। उन्होने व्यवसायियो को अपराध कर्मियो को पकड़ लेने का आश्वासन दिया और जाम हटाने का आग्रह किया। उनकी बातो से व्यवसाई लोग संतुष्ट नही हुए और सड़क जाम जारी रखा। इसके साथ पुलिस टीमों ने घटना की फुटेज लेकर अपराध कर्मियो की तलाश शुरू कर दी है। यह घटना इस मायने में भी हैरान करने वाली है कि घटनास्थल से 400 मीटर दूरी पर बेरमो थाना है। इसके बावजूद अपराध कर्मी वारदात को अंजाम देकर भागने में सफल हुए।

## बेरमो विधायक व यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष सीसीएल सीएमडी से मिले

# लंबित समस्यायें समय सीमा में निपटाया जायें: अनूप

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल दरभंगा हाउस रांची में सीएमडी के कार्यालय कक्ष में बेरमो के विधायक व यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह सीसीएल के सीएमडी से मिले। अपने तथा अपने संगठन की ओर से सीसीएल सीएमडी को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामना दी।साथ ही वर्तमान में सीसीएल में कार्यरत श्रमिकों की समस्या तथा कोलियरी के विस्तारीकरण के ऊपर विस्तार से चर्चा की। जिसमें पिछरी कोलियरी को चालू करने अमलो तथा कारों परियोजना का विस्तारित करण जारंगडीह परियोजना तथा कथारा कोलियरी को विभागीय उत्खनन कार्य को प्राथमिकता देने बंद खदान से पानी की निकासी करने बेरमो कोयलांचल में अग्निशामक सेवा बहाल करने, लंबी अनुपस्थिति के आरोप में बर्खास्त कर्मियों को पुनः बहाल करने आदि मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। सीसीएल सीएमडी ने कहा मजदूर का वेलफेयर प्राथमिकता है। सुरक्षित तथा गुणवत्ता युक्त उत्पादन लक्ष्य के अनुरूप करने का प्रयास होगा। यूनियन का सकारात्मक सहयोग प्रबंधन को चाहिए। सीसीएल प्रबंधन सामूहिक दायित्व के तहत वेलफेयर कार्य को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करेगी। अनुशासन और अनुशासित लोग मेरी प्राथमिकता है। कार्य के प्रति अपनी-अपने जवाब देही हर लोगों को बखूबी निर्वाह करना है। जिससे हम लोग अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। समस्याओं के प्रति गंभीर पहल के साथ समस्या निराकरण को लेकर अपनी बात को रखें। जल्द ही जिन क्षेत्रों में अल्प समय में अभी तक दौरा संभव नहीं हो पाया है बहुत जल्द क्षेत्र का निरीक्षण करने का कार्य करूंगा। सभी लोगों को मिलजुल कर कंपनी के विकास में सहायक सिद्ध होना है। और हम सब अपने-अपने कर्तव्य का निर्वाह निष्ठा के साथ करें। शिष्टाचार मुलाकात में सभी समस्याओं से अवगत कराते हुए समय सीमा के साथ समस्याओं को हल करने का विधायक ने बात कही। विधायक के साथ सीसीएल रीजनल कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष महेंद्र विश्वकर्मा सीसीएल सचिव अजय कुमार सिंह सीसीएल संगठन सचिव विल्सन फ्रांसिस मुख्यालय सचिव धर्मेंद्र गोस्वामी सुजीत मिश्रा कांग्रेस अध्यक्ष विजय यादव सिकंदर सिंह व अन्य शामिल थे।

## दो पक्षों में हुई मारपीट में पत्रकार व उसके परिजन घायल

बेरमो। कथारा ओपी क्षेत्र के चार नंबर कॉलोनी में 11 जून की दोपहर दो पक्षों में जमकर मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में स्थानीय एक पत्रकार बताया जा रहा है। घायलों का इलाज सीसीएल के कथारा क्षेत्रीय अस्पताल में चल रहा है, जिसमें गंभीर रूप से एक घायल को बोकारो रेफर कर दिया गया है। दोनों पक्षों द्वारा स्थानीय थाना में मामला दर्ज करने की बात कही गई, लेकिन समाचार प्रेषण तक किसी भी पक्ष द्वारा आवेदन नहीं दिए जाने की सूचना है। घटना का मूल कारण पूर्व में पत्थर बाजी, सीसीटीवी कैमरे की चोरी की घटना तथा आवास को लेकर बताया जा रहा है। इस संबंध में स्थानीय पत्रकार राजेश मिश्रा ने 11 जून को इलाज के क्रम में बताया कि पड़ोसी मुकेश गिरी तथा लकी सिंह सहित उनके परिजन द्वारा मारपीट कर उनके भाई मुकेश मिश्रा को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।

# बोकारो स्टील प्लांट को मिला कलिंगा पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक संकार्य के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी को बोकारो स्टील प्लांट द्वारा जीता गया पर्यावरण उत्कृष्टता श्रेणी में प्रतिष्ठित कलिंगा पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन तथा अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद ने मुख्य महाप्रबंधक गण तथा संयंत्र के वरीय अधिशासी के उपस्थिति में समर्पित किया। पुरस्कार समारोह 8 जून को भुवनेश्वर में इंस्टीट्यूट ऑफ क्वालिटी की ओर से आयोजित किया गया था। 15 मई को सार्वजनिक उद्यम हैदराबाद और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ओडिशा के ईसीएस विभाग के जूरी सदस्यों के सामने एजीएम पर्यावरण नितेश रंजन द्वारा प्रस्तुति दी गई और जूरी के सदस्यों द्वारा उठाए गए सभी प्रश्नों का सटीक समाधान जीएम पर्यावरण एनपी श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की देवेंद्र राम की अध्यक्षता में जनवृत्त 4 स्थित मजदूर मैदान में संपन्न बैठक में मजदूरों की मेडिकल जांच से हो रही परेशानियों की चर्चा करते हुए प्रबंधन की इस कार्यवाही का विरोध किया गया। संघ की संयुक्त महामंत्री आशा देवी ने कहा कि मजदूरों के शोषण के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जाएगा। बैठक का संचालन नवीन सिंह ने किया। बैठक में विभिन्न सेक्टरों में कमेटी के विस्तारीकरण एवं अलग अलग सेक्टरों की एक प्रबंधन कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को गंगेश पाठक सहित सुरेश राय सिंह, ब्रह्म दास देवेंद्र कुमार, श्याम कुमार, श्रवण कुमार झा,अनिल कुमार मिश्रा, पूजा झा, मंजु सिंह, लक्ष्मी देवी मिथिलेश पाल सिंह, विनोद वर्मा, आनंद लोहरा, आशा मीनाक्षी सिंह आदि ने संबोधित किया।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला
mail-rdsdgumla123@gmail.com

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/01/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | गुमला जिला के भरनो प्रखण्ड में तुरिअम्बा पंचायत के ग्राम खरतंगा (लोधमा) से कमलपुर (हेठटोली) को जोड़ने वाली (भाग–2) कंष नदी पर पुल निर्माण। | 3,69,97,600.00 | 7,40,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.06.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.06.2024 से दिनांक 29.06.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 02.07.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709875092 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

PR 326182 Rural Development(24-25).D



ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०–2 धुर्वा, रॉची।

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/08/2024-25 दिनांक– 12/06/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | हजारीबाग स्थित जिला मत्स्य कार्यालय परिसर एवं झील मत्स्य बीज प्रक्षेत्र परिसर मे 3 अदद् 12 मीटर के हाईमास्ट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 16,63,554-00 | 5,000-00 | 33,500-00 | 28 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 19.06.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 20.06.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 27.06.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 28.06.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR.NO.326170 Energy(24-25):D



जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़
द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालत
(दिनांक 29'वीं जून, 2024 दिन शनिवार प्रातः 7:30 बज से दोपहर 12:00 बजे तक)

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा दिनांक 29.06.2024 को 7:30 बजे से विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भूमि और राजस्व मामले (Land and Revenue Cases) का निस्तारण किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत में सुलह हेतु पूर्व बैठक का आयोजन दिनांक 24.06.2024 से 28.06.2024 तक व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में किया जाएगा।

अतः आप सभी आमजनों से निवेदन है कि आप सभी अपने–अपने वादों का निस्तारण विशेष लोक अदालत में करायें एवं इस अवसर का लाभ उठायें।

निष्पादन होने योग्य वाद :
Pending cases in the Courts
1. भूमि और राजस्व मामले (Land and Revenue Cases)
अतः उक्त तिथि को विशेष लोक अदालत में अपने वाद का निपटारा सुलह के आधार पर करें।

अधो0/–
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़

PR 326164 District(24-25).D



कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा संख्या:- 12/2023-24/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-10.06.2024
कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 3. | RWD/KODERMA/17/2023-24 | झरनाकुण्ड धाम से तिलैया बस्ती तक निर्माण कार्य (लं0–4.700 कि0मी0) | 3,56,71,000/- | तीन करोड़ छप्पन लाख एकहतर हजार रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–15.06.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–04.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–06.07.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933/06534-297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

PR 326073 Rural Work Department(24-25)#D

# भारत फिसड्डी

भारत में महिलाओं और पुरुषों के बीच लैंगिक असमानता (जेंडर गैप) की खाईं और बढ़ती जा रही है। 12 जून को विश्व आर्थिक मंच ने वैश्विक लैंगिक अंतर सूचकांक के आंकड़े जारी किए। 146 देशों की लिस्ट में भारत दो अंक पिछड़कर 129वें स्थान पर आ गया है। दक्षिण एशिया की बात की जाए तो पाकिस्तान ने सबसे खराब प्रदर्शन दिखाया, जबकि बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और भूटान भारत से आगे रहे। भारत आर्थिक लैंगिक समानता के सबसे निचले स्तर वाले देशों में शामिल है। भारत की आर्थिक समानता 39.8 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि भारत में अगर पुरुष उसी काम के लिए 100 रुपये कमाते हैं तो महिलाएं औसतन हर 39.8 रुपये कमाती हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 140 करोड़ से अधिक की आबादी वाले भारत का 2024 में लैंगिक अंतर 64.1 प्रतिशत रहा। जबकि भारत की आर्थिक समानता का स्कोर सुधर रहा है, इसे 2012 के 46 प्रतिशत के स्तर पर लौटने के लिए 6.2 प्रतिशत अंकों की बढ़ोतरी की जरूरत है। बांग्लादेश की आर्थिक लैंगिक समानता सबसे निचले स्तर- 31.1 प्रतिशत है। इन दो देशों के अलावा, सूडान में 33.7 प्रतिशत, ईरान में 34.3 प्रतिशत, पाकिस्तान में 36 प्रतिशत और मोरक्को में 40.6 प्रतिशत की आर्थिक लैंगिक समानता देखी गई। आइसलैंड इस साल की लिस्ट में दुनिया का सबसे अच्छा देश रहा। फिनलैंड और नॉर्वे इसके बाद की रैंक पर रहे। यूनाइटेड किंगडम 14वीं रैंक पर, डेनमार्क 15वीं रैंक पर, दक्षिण अफ्रीका 18वीं रैक पर रहा। वहीं, अमेरिका 43वें, इटली 87वें, इजराइल 91वें, साउथ कोरिया 94वें और बांग्लादेश 99वें स्थान पर रहा। इस सूचकांक में दुर्भाग्य से भारत बांग्लादेश से भी पीछे है।

# ठिठकता मानसून

देश में मानसून की बारिश ने पश्चिमी इलाकों में समय से पहले पहुंचने के बाद रफ्तार कम कर दी है, और उत्तरी और मध्य प्रदेशों में इसकी शुरूआत में देरी हो सकती है, जिससे अनाज उगाने वाले मैदानी इलाकों में गर्मी की लहर बढ़ सकती है। दो वरिष्ठ मौसम अधिकारियों ने रॉयटर्स को यह जानकारी दी।गर्मियों की बारिश, जो कि एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण है, आमतौर पर 1 जून के आसपास दक्षिण में शुरू होती है और 8 जुलाई तक पूरे देश में फैल जाती है, जिससे किसान चावल, कपास, सोयाबीन और गन्ना जैसी फसलें लगा सकते हैं। महाराष्ट्र पहुंचने के बाद मानसून धीमा हो गया है और रफ्तार पकड़ने में एक सप्ताह लग सकता है। राजधानी मुंबई वाले पश्चिमी राज्य में लगभग दो दिन पहले समय से पहले पहुंच गया था, लेकिन मध्य और उत्तरी राज्यों में इसकी प्रगति में कुछ दिनों की देरी होगी। भारत की लगभग साढ़े तीन खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले मानसून से देश को लगभग 70 प्रतिशत बारिश मिलती है, जिसकी खेतों को सींचने और तालाबों और नहरों को भरने के लिए जरूरत होती है। सिंचाई की कमी के कारण, दुनिया के दूसरे सबसे बड़े चावल, गेहूं और चीनी उत्पादक देश भारत के लगभग आधे खेत जुलाई से सितंबर तक चलने वाली इस सालाना बारिश पर निर्भर करते हैं। अगले दो हफ्तों में उत्तर प्रदेश, बिहार,झारखंड पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और ओडिशा जैसे भारत के उत्तरी और पूर्वी राज्यों में लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग के आंकड़े बताते हैं कि लू से जल्द राहत मिलने की संभावना नहीं है। मानसून की प्रगति में देरी से उत्तरी मैदानों में तापमान बढ़ा रहेगा।

# रियासी के इस्लामी आतंकवादी हमले पर क्यों है चुप्पी ?




**इस्लामिक** आतंकवाद का अकसर यह कहकर बचाव करते देखा जाता है कि आतंक का कोई मत, पंथ, रिलीजन, मजहब और धर्म नहीं होता। आतंक तो आतंक होता है, किंतु वास्तव में भारत एवं दुनिया के संदर्भ में जिस तरह की लगातार आतंकी घटनाएं एक खास वर्ग विशेष इस्लाम को मानने वाले मुसलमानों द्वारा घटित की जा रही हैं, वह बार-बार यही इंगित करती है कि आतंक का न सिर्फ विशेष मजहब होता है, बल्कि आतंकवाद एक विशेष उद्देश्य से और पूरी दुनिया को सिर्फ एक ही रास्ते पर चलाने की मंशा से जारी है। निश्चित ही इससे जुड़ी भविष्य की कल्पना बहुत डरावनी है।

पहले इस्लाम के नाम पर भारत का विभाजन किया गया, अपनी जनसंख्या की तुलना में शेष भारत से अधिकांश भूमि एवं अन्य व्यवस्थाएं जुटाई गईं, फिर चुन-चुन कर नए इस्लामिक गणराज्य में गैर मुसलमानों को निशाना बनाया गया जो अब भी (पाकिस्तान-बांग्लादेश में) जारी है। वस्तुतः यह प्रश्न आज सभी के सोचने के लिए हैं, कि आखिर सभी को मुसलमान बना देने या बात नहीं मानने वालों को मौत के घाट उतार देने की जिद क्यों इन आतंकियों और इस तरह की जिहादी मानसिकता रखनेवाले मुसलमानों ने पाल रखी है? यह इस्लाम लोगों को डराकर उनकी जान लेकर किस मानवता का भला कर रहा है?

जम्मू-कश्मीर में हिंदू श्रद्धालुओं पर इस्लामी आतंकियों ने जो हमला किया और उसके लिए जिस दिन का चुनाव किया, हम सभी जानते हैं कि वह नरेन्द्र मोदी द्वारा तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करनेवाला था। आखिर; यह क्या संकेत करता है ? यह हमला किसको डराने के लिए है और किसको मैसेज देने के लिए हुआ? देखा जाए तो इन तमाम प्रश्नों का जो एक उत्तर है वह है, आतंकवादी मुसलमान भारत सरकार एवं यहां रह रहे बहुसंख्यक हिन्दू समाज के लिए खुला संदेश दे रहे हैं, हम जो चाहें, जहां चाहें, जैसा चाहें वैसा, इस भारत में कहीं भी 'कांड' कर सकते हैं । आप अपनी सशक्त सत्ता का कितना भी दम भरें, इससे (आतंकवादियों को) कोई फर्क नहीं पड़ता, हम अपने मंसूबों को जब चाहे तब कामयाब कर सकते हैं।

इस हमले में आप देखिए, कैसे नन्हे गोद लिए बच्चों तक को नहीं बख्शा गया और उन पर भी चारों ओर से गोली बरसाई गईं।



- डॉ मयंक

> इस हमले में आप देखिए, कैसे नन्हे गोद लिए बच्चों तक को नहीं बख्शा गया और उन पर भी चारों ओर से गोली बरसाई गईं। आज बच्चों की मौत और उनके घायल होने की तस्वीरें हर संवेदनशील भारतीय को रुला रही हैं। ऐसे में तथाकथित मानवता के समर्थकों से यह जरूर पूछा जाना चाहिए कि इजराइल को लेकर गाजा पट्टी के रफाह शहर पर दुनिया भर में चीत्कार मचानेवाली तथाकथित सेक्युलर जमात अब जम्मू-कश्मीर के रियासी हमले पर बहुत ही बेशर्मी के साथ चुप्पी साधे क्यों बैठी है?

आज बच्चों की मौत और उनके घायल होने की तस्वीरें हर संवेदनशील भारतीय को रुला रही हैं। ऐसे में तथाकथित मानवता के समर्थकों से यह जरूर पूछा जाना चाहिए कि इजराइल को लेकर गाजा पट्टी के रफाह शहर पर दुनिया भर में चीत्कार मचानेवाली तथाकथित सेक्युलर जमात अब जम्मू-कश्मीर के रियासी हमले पर बहुत ही बेशर्मी के साथ चुप्पी साधे क्यों बैठी है? यहां खुलेआम इस्लामिक आतंकवादी हिन्दुओं को योजना से अपना निशाना बना रहे हैं, उनके लिए यह सेलिब्रिटी, तथाकथित धर्मनिरपेक्षता के ठेकेदार, इंटरनेशनल एनजीओ, मानवाधिकार संगठन अपने मुंह मे दही जमाए नजर आते हैं। आखिर यह मानवता के साथ कैसा दोगलापन है?

जम्मू-कश्मीर में शिवखोड़ी दर्शन करके कटरा लौट रहे श्रद्धालुओं पर रियासी में हुए हमले ने आज कई परिवारों को उजाड़ दिया है। हमले में कुछ लोगों ने अपने घर के सदस्यों को खोया तो कुछ के अपने पूरे परिवार ही उजड़ गए। एक परिवार के चार सदस्य मारे गए हैं, जिसमें कि मुस्लिम आतंकियों ने दो साल के बालक को भी मार दिया। ये परिवार जयपुर से था। इसी तरह बलरामपुर के रहनेवाले बंशी वर्मा मजदूरी करके घर खर्च चलाने वाले वह व्यक्ति हैं, उनका परिवार भी अयोध्या में भगवान श्रीराम लला के दर्शन के बाद जम्मू-कश्मीर, माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गया था । इस हमले में उनके परिवार समेत एक अन्य परिवार के सदस्यों ने भी आतंकी हमले में अपने परिजनों को खो दिया है।

इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के गोंडा और गोरखपुर जिले से लोग दर्शन करने गए थे जो घायल हुए हैं और हमले के चश्मदीद हैं, उन्होंने अपने को जिंदा रखने के लिए क्या किया, सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कल्पना करने मात्र से लगता है कि वह समय कितना विकट रहा होगा, जब स्वयं को जिंदा रखने की चुनौती आतंकवादियों की चारों ओर से बरस रहीं गोलियों के बीच इनके सामने थी। यह बता रहे हैं कि जब आतंकियों ने नकाब पहनकर पूरी बस पर ताबड़तोड़ गोलियां दागीं और उसके बाद जब बस खाई में गिर गई तब भी इन आतंकियों ने गोलियां दागना बंद नहीं किया था, ताकि कोई श्रद्धालु जिंदा न बचे । ऐसे में कई लोग बुरी तरह से घायल होने के बाद भी खुद को लाश जैसे दशार्ते रहे, जिससे कि इन इस्लामिक आतंकवादियों को यह विश्वास हो जाए कि बस में सवार सभी हिन्दू श्रद्धालु मारे जा चुके हैं। तब भी इस रियासी आतंकी हमले में एक बच्चे समेत 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हैं।


पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी भले ही आज ले ली है। लेकिन क्या यह सभी आतंकवादी बिना स्थानीय सहयोग के इतने बड़े हमले को अंजाद दे सकते थे? अभी तक कि जांच साफ दर्शा रही है कि स्थानीय लोग इस हमले में बराबर के षड्यंत्रकारी हैं और इन्होंने ही इन पाकिस्तानी आतंकियों को अपने यहां शरण देकर छुपाया हुआ है। आखिर इस स्थानीय मुसलमानों का पाकिस्तानियों के साथ क्या संबंध है ? क्या यह वही संबंध हैं जो हमास के आतंकवादियों के समर्थन में सड़कों पर हुजूम निकालने, नारे लगाने और उनके लिए सहयोग के नाम पर चंदा इकट्ठा करने की एक मजहब आधारित मानसिकता को जन्म देती है?

जम्मू-कश्मीर के रियासी में हुए आतंकी हमले पर नीदरलैंड्स के नेता गीर्ट वाइल्डर्स ने जो कहा, उससे हम सभी को सीख लेनी चाहिए। गीर्ट वाइल्डर्स ने भारत से अपने लोगों की रक्षा करने की अपील की है। गीर्ट वाइल्डर्स का कहना है, कि "कश्मीर घाटी में पाकिस्तानी आतंकवादियों को हिंदुओं की हत्या करने की इजाजत न दें। अपने लोगों की रक्षा करें भारत!" यहां उनका कहना यही है कि भारत की मोदी सरकार एवं भारत के आम जन इस प्रकार के बहुसंख्यक हिन्दू

## खास बात

### उपयोगी आसन

**स्वामी मुक्तरथ**



**अर्ध मत्स्येन्द्रासन** 1. इस आसन को करने के लिए दंडासन की स्थिति में बैठ जाएं। 2.सांस लें और रीढ़ की हड्डी को बिल्कुल सीधा रखें। 3.अब अपने बाएं पैर को मोड़ लें और उसे दाएं घुटने के उपर से लाकर जमीन पर रख लें। 4. उसके बाद दाहिने पैर को मोड़कर बाएं नितंब के पास जमीन पर रखें। 5. अब आपको अपने बाएं पैर के उपर से दाहिने हाथ को लाना है और बायां पैर के अंगूठे को पकड़ना है। 6. सांस छोड़ें और शरीर को जहां तक हो सकें उतना मोड़ लें। आप गर्दन को मोड़कर बाएं कंधे को देखने की कोशिश करें। 7. इस आसन में कम से कम 30-60 सेकेंड तक बने रहें। 8. अब वापस अपनी सामान्य मुद्रा में आ जाएं, चाहें तो दूसरी तरफ से भी ये आसन कर सकते हैं।

**पद्मासन** 1. जमीन पर मैट लगाकर बिल्कुल सीधा बैठ जाएं और टांगों को फैला लें। 2. अब दाएं घुटने को मोड़ें और बाईं जांघ पर रखें। 3. ठीक इसी तरह दूसरे पैर के साथ भी करें। 4.इस दौरान आपकी सिर और रीढ़ की हड्डी बिल्कुल सीधी होनी चाहिए। 5. लंबी और गहरी सांसें लें। 7. अब अपने सिर को नीचे की तरफ ले जाएं और ठोड़ी से गले को छूने की कोशिश करें। 8. इस आसन को कम से कम 5 मिनट करने की कोशिश करें।

**हलासन** 1. मैट बिछाकर पीठ के बल लेट जाएं। 2. दोनों हाथों को शरीर से चिपका लें और हथेलियां जमीन की तरफ रखें। 3.सांस लें और पैरों को ऊपर की ओर उठाएं। 4. पैरों से 90 डिग्री का कोण बनाने की कोशिश करें। 5. इस दौरान आप हाथों से कमर को सहारा दें। 6.अब पैरों को सिर की ओर झुकाएं और सिर के पीछे तक ले जाने की कोशिश करें। 7. पैरों के अंगूठे से जमीन को छूने की कोशिश करें। 8. आप इस दौरान हाथों को कमर से हटा सकते हैं। 9. एक मिनट तक इस स्थिति में रहें और सांस लेने व छोड़ने का काम जारी रखें। 10. जल्दी में आसन को न छोड़ें बल्कि एक समान गति से ही वापस सामान्य स्थिति में आएं।

(लेखक सत्यानंद योग मिशन रांची से जुड़े हैं।)

**बधाई** संदेशों का जवाब देने में व्यस्त नरेंद्र मोदी को जम्मू-कश्मीर में निर्ममता से मौत के घाट उतार दिये गए श्रद्धालुओं के परिवारों की चीखें तक नहीं सुनाई दे रही हैं। रियासी, कठुआ और डोडा में पिछले 3 दिनों में 3 अलग-अलग आतंकी घटनाएं हुई हैं लेकिन प्रधानमंत्री अब भी जश्न में मग्न हैं।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस**

## आपके ट्वीट

**सरकार** आपके द्वार₹ जैसे अभियान द्वारा हम सुदूर गांवों में रहने वाले अधिकतर लाभुकों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने में सफल हुए हैं।

**- चंपई सोरेन, सीएम**





ओड़िसा के लिये यह एक एतिहासिक दिन है। मैं ओड़िसा की जनता को बधाई देता हूं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार और मुख्यमंत्री मोहन मांझी सहित राज्य की जनता को शुभकामना देता हूं।

**- नरेन्द्र मोदी**

# जीवन का राह

## विचार-प्रवाह

**अमीश**

**दुख** क फेस मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग है तो बिजली, वाई-फाई, नेटफ्लिक्स और एमेजॉन प्राइम भी हैं। तो क्या अब तक हमने काफी दुख नहीं झेल लिए? क्या वाकई हमें बहुत पीड़ा सहने की जरूरत है? कितना दुख हो तो उसे पर्याप्त कहा जाएगा? क्या हम नियति का झन्नादेदार थप्पड़ पड़े बिना सीख सकते हैं सबक? धर्म क्या कहता है? क्या कोई आध्यात्मिक उद्देश्य है इस महामारी का? यह एक आध्यात्मिक अवसर हो सकता है क्या?

यह सब हम पर निर्भर करता है। हममें से हर एक पर। सबक तो हैं ही। हम सामुदायिक भावना जगा सकते हैं। परिवार, दोस्तों, पास-पड़ोस के घेरे में गूंथ सकते हैं खुद को। सोशल मीडिया के शोरगुल के बजाय ऐसे इंसानी रिश्तों में, जिनका हमारे लिए कोई मायने हो। क्या हम ऐसी जिंदगी बसर कर सकते हैं, जो हमारे स्वार्थ, हमारे लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं के दायरे से कहीं बड़ी हो? हम कम में, बहुत कम में गुजारा कर सकते हैं, यह बात इस महामारी ने सिखाई है। हमने सीख लिया है कि चाहतों का कोई ओर-छोर नहीं होता और यह भी कि इनकी सीमा भी हो सकती है। मामला सोच का है। क्या प्रेस रिलीज और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ढिंढोरा पीटने के बजाय हम चुपचाप किसी की मदद कर सकते हैं? ऐसा कर सकें तो हम अपनी जिंदगियों में धर्म के लिए गुंजाइश बना पाएंगे। हमने देखा है कि हमारी इस धरती पर दूसरे जीव राहत की सांस ले रहे हैं। क्या हम न केवल अपने लिए, बल्कि जानवरों के लिए भी इस दुनिया को बेहतर बना सकते हैं? तालाबों-नदियों, पहाड़ों और मैदानों के लिए? सभी जीवों के लिए?

## कार्टून वर्ल्ड

वैश्विक मानसिक स्थिति...



कार्टून मूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### गठबंधन के खतरे

**कुछ** समय से क्षेत्रीय दलों की बाढ़-सी आई है। यह लोकतंत्र और राष्ट्रीय पार्टियों के लिए कोई अच्छा संकेत नहीं है। ज्यादातर क्षेत्रीय दल लोगों को क्षेत्रीय भावनाओं में बहलाकर वोट बैंक बढ़ाने की कोशिश करते हैं, न की जनहित और देशहित मुद्दों पर ध्यान देते हैं। गठबंधन से बनी सरकार के फायदे और नुकसान दोनों ही हैं। ऐसी सरकार कभी भी बेहतर फैसले नहीं ले सकती। **- रविशंकर, रांची**

### दागी नेता

**एडीआर** की मानें तो 18वीं लोकसभा चुनाव में जीतने वाले 46 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह चिंता का विषय है। वहीं 90 प्रतिशत सांसदों के पास अकूत संपत्ति है। सवाल उठता है कि क्या ऐसे आपराधिक छवि वाले सांसद लोकतंत्र की शुचिता को बरकरार रख पायेंगे। कानून तोड़ने वाले क्या लोकतंत्र की रक्षा कर पायेंगे।

**- श्रीनिवास सिंह, रामगढ़**

# मृग मरीचिका के सामन है रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

**अजय शुक्ला**

## सामयिक

**रक्षा** मंत्रालय ने जब 108 रक्षा उपकरणों की दूसरी 'सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची' जारी की तो इसमें 'आत्मनिर्भर भारत' प्रमुखता से नजर आया। 101 वस्तुओं की पहली सूची गत अगस्त में जारी की गई थी। यानी अब 209 ऐसी वस्तुएं हैं जिन्हें अनिवार्य तौर पर भारतीय कंपनियों से खरीदना होगा। सन 2025 तक यह तादाद हर वर्ष बढ़ने है। सरसरी तौर पर यह स्वदेशीकरण की सराहनीय पहल लगती है।

बहरहाल, इसे लेकर कई सवाल हैं। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार रक्षा कंपनियों के पास यह क्षमता है कि वे उल्लिखित सूचियों में से कम से कम दो तिहाई बना सकें। एक मुख्य कार्याधिकारी कहते हैं कि दोनों सूचियों को मिला दिया जाए तो लगभग वही वस्तुएं हैं जिनका उत्पादन शुरू होने वाला है।

आयात पर इस रोक के असर के आकलन के लिए पहले उन 69 वस्तुओं पर नजर डालते हैं जिनके आयात पर एक जनवरी 2021 को रोक लगाई गई थी। इसके चलते सेना ट्रैक्ड, सेल्फ प्रोपेल्ड और पहिये वाली तोपें, पिनाका श्रेणी के मल्टी बैरल्ड रॉकेट लॉन्चर, स्नाइपर राइफल्स और बुलेटप्रूफ जैकेट और हेल्मेट के लिए भारतीय आपूर्तिकताओं पर निर्भर हो गई। नौसेना को कई श्रेणियों में स्वदेशी युद्धपोतों की आवश्यकता है मसलन मिसाइल डेस्ट्रॉयर, अगली पीढ़ी के मिसाइल क्षमता संपन्न पोत, पनडुब्बी रोधी पोत, तटीय गश्ती पोत और सोनार सिस्टम तथा हथियार। वायु सेना को भारत में विकसित स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टरों, हल्के परिवहन विमान और उपकरणों को हवा से गिराने के लिए पैराशूट आपूर्ति तंत्र की आवश्यकता होगी। लार्सन ऐंड टुब्रो ने 100 सेल्फ प्रोपेल्ड तोपें सेना को सौंप दी हैं और पुणे के निकट उसकी निर्माण क्षमता भविष्य के आदेशों की प्रतीक्षा में खाली पड़ी है। पहिये वाली तोप के मामले में आयुध निमार्णी बोर्ड को अपनी स्वदेशी 155 मिलीमीटर धनुष हॉवित्जर पर पूरा भरोसा है जबकि डीआरडीओ अपनी एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम का परीक्षण कर रहा है। पिनाका रॉकेट लॉन्चर बन रहा है और सेना से अगले आदेशों की प्रतीक्षा है। कुल 41 नौसैनिक युद्धपोत और पनडुब्बियां निमार्णाधीन हैं उनमें से 39 भारत में निमार्णाधीन हैं। 103 तेजस विमानों का ऑर्डर हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड को दिया जा चुका है और उसे स्वदेशी हल्के लड़ाकू और उपयोगिता वाले हेलीकॉप्टरों तथा एचटीटी-40 प्रशिक्षण विमानों के लिए और आदेश मिलने का अनुमान है।

स्वदेशी की परिभाषा आसान बनाने के लिए ही रक्षा मंत्रालय की नीति के अनुसार तकनीक हस्तांतरण और 50 फीसदी स्वदेशी सामग्री वाले प्लेटफॉर्म को आत्मनिर्भर उत्पाद माना जा रहा है। फ्रांस के नेवल ग्रुप से तकनीक हस्तांतरण के तहत पहले ही मझगांव डॉक लिमिटेड स्कॉर्पीन पनडुब्बियां बना रहा है।

हल्के हेलीकॉप्टरों के स्वदेशी निर्माण में भी कठिनाई नहीं है। अगली पीढ़ी के लड़ाकू जलपोत (गार्डन रीच शिपबिल्डर्स), हथियारबंद वाहन, टैंकरोधी गाइडेड मिसाइल और मध्यम रेंज की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (डीआरडीओ), युद्धपोत बनाने लायक स्टील (भारतीय इस्पात प्राधिकरण) तथा अन्य सूचीबद्ध सामग्री भी बन रही है। भविष्य की प्रणालियों की बात करें तो दिसंबर 2025 तक लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल, ऐंटी मटीरियल राइफल्स और 1,000 अश्व शक्ति के टैंक इंजन को भी आत्मनिर्भरता के दायरे में लाना है। डीआरडीओ (निर्भय क्रूज मिसाइल) और किर्लोस्कर समूह (टैंक इंजन) इन परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं।

# बीमा क्लेम भुगतान में देरी से अब निजात

**श्रीगोपाल नारसन**

## आर्थिक

**स्वास्थ्य** बीमा कराते समय बीमा कम्पनियों का दायित्व है कि वे जिसका बीमा कर रहे हैं,उसके स्वास्थ्य की जांच अपने अधिकृत चिकित्सक से कराएं और पूर्ण संतुष्टि के बाद ही बीमा करें। अब बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण ने स्वास्थ्य बीमा पर एक मास्टर सर्कुलर जारी करते हुए व्यवस्था दी है कि बीमा कंपनी को बीमा धारक के अनुरोध के एक घंटे के भीतर नकदी-रहित इलाज की अनुमति देने पर निर्णय लेना होगा और अस्पताल में उपचार उपरांत तीन घंटे के भीतर क्लेम राशि का अंतिम सैटलमेंट करना होगा। प्राधिकरण ने स्वास्थ्य बीमा उत्पादों पर मास्टर सर्कुलर के तहत पहले जारी किए गए 55 सर्कुलरों को निरस्त कर दिया है। प्राधिकरण का यह कदम पॉलिसीधारकों के सशक्तीकरण और समावेशी स्वास्थ्य बीमा को मजबूत करने की दिशा में एक मजबूत कार्यवाही है।

**पॉलिसी में पात्रताएं अब एक जगह**

नये बीमा सर्कुलर में बीमाधारकों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य बीमा नीति में पात्रताओं को उनके आसान संदर्भ के लिए एक स्थान पर लाया गया है और साथ ही स्वास्थ्य बीमा खरीदने वाले पॉलिसीधारकों को निर्बाध रूप में बीमा क्लेम के उन्नत सेवा मानकों को सुनिश्चित करने के उपायों पर जोर दिया गया है। अब बीमा कम्पनियों को बीमा क्लेम दावे के एक घंटे के भीतर निर्णय लेना और अस्पताल में उपचार उपरांत तीन घंटे के भीतर क्लेम राशि का अंतिम सैटलमेंट करना होगा। अभी तक उपभोक्ताओं को अपने हेल्थ इंश्योरेंस बीमा के कैशलेस भुगतान के लिए काफी मशक्कतों का सामना करना पड़ता था।

कैशलेस भुगतान समय सीमा तीन घंटे 29 मई 2024 को बीमा नियामक प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए इस सर्कुलर में कहा गया है कि हर हाल में बीमा धारक को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज रिक्वेस्ट प्राप्त होने के तीन घंटे के भीतर उसके द्वारा किए गए क्लेम का कैशलेस भुगतान हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी को करना होगा। यदि क्लेम भुगतान में तीन घंटे से ज्यादा की देरी होती है, तो फिर ऐसी स्थिति में अस्पताल द्वारा लिया गया कोई भी अतिरिक्त चार्ज बीमा कंपनी द्वारा किया जाएगा।

**धारक की मौत अस्पताल में हो जाये तो**

नए दिशा-निदेर्शों के तहत अगर किसी स्वास्थ्य बीमा धारक की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हो जाती है, तो फिर इस स्थिति में इंश्योरेंस कंपनी को क्लेम के भुगतान की प्रक्रिया को तत्काल शुरू करना होगा। साथ ही मृतक के पार्थिव शरीर को भी अस्पताल से जल्दी निकालना होगा। साथ ही बीमा क्लेम अनुरोध प्राप्त होने के एक घंटे के भीतर बीमा कंपनी को कैशलेस भुगतान पर तुरंत निर्णय लेना होगा। प्राधिकरण ने बीमा कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे इस काम को 31 जुलाई 2024 तक पूरा करें। जिन पॉलिसी धारकों के पास एक से ज्यादा स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी है, उनको उनमें से किसी एक पॉलिसी को चुनने का मौका मिलेगा, जिसके तहत वह स्वीकृत क्लेम राशि प्राप्त कर सकते हैं। बीमाकताओं को प्रत्येक पॉलिसी दस्तावेज के साथ एक ग्राहक सूचना पत्र भी देना होगा। उपचार के दौरान पॉलिसी धारक की मृत्यु की स्थिति में बीमा कंपनी, क्लेम अप्रूवल प्रोसेस के रिक?वेस?ट पर तुरंत कार्रवाई करेगी। साथ ही मृत व्यक्ति के पार्थिव शरीर को तुरंत अस्पताल से निकलवाने में मदद करेगी।

**दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं**

क्लेम सेटलमेंट के लिए अब पॉलिसी धारक को कोई डॉक्युमेंट यानि दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि बीमाकर्ता और प्राधिकरण को अस्पतालों से दस्तावेज स्वयं प्राप्त करने होंगे। पॉलिसी अवधि के दौरान कोई दावा नहीं होने की स्थिति में बीमाकर्ता, पॉलिसी धारकों को रिवार्ड के तौर पर बीमा राशि बढ़ाकर या प्रीमियम राशि में छूट देकर ऐसे नो क्लेम बोनस को चुनने का विकल्प दे सकते हैं। पॉलिसी धारक पॉलिसी अवधि के दौरान पॉलिसी निरस्त करता है, तो उसे शेष पॉलिसी अवधि का रिफंड दिया जाएगा। ऐसा होने से बीमा कम्पनियों की मनमानी पर रोक लग सकेगी और उपभोक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा का पूर्ण लाभ मिल सकेगा।

## स्पीड न्यूज

### लोकल सेल जल्द चालू करें प्रबंधन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा लोकल सेल चालू कराने की मांग को लेकर कुरसे पंचायत भवन में बुधवार को विस्थापित संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राणा प्रताप सिंह एवं संचालन पूर्व मुखिया राजेंद्र मुंडा। बैठक में भुरकुंडा सीसील क्षेत्र के चारों राजस्व ग्राम कुरसे, देवरिया, बलकुदरा एवं दुंदुवा के लोग ग्रामीण हुए। बैठक में भुरकुंडा रोड सेल में संयुक्त विस्थापित संघर्ष मोर्चा को 60 प्रतिशत की भागीदारी और लोकल सेल खोलने की मांग को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन मोर्चा की मांगों को लेकर अब तक ढुलमुल रवैया अपनाए हुए है। बैठक में चेतावनी देते हुए कहा गया कि एक पखवाड़ा के भीतर सीसीएल प्रबंधन संयुक्त विस्थापित संघर्ष मोर्चा को भुरकुंडा लोकल सेल में 60 प्रतिशत की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए लोकल सेल चालू नहीं करती है तो मोर्चा के द्वारा सत्यापित विस्थापित एवं प्रभावित मजदूरों के हित में व्यापक जन आंदोलन कर सीसीएल का अनिश्चितकाल के लिए संप्रेषण व उत्पादन बाधित कर दिया जाएगा। बैठक में फुलेश्वर राम, कैलाश प्रसाद, अजय साहू, बिहार मांझी, वीरेंद्र यादव, देवानंद प्रसाद, राजेश्वर सिंह कपूर, राजाराम प्रसाद, महेश सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजद थे।

### सोसाइटी ग्रुप के अध्यक्ष बने शंकर सिंह



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लोकल सेल में भागीदारी को ले मंगलवार शाम भुरकुंडा जवाहर नगर दुर्गा मंडप प्रांगण में जवाहर नगर सोसाइटी ग्रुप की बैठक हुई। लोगों ने एक स्वर में कहा कि भुरकुंडा लोकल सेल लगभग तीन दशक से भी ज्यादा समय से चलते आ रहा है। जो विगत कुछ वर्षो से बंद हो गया था और अब वह फिर चालू होने वाला है। । बैठक में न्यू सोसाइटी ग्रुप का कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शंकर सिंह, सचिव मुकेश राउत को चुना गया। अगली बैठक में पूर्ण रुप से कमिटी का विस्तार किया जायगा। बैठक में रंगबहादुर सिंह, बिजेंद्र सिंह, पप्पू खान, अनुज कुमार सिंह, अरविंद कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### पतरातू सीओ से मिलेगा श्रमिक संघ



**भुरकुंडा (रामगढ़)।**अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ क्षेत्रीय कमिटी की बैठक बुधवार को क्षेत्रीय कार्यालय सयाल में हुई। इसकी अध्यक्षता गुरुदयाल ठाकुर एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के महासचिव सतीश सिन्हा उपस्थित थें। बैठक में संघ की मजबुती व बरका-सयाल क्षेत्र में मेंबरशिप बढ़ाने पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की सभी परियोजना के कर्मचारियों के समस्या को लेकर यूनियन परियोजनाओं में मांग-पत्र सौंपेगी। मौके पर महासचिव सतीश सिन्हा ने कहा की बरका-सयाल क्षेत्र के कर्मचारियों की प्रमोशन के साथ सभी सुविधाओं को जल्द से जल्द दिया जाए। सयाल परियोजना में कार्य कर रही आरए माइनिंग एवं पीएसएमई मजदूरों का शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को सभी सुविधा नही मिला तो यूनियन आंदोलन को बाध्य होगा। कहा गया कि सयाल डी परियोजना के रोड सेल चालू करवाने एवं प्रभावित के भागीदारी को लेकर जल्द ही यूनियन के प्रतिनिधिमंडल पतरातु सीओ से मुलाकात करेगी। बैठक में केंद्रीय सदस्य संतोष ठाकुर, क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम, क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, सनी कुमार, एसएस डे, बिनोद कुमार, सुदेश्वर दुसाध, कमलेश कुमार, एसएन दास, जेपी पांडेय, गोकुल प्रसाद, गुरुदयाल ठाकुर, रामश्रृष्ठ, राधिका सिंह, रंजीत कुमार मिश्र, शेखर सरकार, लालमोहन महली, हरिचंद्र झा आदि मौजूद थे।

### डीवीसी चौक पर खराब चापाकल बना



**गोला(रामगढ़)।** डीवीसी चौक गोला के मुरी रोड स्थित टेम्पू स्टैंड पर लगे चापाकल महीनों से खराब पड़ा हुआ था। जिससे यात्रियों, ग्रामीणों एवं राहगीरों को भीषण गर्मी में नहीं मिल रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही आजसू पार्टी के युवा नेता प्रभात कुमार ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग गोला से बात कर बुधवार को चापाकल बनवाया। कुमार ने कहा कि अब पानी की किल्लत दूर हो गई है।

### मेडिकल कॉलेज परिसर में नहीं लगेगा पार्किंग शुल्क

हजारीबाग। नगर निगम द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगे निजी एंबुलेंस पर पार्किंग शुल्क लगाने का निर्णय लिया गया था। एंबुलेंस चालकों द्वारा मामले की जानकारी समाजसेवी तथा भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद को दी गई थी। प्रसाद ने बुधवार को नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल से मुलाकात कर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज परिसर में लगने वाले पार्किंग शुल्क को लेकर ज्ञापन सौंपा। नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया है कि संबंधित एजेंसी से तत्काल जांच के बाद शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज परिसर से सभी वाहनों का पार्किंग शुल्क हटा दिया जाएगा। मौके पर मनोज श्रीवास्तव, प्रकाश झा, सुरेन्द्र सिंह, चंदन सिंह, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# रामगढ़ में वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

## तीन ट्रैक्टर बरामद

▸▸ रामगढ़ से ट्रैक्टरों की चोरी कर दूसरे जिले में फर्जी दस्तावेज के आधार पर बेच देता था गिरोह

खबर मन्त्र संवाददाता





**रामगढ़।** पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह यहां से ट्रैक्टरों की चोरी करता था और दूसरे जिले में फर्जी दस्तावेज के आधार पर बेच देता था। इस गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी डॉ बिमल कुमार ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में राजा मल्हार उर्फ कैलाश मल्हार, नगदा मल्हार, शनिचरवा मल्होरिया और पिंटू मल्हार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वाहन चोर गिरोह के सभी सदस्य ऐश की जिंदगी जीने के लिए चोरी से कैश जुटा रहे थे। एसपी ने बताया कि रामगढ़ जिले में लगातार ट्रैक्टर की चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। वेस्ट बोकारो ओपी, कुजू ओपी, बरकाकाना ओपी, रामगढ़ थाना, मांडू थाना में कई कांड दर्ज किया जा चुका था। एसपी ने बताया कि सीडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एसआईटी ने गुप्त सूचना के आधार पर हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंदुर में गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में अपराधियों ने बताया कि विगत 6 माह से उनका गिरोह राजा मल्हार उर्फ कैलाश मल्हार के साथ मिलकर निजी एवं पारिवारिक ऐशो-आराम को पूरा करने के लिए रामगढ़ एवं हजारीबाग जिले के ग्रामीण इलाकों में ट्रैक्टर की चोरी करने लगा था। एसपी ने बताया कि चोरी किए गए सारे ट्रैक्टर कोडरमा जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत कई गांवों में बेचे गए। अभियुक्तों की निशानदेही पर अशोक यादव के घर से एक ट्रैक्टर, रंजीत यादव के घर से एक ट्रैक्टर, विक्की सिंह के क्रेशर से एक ट्रैक्टर बरामद किया गया। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी और चोरी किए गए ट्रैक्टरों की बारामदगी के लिए छापेमारी जारी है।

**राजा, पिंटू और शनिचरवा पर 11 मामले दर्ज :** इस अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का लंबा-चौड़ा अपराधिक इतिहास सिर्फ 5 महीने में ही तैयार हो गया। इस गिरोह के सरगना राजा मल्हार के अलावा पिंटू मल्हार और शनिचरवा मल्होरिया पर 11 मामले 5 महीने में ही दर्ज किए गए हैं। मांडू, रामगढ़, कुजू, वेस्ट बोकारो, बरकाकाना, गिद्दी, बड़कागांव थाना क्षेत्र में इस गिरोह ने 11 कांड को अंजाम दिया है। इसके अलावा नागदा मल्हार पर बड़कागांव और मांडू थाने में दो प्राथमिकी दो महीने में दर्ज की गई है। सारे मामले लूट से संबंधित हैं। अकेले रामगढ़ जिले में इस गिरोह ने 8 से अधिक ट्रैक्टर चुराए हैं। यदि हजारीबाग जिला को जोड़ लिया जाए तो लगभग डेढ़ दर्जन ट्रैक्टर चोरी किए गए हैं। राजा और पिंटू पर जागेश्वर बिहार में भी वर्ष 2023 में लूट की घटना को अंजाम देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि यह गिरोह चोरी किए गए ट्रैक्टर का पाट्‌र्स नहीं बेचता था। पूरा का पूरा ट्रैक्टर ही ग्रामीण इलाकों में सस्ते दामों में बेचा जाता था। कम पैसे में ट्रैक्टर मिलने को लेकर ग्रामीण भी ज्यादा सवाल-जवाब नहीं करते थे। उन्हें क्रेशर, खेत और अन्य कामों के लिए सस्ते में ट्रैक्टर मिल जाता था।

**छापेमारी में ये थे शामिल :** छापेमारी में मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, मांडू थाना प्रभारी रंजीत यादव, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे, चंदवारा थाना प्रभारी अरविंद कुमार शामिल थे।

# चौपारण में जगन्नाथ रथयात्रा होगी ऐतिहासिक : डॉ केशवानंद प्रभु

▸▸ पूर्व विधायक मनोज यादव ने मंदिर स्थापना के लिए भूमिदान करने वाले के प्रति जताया आभार



**चौपारण।** श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव को लेकर सियरकोनी बैधनाथ नगर प्रांगण में स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में वृहद धर्मसभा सह बैठक इस्कान के धर्म गुरु तथा भक्ति वेदांत शिक्षालय के संस्थापक डॉ केशवानंद प्रभु की अध्यक्षता में हुई। धर्मसभा में बरही,पदमा, इटखोरी, चौपारण, मयुरहंड से लगभग पांच सौ प्रबुद्ध जनों ने हिस्सा लिया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ केशवानंद प्रभु ने जगन्नाथ रथयात्रा इतिहास पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि रथयात्रा में भगवान के रथ खींचने मात्र से ही जन्म जन्मांतर के बंधन से मुक्ति मिल जाती है। बताया कि रथ जीवन का प्रतीक है। हर लोग जीवन की यात्रा कर रहे हैं। इससे हर प्राणी को अपने कर्मों से मुक्ति मिलती है। बताया कि चौपारण की यह रथयात्रा एतिहासिक होगी। धर्मसभा में क्षेत्र में गो तस्करी, नशाखोरी पर विशेष चिंता जताई गई। विशेषकर पांच दिवसीय महोत्सव में नशा के खिलाफ विशेष शिविर लगाने की भी चर्चा हुई जिसमें चिकित्सकों की टीम युवाओं को नशा से बचने का उपाय तथा ईलाज करेंगे। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि डॉ केशवानंद प्रभु तथा इनकी पूरी टीम क्षेत्र में सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। गांव गांव घुमकर लोगों को भक्ति का मार्ग बता रहे हैं। रथयात्रा के माध्यम से लोगों को एकजुट कर अध्यात्म की शक्ति का भान करा रहे हैं। इस साल का रथयात्रा विशेष होगा।

उन्होंने श्री जगन्नाथ मंदिर स्थापना के लिए भूमिदान करने वाले रामप्रवेश सिंह,संजय सिंह, मुखिया बिनोद सिंह तथा इनके अन्य भाईयों के प्रति आभार जताया तथा कहा कि आनेवाले इतिहास में रथयात्रा से जुड़े लोगों को याद रखा जाएगा। हर साल यह आयोजन बड़ा रुप लेता जायेगा। प्रमुख आयोजक संजय सिंह तथा अभिषेक सिंह ने पूरे आयोजन की रुप रेखा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि पिछले साल से अधिक भव्यता के साथ इस रथयात्रा का आयोजन होगा। इसके लिए सभी लोग मिलकर प्रयास करेंगे। बैठक में हरिश्चंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह, रशिक शिरोमणि, राज सिंह चौहान,नारायण यादव, मुखिया शिवकुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, सुनील साहु, मुखिया मंटू सिंह, मुखिया गंदौरी दांगी, मुखिया मोहन साव, मुखिया जानकी यादव, मिशन सिंह, पंकज सिंह, आकाश सिंह, रंजीत सिंह, संतोष सिंह, राजु सिंह, बलराम दांगी, राहुल राणा,धीरज प्रजापति, रामप्रसाद भुइंया, शुक्र भुइयां, आदित्य चौरसिया, आनंद चंद्रवंशी, कामदेव प्रजापति, रवीन्द्र यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### ऋण शिविर में 22 लोगों ने किया समझौता

**बरही।** बैंक ऑफ इंडिया बरही शाखा ने अपने केसीसी एनपीए खाता धारकों के लिए कोनरा पंचायत भवन में ऋण वसूली सह समझौता शिविर लगा। शिविर में बरही शाखा के विभिन्न पंचायत से दर्जनों एनपीए खाता धारक पहुंचे। जिन्हें ऋण वसूली से संबंधित जानकारी दी गई। शाखा प्रबंधक आकाश सिंह ने बताया कि शिविर में कुल 22 ग्राहकों के 12 लाख ऋण को मात्र 4 लाख रुपए में समझौता किया गया। समझौता के तहत 1 लाख 80 हजार रुपए की अदायगी हुई। कई ग्राहको को समझौता के बाद बुकिंग राशि जमा लेकर शेष राशि के लिए 30 दिन का समय दिया गया। शाखा प्रबंधक ने बताया कि सभी एनपीए खाता धारक एकमुश्त ऋण अदायगी योजना का लाभ उठाए। इस योजना के तहत अधिकतम छूट मिल रहे है। ऋण जमा नही करने वाले ग्राहकों के खिलाफ नियसंगत कारवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया के और बरही शाखा में 2808 केसीसी खाता एनपीए है। जिसके तहत करीब 19 करोड़ रुपए की राशि बकाया है। ऋण लेना अच्छी बात है पर उसकी अदायगी के लिए लोगो को सचेत और गंभीर होनी चाहिए।

## जल्द दूर होगी पानी की किल्लत : अंबा प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विधायक अंबा प्रसाद ने पतरातू प्रखंड अंतर्गत किन्नी गांव स्थित सर्वोदय उच्च विद्यालय के समीप चापानल लगाने को लेकर भूमि पूजन किया। ग्रामीणों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। उनके प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि विधायक अंबा प्रसाद ग्रामीणों के दुख को दूर करने के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसी गर्मी में पानी की बहुत बड़ी समस्या थी जो अब दूर हो जाएगी। विधायक ने कहा कि पेयजल की समस्या को देखते हुए पतरात प्रखंड के सभी पंचायतों में 10-10 चापानल दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की मांग थी की पानी की समस्या बहुत ज्यादा है जिसे देखते हुए सभी पंचायत में चापानल दिया जा रहा है। ताकि पेयजल की समस्या दूर हो सके। मौके पर पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, योगेंद्र सिंह खरवार, प्रदीप महतो, रमेश बेदिया, प्रदीप साव, नरेंद्र सिंह, विमल मुंडा, तुलसी सिंह, प्रकाश सिंह, यशवंत महतो, संजू देवी, सुबासो देवी, सुमित्रा देवी, रूपा देवी, लीला देवी, दुलारी देवी, रामेश्वर महतो, देवनाथ महतो सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।



विधायक अंबा प्रसाद के साथ महिलाएं।

# लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा को मिला छह अवार्ड

▸▸ स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने दिया शिरोमणि पुरुस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता




**भुरकुंडा (रामगढ़)।**जमशेदपुर के माइकल जॉन ऑडिटोरियम में पूर्व जिलापाल एमजेएफ लायन विवेक चौधरी के नेतृत्व में रविवार को लायंस क्लब जिला 322 ए के सत्र 2022-2023 अवार्ड शिरोमणि का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा को 6 अवार्ड से सम्मानित किया। इसके तहत सत्र 2022-23 के अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो को आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट, सचिव विजयंत कुमार को आउटस्टैंडिंग सेक्रेटरी और कोषाध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा को टॉप परफॉर्मर एवं शाइनिंग जिला चेयरपर्सन का अवार्ड दिया गया। वहीं लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के अखिलेश शर्मा को कल्चरल एवं कम्युनिटी के लिए शाइनिंग जिला चेयरपर्सन के अवार्ड से नवाजा गया। जिलापाल विवेक चौधरी ने वैल्युएबल कंट्रीब्यूशन के लिए अखिलेश शर्मा को सुपर स्टार लायन अवार्ड से भी सम्मानित किया।

### बीमार बच्चे को लायंस क्लब ने की सहायता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** 9 वर्षीय के बच्चा को ह्रदय से संबंधित परेशानी होने की सूचना मिलने पर लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग कर अपना मानव धर्म निभाया। क्लब के लोगों ने बताया कि बच्चे को ऑपरेशन के लिए बाहर ले जाया जा रहा है। जिसमें लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने बच्चे के परिजन को आर्थिक सहयोग कर रवाना किया उसके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की गई। मौके पर एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, लायन अशोक सिन्हा, लायन अखिलेश शर्मा, लायन विजय वर्णवाल, लायन शिवा प्रसाद सहित क्लब के कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### बरही में दो गौ तस्कर गिरफ्तार



**बरही।** बरही पुलिस ने बकरीद त्योहार से पहले ग्रामीणों की सूचना पर दुलमहा तेलोडीह से मंगलवार को करीब नौ बजे गोवंशीय पशु को बकरीद के अवसर पर कुर्बानी करने की नियत से ले जाने के क्रम में पकड़ कर पुलिस प्रशासन को फोन कर इसकी सूचना दी गयी। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना के पुलिस पदाधिकारी सशस्त्र बल के साथ ग्राम तेलोडीह जाकर टैम्पु संख्या जेएच 02 एआर 4966 में दो बैल को क्रूरता पूर्वक पैर को रस्सी से बांधकर लादा हुआ पाया गया। इस सबंध में बरही थाना कांड संख्या 233/24 दर्ज किया गया और पकड़ाये दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पकड़ाए व्यक्तियों में मो इदरीस पिता मो शब्बीर ग्राम महुगढा व शम्भू भुइयां पिता बासुदेव भुइयां बरसोत के रहने वाले है। इस बाबत पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार ने बताया कि कोई भी असामाजिक गतिविधि या अवैध काम की सूचना पुलिस तक अवश्य पहुचाएं, उनकी सूचना को गोपनीय बनाये रखते हुए कार्रवाई जरूर की जाएगी।

### पंचायत शिक्षा समिति की बैठक संपन्न

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड के जोबर पंचायत भवन के सभागार में ग्राम पंचायत शिक्षा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया चेतलाल महतो ने किया। शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग के पत्रांक के आलोक में जोबर पंचायत के अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों में कार्यरत इंटरमीडिएट कोटि के सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षक),का पंचायत प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार होना है तथा उनकी सेवा शर्त संतोष प्रद होने पर उनके मानदेय में चार प्रतिशत की वृद्धि की जानी है । जो शिक्षक विद्यालय अवधि में विद्यालय में उपस्थित रहते हो । किसी प्रकार का नशा का सेवन नहीं करते हैं । आनैतिक कार्यों में संलिप्त न हो । किसी भी अपराधिक मामलों में संलिप्त न हो । जिन शिक्षकों का शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित पूर्ण हुई है, इन विषयों में चर्चा करते हुए पंचायत के अंतर्गत निम्न सहायक अध्यापकों के आचरण को देखते हुए. बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा निम्न शिक्षकों का सेवा संतोष प्रद पाया एवं पंचायत प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार के तहत इनकी सेवा संतुष्ट करने का अनुमोदन किया। इनकी मानदेय में 4 फीसदी वृद्धि की जा सकती है।

### बीडीओ ने की बैंकों के साथ बैठक, दिये कई निर्देश

विष्णुगढ़। प्रखंड कार्यालय विष्णुगढ़ में बीडीओ अखिलेश कुमार एवं जिला अग्रणी प्रबंधक हजारीबाग राकेश आजाद की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को बैंकिंग गतिविधियां के सुचारू रूप से संचालन हेतु निर्देश दिया गया। मुख्य रूप से किसान क्रेडिट कार्ड से वंचित कृषकों को अविलंब योजना से जोड़ने जेएसएलपीएस महिला समूह के सदस्यों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने आंगनबाड़ी सेविका पेंशनधारी का पेंशन लागू करवाने एवं अन्य ग्राहकों का स समय ई केवाईसी करने अबुवा आवास योजना के लाभुकों का आधार मैपिंग करने स्टार्टअप इंडिया के तहत ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सहायक तकनीकी प्रबंधक जन सेवक बीपीएम जेएसएलपीएस प्रखंड समन्वयक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### चरही में भीषण गर्मी से लोगों को राहत नहीं

चरही। चुरचू प्रखंड और कोयलांचल क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ने के कारण लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है।गर्मी के कारण लोग काफी परेशान हो रहे हैं। इससे बचने के लिये ग्रामीण अपने-अपने घरों में ही सिमट कर गए हैं।गरम हवा और लू चलने से लोग घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।सूर्य की तेज ताप से धरती भी तप रही है।लू और गरम हवा चलने से गलियों तथा सड़कों पर सन्नाटा पसर गया है।सुबह 8 बजते ही सूर्य के ताप चढ़ने लगते हैं।शाम 6 बजे ही लोगों को राहत के सांस ले पाते हैं।भीषण गर्मी के कारण रोज मजदूरी करने वाले मजदूरों पर भी असर पड़ रहा है।मजदूर भी मजदूरी के लिए घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।गर्मी पड़ने के कारण कई लोग बीमार भी पड़ रहे हैं।इस गर्मी से कई तालाब,कुएं,नदी-नाले,आहरा,पोखरचुएं और डाडी सुख रहे हैं।यहां तक की चापानल से भी पानी कम निकलने लगे हैं।

### पानी को ले मुखिया ने डीसी को दिया आवेदन

**बरही।** करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज रविदास ने पंचायत में पेयजल समस्या को लेकर हजारीबाग उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर समस्या के समाधान को लेकर आग्रह किया है। आवेदन के माध्यम से उन्होंने डीसी को अवगत करवाया कि इस भीषण गर्मी के कारण सभी चापानल खराब पड़ गए है, जिसकी मरम्मती का कार्य भी कराया गया, बावजूद इसके किसी भी चापानला से पानी का एक बूंद भी नहीं निकल रहा है, जिससे पूरे पंचायत में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने समस्या के समाधान को लेकर पंचायत में कुछ नए चापानल बनवाने की बात कही। जिससे कुछ हद तक जनता को पेयजल समस्या से राहत मिल सके।

### मुखिया ग्रामीणों को टंकी से दिलवा रहे पानी

**बरही।** बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम के सौजन्य से पंचायत के कई क्षेत्रों में लगातार टंकी से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। विदित हो कि इस भीषण गर्मी में बरही चौक के आस-पास के लोग लगातार पेयजल संकट से जूझ रहे है। जिसे देखते हुए बरही पश्चिमी पंचायत के मुखिया शमशेर आलम के द्वारा टंकी से पानी उपलब्ध करवाने का बीड़ा उठाया है। इसी कड़ी में मंगलवार को बरही पश्चिमी पंचायत अंतर्गत तेली टोला, गया रोड एवं आस पास के लोगो को पानी से टंकी पहुंचाया, जिससे ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी नजर आ रही है। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि टिंकु आलम मौजूद रहे।

### हजारीबाग में रेल पटरी से शव बरामद

**हजारीबाग।** हजारीबाग रेलवे स्टेशन के समीप रेल पटरी से एक अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया था। शव की पहचान शहर के विष्णुपुरी निवासी अर्जुन कुमार ठाकुर (24) पिता स्व विष्णुदेव ठाकुर के रूप में की गई है। जानकारी हो कि युवक मंगलवार रात से लापता था। पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण कर परिजनों को सौंप दिया।

### अबुआ आवास में जियो टैग करते दो धाराएं

**टाटीझरिया।** प्रखंड में चल रहे अबुआ आवास का जियो टैग जिनका स्वीकृति किया जा चुका है, उनका जिओ टैग प्रखंड मुख्यालय द्वारा किया जा रहा है। बुधवार को भराजो पंचायत के मथुरा नगर टोला में तीन अज्ञात व्यक्ति एक ही मोटरसाइकिल से जियो टैग करने आए और अपने आप को टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय का कर्मी बताकर कौशल्या देवी पति राजू राम,निशा देवी पति रवि राम रेणु देवी पति संजय भुइयां और संजय राम पिता परमेश्वर राम के घर गए जहां जियो टैग किया और उक्त लोगों ने दो दो हजार रुपए की मांग की और कहा कि आज ही पैसा दे दीजिए आपके खाते में पैसा चला जायेगा । सभी अबुआ आवास लाभुकों ने 1000 रुपया करके दिया। जब वार्ड सदस्य दीपक कुमार को पता चला कि प्रखंड मुख्यालय से जियो टैग करने के लिए कोई कर्मी आए है और रुपए की उगाही कर रहे है तब उनलोगों से पूछताछ की तो वे लोग भागने लगे तीन में दो को धर्मेंद्र गिरी पिता बीरबल गिरी ,विक्रम पासवान पिता स्व नागेश्वर पासवान इचाक निवासी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया । धराएं ठगों ने कहा कि फरार हुए युवक का नाम पप्पू मेहता है।

# नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगी फ्लोरी मशीन फूंकी

## थाना से लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर नक्सलियों ने दिया घटना को अंजाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुन्दा (चतरा)।** कुन्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत करिलगड़वा में सड़क निर्माण कार्य मे लगी फलौरी मशीन को नक्सलियों ने दिनदहाड़े आग के हवाले कर दिया। कुन्दा थाना क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा लगातार दर्दनाक घटना का अंजाम दिया जा रहा है, जो पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है।हाल ही में 25 मई की रात्री लगभग 9 बजे थाना क्षेत्र के हेंदीयाकला गांव में पंकज बिरहोर को नक्सलियों ने पुलिस मुखबरी के आरोप में हत्या का अंजाम दिया था। घटना की स्याही सुखी भी नहीं थी कि नक्सलियों ने फिर अमौना मोड़ से करिलगड़वा तक सड़क निर्माण कार्य मे लगी फ्लोरी मशीन को आग के हवाले कर ठेकेदारों में भय का माहौल व्याप्त कर दी है।वही उक्त सड़क निर्माण कार्य में पूर्व में भी इसी वर्ष 12 जनवरी को नक्सलियों ने फ्लोरी मशीन के टैंक व ट्रैक्टर के टायर में गोली मारकर अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए सवेदक काम ना करने का चेतावनी दी थी। वही फ्लोरी मशीन के ड्राइवर ने जानकारी देते हुए बताया कि जंगल में नक्सलियों ने अचानक धावा बोलकर मशीन को अपने कब्जे में ले लिया उसके बाद ड्राइवर के मोबाइल को लेकर मोबाइल में लगी सिम को निकाल कर फेंक दिया।मिली जानकारी के अनुसार नक्सली लगभग 20 से 25 की संख्या में पहुंचे थे, हालांकि घटना की जिम्मेवारी अभी तक किसी भी नक्सली संगठन ने नहीं ली है। वही लगभग एक वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के गारो गांव में सड़क निर्माण कार्य में लगे दो जेसीबी मशीन को नक्सलियों ने आग के हवाले किया था।वही मामले की सूचना मिलते ही कुन्दा थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर जायजा लेने पहुंच कर नक्सलियों के घरपकड़ के लिए छापामारी अभियान शुरू कर दिया है।



नक्सलियों द्वारा आगके हवाले फ्लोरी मशीन धु धु कर जलता हुआ

## जंगल में बसा आदिवासियों से भरा गांव रतनसोत अब भी सरकारी योजनाओं से वंचित

# जिस पानी से आप शहर वाले हाथ धोना भी पसंद नहीं करेंगे उसे हमलोग पीते हैं : घसिराय

दीपक सिंह

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर बेंदी पंचायत क्षेत्र के जंगल में बसा आदिवासियों का एक गांव रतनसोत है। इस गांव में अगर रात में कोई बीमार हो जाये तो इलाज के लिए सुबह होने का इंतज़ार करना पड़ता है। दूसरी तरफ यहां पानी की हर जरूरत का एक ही पता है, नदी में बना चुआं, इसी में लोग नहाते हैं, बरतन धोते हैं, कपड़े साफ करते हैं, इसका पानी भी गंदा है, प्यास से जान ना जा रही हो तो आप इसका पानी पीने की हिम्मत नहीं करेंगे और लोग इसी चुआं का पानी पीते हैं, गांव की लड़कियां और महिलाएं पानी भरने के लिए दिन में चार-पांच चक्कर लगाती हैं।जो रोड आपको यहां पहुंचाती है, उसे ठीक-ठीक कच्ची सड़क भी नहीं कहा जा सकता है। कहीं खड़ी चढ़ाई, कहीं ढलान, जंगल में एक कामचलाऊ पथरीला रास्ता हैं, आप जेठ-बैसाख की तीखी धूप में हांफते-रुकते पैदल यहां पहुंच तो सकते हैं, लेकिन बरसात में इतनी सहूलियत भी नहीं होती, हां बाइक से गांव आ सकते है, लेकिन शर्त यह है, चलाने वाला कोई माहिर हो। वहीं खबर मंत्र संवाददाता से बात करते हुए घसिराय मुंडा बताते हैं कि जिस पानी से आप शहर वाले हाथ धोना भी पसंद नहीं करेंगे उस चुआं का गन्दा पानी हमलोग पीते है, रात में अगर कोई बीमार हो जाए तो इलाज के लिए सुबह का इंतज़ार करना पड़ता है, नुकसान इतना ही नहीं हैं, बच्चो की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है, पहली से पांचवीं क्लास तक की पढ़ाई के लिए स्कूल 3 से 4 किलोमीटर कि दुरी में हैं, उससे आगे छठी से 10वीं तक के लिए स्कूल गझंडी या बेंदी में है, जो करीब 10 से 15 किलोमीटर दूर है, बच्चे वहां भी पैदल ही आते-जाते हैं, एक तो घर के काम, ऊपर से पैदल जाने की विवशता, ऐसे में बच्चे रोज इतनी दूर स्कूल नहीं जा पाते हैं।





## सार्वजनिक पुस्तकालय स्थापित करने को लेकर उपायुक्त को दिया आवेदन

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखण्ड अंतर्गत सुदूरवर्ती प्रखंड सतगावां में एक सार्वजनिक पुस्तकालय स्थापित कर उसके सफल संचालन को लेकर झामुमो छात्र मोर्चा जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने मंगलवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज को आवेदन दिया गया। आवेदन के माध्यम से उन्होंने कहा है कि क्षेत्र विकास के दृष्टिकोण से हमेशा पीछे रहा है। जिसका मुख्य कारण शिक्षा व गरीबी है। प्रखंड के 80 प्रतिशत जनता कृषि पर निर्भर है। यह प्रखंड पिछड़ेपन का मुख्य कारण जिला मुख्यालय से लगभग 60 किमी. की दूरी पर अवस्थित है। पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण पढ़ने वाले बच्चों के लिए ना कोई अच्छी शिक्षा व्यवस्था है और ना ही किसी प्रकार की प्रतियोगिता तैयारी का सुलभ साधन है।

# अन्नपूर्णा देवी को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर प्रधानमंत्री को नमन : डॉ.नीरा यादव

## कोडरमा को मिले सम्मान को स्थानीय कभी भूल नहीं सकती : भाजपा कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा सदस्य अन्नपूर्णा देवी को केंद्र सरकार द्वारा अपने कैबिनेट मंत्रिमंडल में महिला एवं बाल विकास विभाग का महत्वपूर्ण विभाग दिए जाने के उपलक्ष में बुधवार को बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज ऑफ एजुकेशन स्थित सभागार में भारतीय जनता पार्टी के नवलशाही, डोमचांच नगर एवं डोमचांच ग्रामीण द्वारा आभार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव की उपस्थित में एवं डोमचांच मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन नवलशाही मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने किया। वहीं कार्यक्रम को विधायक डॉ. नीरा यादव, मुकेश कुमार, सुरेंद्र यादव, सूरज प्रताप मेहता, कैलाश यादव, केपी.चौधरी, महेंद्र यादव, महेंद्र वर्मा, शिवलाल सिंह, राजेश सिंह, सुनील भारती, संगीता सिन्हा, किशुन सुंडी, आदि ने संबोधित किया। वहीं डॉ. नीरा यादव ने कहा आप सभी जनता ने जिस तरह से भारी मतों से प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को जीत दिलाए हैं इसके लिए आप सबों की मेहनत को भूलाया नहीं जा सकता। पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने जिस तरह से अपने कैबिनेट में कोडरमा को जगह दिए हैं उसके लिए शीर्ष नेतृत्व को भी आभार प्रकट करती हूं। वहीं सभी वक्ताओं द्वारा जनता एवं शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया एवं आगामी विधानसभा चुनाव पर हूंकार भरते हुए कहा कि इसी तरह का जोश और जुनून कायम रखना है।




## बालू लदा ट्रैक्टर जप्त

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मसमोहना रोड में चंचाल पहाड़ी के समीप बुधवार की अहले सुबह बालू लदा ट्रैक्टर पुलिस ने जप्त किया। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मसमोहना से बालू लदा ट्रैक्टर डोमचांच की ओर आ रहा है। सूचना के आलोक में थाना के एएसआई अजीत महतो ने दल-बल के साथ उक्त स्थल पर पंहुचे, तो देखा एक बालू लदा ट्रैक्टर चला आ रहा है। इस दौरान पुलिस को आता देख ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को छोड़कर भाग गया। जिसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त कर थाना ले आयी।

# सर्प दंश से 5 माह के अबोध बालक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** सर्प दंश से 5 माह के अबोध बालक की हुई मौत की जांच को लेकर सोमवार को गठित जांच टीम सीएचसी सतगावां पहुंची।

इस दौरान जांच टीम ने शाम तक गहन जांच की। जांच के बाद एसीएमओ डॉ. रंजीत कुमार ने मीडिया से कहा कि मामले की जांच अभी चल रही है। जांच प्रक्रिया पूर्ण होने पर ही इस मामले की सही जानकारी देने की बात कही। साथ ही उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न कक्षों का गहन निरीक्षण किया। वहीं प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुधार लाने की बात कही। उल्लेखनीय रहे कि बीते 7 जून की मय रात्रि में मरचोई निवासी शिवशंकर सिंह के 5 माह के पुत्र लव-कुश उर्फ रोहित कुमार को रात में सोते समय सांप ने डस लिया था। जिसे लेकर परिजन इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि जब मैं अपने पुत्र को लेकर पहुंचा तो केंद्र में कोई भी चिकित्सक नहीं मिला। ड्यूटी पर चिकित्सक के नहीं रहने के कारण इलाज के अभाव में बच्चे की मौत हो गयी।





# एनटीपीसी की राख ढुलाई के खिलाफ टंडवा की महिलाओं का विरोध प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा की महिलाओं ने एनटीपीसी की छाई ढुलाई से हो रहे प्रदूषण के खिलाफ सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और रोड जाम कर दिया। महिलाओं के आंदोलन को टंडवा के पत्रकारों ने रात बारह बजे तक कवर किया और ग्रामीणों की आवाज को उठाते रहे। बैठक में छाई की ढुलाई दिन के बजाय रात में करने और प्रदूषण रोकने के लिए पहल करने के सख्त निर्देश दिए गए।

### एसडीओ ने दिये सख्त निर्देश

जिले के टंडवा एनटीपीसी प्लांट से नियम विरुद्ध पब्लिक रूट से जहरीले राख ढुलाई मामले में सिमरिया एसडीओ सन्नी राज ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने राख की ढुलाई दिन में न करने, नियमित पानी छिड़काव और ट्रक हाइवा में त्रिपाल लगाने के सख्त निर्देश दिए हैं। जहरीले राख के ढुलाई से पब्लिक सड़क पर गिरते व उड़ते जहरीले राख से परेशान महिलाओं ने जहरीले राख ढुलाई रोक कर ढुलाई में लगे सौरभ सागर, मोदी, नोकर्स, पीएम इंफ्रा, ट्यूटोरियल नामक कंपनियों पर कार्रवाई की मांग की थी।

# प्रशासन की दोहरी नीतिः सिमरिया में नो इंट्री का पालन, टंडवा प्रखंड में नो इंट्री नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र में दोहरी नीति संचालित हो रही है, जहाँ सिमरिया प्रखंड में नो इंट्री का पालन किया जा रहा है, वहीं टंडवा प्रखंड में नो इंट्री नहीं लगाई गई है। टंडवा प्रखंड क्षेत्र के सभी मुख्य मार्गों से दिन-रात आम्रपाली कोल परियोजना से कोयला लदे कोल वाहन दौड़ रहे हैं, जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं को जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने अपने-अपने विद्यालय जाना पड़ता है।मगध-आम्रपाली कोल परियोजनाएँ टंडवा क्षेत्र में ही हैं, जहाँ जानमाल का ज्यादा नुकसान हुआ है और हमेशा संभावना बनी रहती है। हजारीबाग जिले में उत्पादित एनटीपीसी की चट्टीबरियातू कोल माइंस का कोयला ढुलाई कार्य में लगे दर्जनों ट्रांसपोर्टरों द्वारा मनमाने ढंग से कोल वाहनों का परिचालन कराया जा रहा है, जिससे प्रदूषण बेहताशा बढ़ गया है और लोगों को हमेशा सड़क जाम का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं को देखते हुए प्रखंड बिससुत्री समन्वय समिति द्वारा थाना क्षेत्र के टंडवा-सिमरिया मुख्य मार्ग में नो इंट्री लगाने को लेकर सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी, उपायुक्त चतरा एवं पुलिस अधीक्षक चतरा को कई बार पत्र भेजा जा चुका है, बावजूद इसके नो इंट्री नहीं लगाई जा सकी है, जिससे आम लोगों में जिला प्रशासन के प्रति नाराजगी उत्पन्न हो रही है।



स्पीड न्यूज

## बालू लदे एक ट्रैक्टर जप्त, मामला दर्ज

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र में बालू ढुलाई करते एक ट्रैक्टर वाहन को सिमरिया एसडीओ सन्नी राज ने सिमरिया टंडवा मुख्य मार्ग डाड़ी चेक नाका के पास से पकड़कर सिमरिया थाना को सौंप दिया है। बालू वाहन को सिमरिया पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## बालू लदे दो हाइवा एवं एक ट्रैक्टर जब्त, मामला दर्ज

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा क्षेत्र में बालू माफियाओं द्वारा बालू की ढुलाई जारी थी, जिसकी सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी बिजय दास ने कार्रवाई करते हुए बालू लदा दो हाइवा और एक ट्रेक्टर राहम गांव से जब्त कर लिया। जब्त किए गए वाहनों को थाना में सुपुर्द कर दिया गया है और मुकदमा दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

**कोडरमा।** कोटपा एक्ट के कंडिका-6 में वर्णित है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में सिगरेट या किसी अन्य तम्बाकू उत्पाद को नहीं बेचेगा, बिक्री के लिए पेश नहीं करेगा या बिक्री की अनुमति नहीं देगा। उक्त परिप्रेक्ष्य में इसकी गंभीरता को देखते हुए शैक्षणिक संस्थान के कैम्पस के अंदर एवं कैम्पस के बाहर 100 गज के परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लगाया जाना आवश्यक है। वहीं एसडीओ रिया सिंह द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कोडरमा अनुमण्डल क्षेत्रान्तर्गत सभी निजी एवं सरकारी स्कूल, महाविद्यालय तथा विश्व विद्यालय के कैम्पस के अन्दर एवं बाहर 100 गज की परिधि में निषेधाज्ञा आदेश जारी किया गया है।

## छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

**कोडरमा।** कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना उन्नति का पहिया के तहत सरकारी विद्यालय में कक्षा आठ में अयनरत छात्र-छात्राओं के बीच जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा आर के प्लस टू उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय बदडीहा एवं आदर्श मध्य विद्यालय कोडरमा के बच्चों के बीच साइकिल वितरण किया गया।

## दो वर्षीय बच्चे का शव तालाब से बरामद

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सपही स्थित तालाब से दो वर्षीय बच्चे का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की पहचान 2 वर्षीय आकाश आइंद के रूप में की गई है। घटना स्थल पर पंहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## 7 से 20 जून तक चलेगा टीवी सक्रिय खोज अभियान

**मरकच्चो (कोडरमा)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में 7 जून से 20 जून तक सक्रिय खोज अभियान (एक्टिव कैस फाइंडिंग) राष्ट्रीय यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अभियान चलाया जा रहा है एवं संभावित टीवी के मरीजों की खोजबीन व जांच की जा रही है। जहां बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो के विभिन्न क्षेत्रों में टीम गई और लगभग 2000 लोगों की जांच की।

## सीआईटी इंस्ट्रक्टर ने विधायक को दिया ज्ञापन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत सीआईटी इंस्ट्रक्टर (कंप्यूटर शिक्षक) ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक डॉ.नीरा यादव को आवेदन देकर ज्ञापन दिया है। दिए गए ज्ञापन में कहा कि झारखंड राज्य में जेईपीसी के द्वारा संचालित आईसीटी स्कूल परियोजना जो कि विभिन्न कंपनियों से टेंडर प्रकिया के तहत लगभग 3000 विद्यालयों में चलाई जा रही है। मौके पर अमन सागर आदि समेत कई कंप्यूटर शिक्षक मौजूद थे।

एक नजर में

## डाकिया योजना के तहत बिरहोरों को दिया जाएगा राशन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत संचालित गोदाम में बुधवार को डाकिया योजना के तहत आदिम जनजाति परिवारों को मिलने वाले अनाज को जेएसएलपीएस की महिलाओं ने प्रति बोरा 35 किलोग्राम के हिसाब से बोरों में पैक किया। कुल 15 आदिम जनजाति परिवारों को यह अनाज अलग-अलग दिया जाएगा। बोरा पैक करने का काम जेएसएलपीएस की महिला गीता देवी और उनके सहयोगियों ने किया, और निरीक्षण जेएसएलपीएस के बीपीएम केदार प्रजापति और एफटीसी अनिल प्रजापति ने किया।

## बीएमएमयू कार्यालय में एफपीओ संचालन को लेकर बैठक



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** प्रखंड में स्थित जेएसएलपीएस द्वारा संचालित बीएमएमयू कार्यालय में बुधवार को एफपीओ संचालन को लेकर महिलाओं के साथ बीपीएम केदार प्रजापति ने बैठक की। बैठक में उपस्थित कर्मियों और महिलाओं को जल्द से जल्द एफपीओ संचालन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, पूरे प्रखंड से जल्द से जल्द 1500 महिलाओं को जोड़ने की बात कही गई ताकि एफपीओ का लक्ष्य पूरा हो सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एफपीओ से संबंधित कार्यों की शुरूआत की जाए और समूह से जुड़ी महिलाओं को एफपीओ का लाभ मिल सके। बैठक में सुमन वर्मा, विजय रजक, युगेश्वर दांगी, प्रतिमा देवी, नीलम कुमारी, उषा देवी, कंचन कुमारी, पूजा कुमारी और अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

## बाबा राम गोपाल दास जी महाराज का सत्संग कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवादाता

**टंडवा।** प्रखंड के ग्राम सिसई में राजगीर से बाबा राम गोपाल दास जी महाराज का आगमन हुआ, जहाँ उन्होंने भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय के आवास पर अपने साथ पांच संतों के साथ धर्म प्रेमी जनों के बीच सत्संग कार्यक्रम किया। भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि संत सेवा और उनके विचारों से उन्हें आत्मसंतुष्टि प्राप्त हुई और संत सेवा में ईश्वर के दर्शन होते हैं। इस अवसर पर पूर्व मुखिया छेदी पांडेय, धर्म प्रेमी द्वारिका पांडेय, संजय पांडेय, धनंजय कुमार पांडेय, पियूष भारद्वाज सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। सत्संग के दौरान बाबा राम गोपाल दास जी महाराज ने कहा कि साधु केवल एक विचार या वैराग्य का रूप नहीं है, बल्कि जिज्ञासा और तपस्या का स्वरूप है। वे नित्य भस्म और रुद्राक्ष से श्रृंगार करते हैं और अपने कर्मों से महाकाल के स्थापित अक्ष हैं।

## श्रमदान से लोगों ने जंगली जानवरों के लिए किया तालाबों का निर्माण



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** भीषण गर्मी के कारण चतरा जिले के कुंदा प्रखंड क्षेत्र में पानी की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। तालाब, नदी और कुएँ तेजी से सूख रहे हैं, जिससे जंगली जानवरों और चरवाहों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। जंगलों में पानी की तलाश में जंगली जानवर गांवों की ओर आ रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इचातु, मोहनपुर और डोकवा गांव के ग्रामीणों ने मुरली नंदी में श्रमदान कर एक छोटा सा चेकडैम बनाया है ताकि जंगली जानवर पानी पी सकें।

ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग ने मनमानी ढंग से अनुपयुक्त जगह पर चेकडैम बनाया है, जिससे बरसात के अलावा तालाब में पानी नहीं रहता है। अगर सही जगह पर तालाब बनाया गया होता तो गर्मी के मौसम में जंगली जानवरों को इधर-उधर भटकने और शिकार होने से बचाया जा सकता था। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि जंगलों में चिन्हित स्थानों पर जंगली जानवरों के लिए तालाब बनाए जाएँ।

## राज होटल में संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत राज होटल में बुधवार को एक व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पटेलनगर थाना राजगीर जिला नालंदा बिहार निवासी 35 वर्षीय चंदन कुमार पिता अजय कुमार मंगलवार दोपहर स्टेट बैंक कोडरमा के समीप राज होटल में आकर ठहरा था और रात में खाना खाने के बाद वह होटल के कमरा नंबर 208 में जाकर सो गया। वहीं सुबह जब होटल कर्मीयों ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर होटल कर्मी ने पुलिस को सूचित किया। वहीं कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## स्पीड न्यूज

### वैष्णोदेवी तीर्थयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले के खिलाफ रोष



डुमरी (गुमला)। बाबा टांगीनाथ धाम विकास समिति ने वैष्णो देवी तीर्थयात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ हुए आतंकी हमले की घोर निन्दा की है। साथ ही उन आतंकियों का पुतला दहन कर अपना विरोध प्रकट किया है। कहा की निर्दोष भक्तों की हत्या करने वाले आतंकियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें फांसी की सजा देने अथवा ऐसे देश द्रोहियों को गोली मार देने की सरकार से बाबा टांगीनाथ धाम विकास समिति मांग करती है। मौके पर संजय साहु, गोविंद सिंह, बिरेंद्र जयसवाल, राहुल बैगा, रामकृपाल बैगा, दुर्गा प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, रणबीर कुमार शाही, कारण खेरवार, बीरू नायक, विवेक खेरवार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### चेंबर का आम सभा स्थगित

गुमला। चेंबर ऑफ कॉमर्स के नियमवाली संशोधन को लेकर 16 जून को आयोजित आम सभा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने दी है। उन्होंने कहा कि आम सभा की तिथि चेंबर की होने वाली बैठक में निर्धारित किया जायेगा।

### समर कैंप के दूसरे दिन डीएवी के बच्चों को कराया गया योगाभ्यास



गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में आयोजित पांच दिवसीय प्रात:कालीन समर कैंप के दूसरे दिन बुधवार को पतंजलि योग समिति गुमला के जिला प्रभारी भोला प्रसाद ने बच्चों को योग का अभ्यास कराया। उन्होंने बच्चों को सहजासन, सिद्धासन, पद्मासन की जानकारी दी और कहा कि योग करने से चित्त भटकता नहीं, एकाग्रता आती है। सूक्ष्म व्यायाम से शरीर के जोड़ मजबूत होते हैं। आठ प्राणायाम की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। सुपरवाइजरी हेड पवित्र कुमार मोहंती ने योग प्रशिक्षक भोला प्रसाद को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एस के पटनायक, अभिजीत झा, संजुक्ता खटुआ ने भूमिका निभायी।

### वन विभाग की टीम ने बसिया कोयल नदी से तीन ट्रैक्टरों व औजार किये जब्त

बसिया। प्रखंड के ईको संसेटिव जोन के अंतर्गत पंथा पंचायत के पतराटोली के समीप कोयल नदी से वन विभाग की टीम ने बुधवार को तीन ट्रैक्टरों के साथ एक दर्जन से अधिक बालू उठाने वाले औजार (बेलचा)को भी जब्त किया है। मामले में बसिया वनपाल लिबनुस टेटे ने बताया कि सूचना मिली थी कि पंथा पंचायत के पतराटोली के समीप कोयल नदी से बालू का अवैध खनन कर ट्रैक्टर से निकाला जाता है। यह क्षेत्र ईको संसेटिव जोन के अंतर्गत आता है। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार बालू के अवैध खनन से जुड़े माफियो के लिए यह इलाका सेफ जोन माना जाता है। जहां से पहले नदियों से बालू का अवैध खनन कर ट्रैक्टर के माध्यम से निकाल कर बगल में स्थित एक टांड़ में जमा किया जाता है। जहां से देर रात जेसीबी से हाइवा ट्रको पर लोड कर रांची भेजा जाता है।

### नव निर्वाचित सांसद सुखदेव भगत की जीत पर चैनपुर में वनभोज का आयोजन



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा सुखदेव भगत के लोकसभा चुनाव भारी मतों से जीतने पर वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष निरंजन बड़ा की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम में क्षेत्र के दूर दराज से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। जिसमें पार्टी के जीत में अहम भूमिका निभाने वाले मंडल अध्यक्ष विमल किशोर, चैनपुर प्रखंड कमेटी के जुझारू कार्यकर्ता सुनील बारला, मोबीन खान, आलोक लकड़ा, महिला संगठन से चैनपुर की पूर्व मुखिया एमरेंसिया कुजूर, ने जीत पर आम ग्रामीण को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि कांग्रेस का जो संकल्प है उसे अब धरती पर लाने का कार्य हमारे सांसद जी के माध्यम से आसानी से हो सकता है। अध्यक्ष निरंजन ने कहा कि झारखंड सरकार एवं केंद्र सरकार के द्वारा ग्रामीणों के लिए संचालित की जाने वाली योजनाओं का लाभ सफलतापूर्वक लाभुक व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य हमारे सांसद के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जस्टिन बड़ा, विनय टोप्पो, दिलफिनुस तिर्की, नंदकिशोर, सुशील तिर्की विजय एक्का आदि उपस्थित थे।

### बाइक के धक्के से छात्र का टूटा पैर



घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के बड़ा अजियातु मंडप के समीप बुधवार को छोटा अजियातु निवासी छात्र संजीत उरांव को बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे छात्र का पैर टूट गया। वहीं बाइक चालक बाइक लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस की मदद से घायल छात्र संजीत उरांव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संजीत उरांव आठवीं का छात्र है और वह अपने घर से आदर स्कूल एडमिशन के लिए टीसी लेने साइकिल से गया था। वहीं लौटने के क्रम में बड़ा अजियातु मंडप के समीप विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी और वह फरार हो गया। जिसके बाद ग्रामीणों की नजर पड़ी। घटना की सूचना मिलने पर कांग्रेस के जिला महासचिव कृष्ण कुमार लोहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंच। घायल का हाल-चाल जाना।

# बस और बालू लदे ट्रैक्टर में हुई भिंडत, 12 घंटे तक भीषण गर्मी में बेबस नजर आये बस यात्री

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के बरवाटोली के समीप बुधवार की अहले सुबह यात्री बस और ट्रैक्टर के बीच टक्कर हो गई ,हालांकि इस दुर्घटना में बस में सवार यात्री बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। लेकिन बस में सवार 35 यात्रियों के साथ मानवीय व्यवहार न करते हुए उन्हें ब्लॉक मोड़ में एक शेड के नीचे छोड़ दिया गया ,जहा न तो पानी और खाने का व्यवस्था था ऊपर से बुधवार को आग बरसती गर्मी से यात्री बेबस नजर आए। बस में सवार सभी यात्री ओडिशा के झारसुगड़ा से डाल्टनगंज जा रहे थे। सभी यात्री ओडिशा के झारसुगुड़ा में एमएसपीएल कंपनी में ट्रक ड्राइवर का काम करते हैं। जहां से सभी छुट्टी में यात्री बस विष्णु लोक में सवार होकर डाल्टनगंज और औरंगाबाद जा रहे थे। इसी दौरान लोहरदगा शहरी क्षेत्र के बरवाटोली के समीप बस और ट्रैक्टर में टक्कर हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस प्रशासन द्वारा बस में सवार यात्रियों को शहर के ब्लॉक मोड में लाकर छोड़ दिया गया। हालांकि प्रशासन द्वारा ना तो उनके लिए गंतव्य को लेकर किसी दूसरे वाहन की व्यवस्था की गई और ना ही भोजन-पानी की कोई व्यवस्था ही की गई। जिसकी वजह से बुधवार को भीषण गर्मी के साथ दिनभर बस यात्री भूख-प्यास से व्याकुल नजर आए। बाद में समझौता होने पर दोपहर 3 बजे यात्री उसी बस से गंतव्य को रवाना हुए। इधर सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने पुलिस द्वारा मानवीय पक्ष का ख्याल नहीं रखने की बात से इनकार करते हुए कहा कि कुछ समय जरूर लगा मगर वह इसलिए क्योंकि दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया। जो नुकसान हुआ था उसकी भरपाई करा दी गई। अगर इस मामले में केस दर्ज हो जाता तो यात्रियों को अपनी व्यवस्था से ही दूसरी गाड़ी से जाना पड़ता। पुलिस ने अपना काम किया।

# सांसद सुखदेव भगत ने नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात कर दीं बधाई

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी गांडेय विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन के आवास पहुंचकर कल्पना सोरेन को जीत की बधाई दी। कल्पना सोरेन ने भी सुखदेव भगत को लोकसभा जीतने पर बधाई दिया। इसके बाद दोनों नेताओं ने झारखंड के वर्तमान राजनीति पर चर्चा की।

सांसद सुखदेव भगत ने कहा सीडब्ल्यूसी मीटिंग में राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा है कि हम अपनी विचारधारा से समझौता नहीं करेंगे, हमें जो जनादेश मिला है हम उसके साथ चलेंगे। विधानसभा चुनाव के लिए हम पूरी मेहनत से लड़ेंगे। हम पूरी तरह आस्वस्थ है कि राज्य में आगामी सरकार भी हमारी ही बनेगी।



नवनिर्वाचित विधायककल्पना सोरेन को बधाई देते सुखदेव भगत।

# एजनीटी के आदेश के बाद भी नदियों से बालू का उठाव जारी

दिन हो या रात बालू के अवैध उठाव में जुटे हैं लोग, हर प्रखंड में हो रहा है नदियों का दोहन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिले के जीवनदायनी नदियों से अवैध बालू का उठाव खुलेआम दिन के उजाले में जारी है। बालू के अवैध उठाव के कारण नदियां सुख गयी है। जिसे नदियों से प्रखंड व शहर मुख्यालय में होने वाला जलापूर्ति भी प्रभावित हो रहा है। इधर एनजीटी ने पूरे राज्य में 15 जून तक नदियों से बालू के उठाव पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। इसके बावजूद भी नदियों का दोहन बालू माफिया खुले तौर पर कर रहे हैं। जिले के बसिया, कामडारा, पालकोट, सिसई, चैनपुर, घाघरा व रायडीह प्रखंड के जीवनदायनी नदियों से प्रतिदिन ट्रैक्टरों व हाईवा से बालू का उठाव हो रहा है। दिन का उजाला हो या रात का अधेरा बालू माफिया जिले से बाहर बालू भेज रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जिले के विभिन्न स्थानों में बनाये गये डंपिंग यार्ड में भी बालू का अवैध उठाव किया जा रहा है। एक नदी से उठाने का परिमिशन मिलने के बाद डिपिंग यार्ड संचालक आस-पास के सभी नदियों से बालू का दोहन कराने में जुटे हैं। वहीं कई स्थानों पर घने जंगलों के बीच हजार हाईवा बालू जमाकर रखा जाता है। जिला खनन टास्क फोर्स भी बालू के अवैध उठाव पर रोक लगाने में अब तक नाकमयाब रही है। जिसके पीछे कई वजह लोग बताते हैं। वहीं रायडीह व घाघरा प्रखंड में एक कंपनी को बालू उठाव का परमिशन दिया गया जो एनजीटी के आदेश के बाद भी बालू का उठाव कर रहा है।

# अंधविश्वास समाज के लिए कलंक : मेरी लकड़ा

## डायन कुप्रथा, बाल विवाह को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बारडीह नवाटोली ग्राम में प्रखंड प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने समाज में फैली कुरीतियां के खिलाफ ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि अंधविश्वास समाज के लिए सबसे बड़ा कलंक है। जिसके कारण आज ग्रामीण, खास करके महिलाएं डायन आदि के नाम से बहुत ही ज्यादा शोषित होती हैं। हमें नहीं भूलना चाहिए कि वह महिला हमारी गांव की है। किसी की बहन है, किसी की पत्नी है, किसी की मां भी होती है। लेकिन लोग आज झूठे ओझा गुनी आदि के चक्कर में आकर या फिर जमीन जायदाद को हड़पने को लेकर डायन बता कर हत्या किया जाता है। जिसका एकमात्र कारण है अंधविश्वास व अशिक्षा है। आज जरूरत है लोगों को ऐसी कुप्रथा को जड़ से उखाड़ फेंकने का और एक समृद्ध समाज का निर्माण में अपना अपना योगदान निभाने का। मौके पर बीडीओ यादव बैठा ने ग्रामीणों को कहा कि ऐसे कुप्रथा में शामिल होने वाले लोगों के लिए विशेष कानून बनाया गया है। इस कानून के तहत पकड़े जाने वाले लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाती है और इसमें बेल तक नहीं मिलता है। पुलिस आपकी हर संभव मदद करेगी और आपकी सूचना देने वाले की नाम को गुप्त रखेगी। बाल विवाह के बारे में बोलते हुए बारडीह मुखिया ईश्वर खेस ने कहा कि बाल विवाह भी अपने आप में बहुत बड़ा अपराध है। क्योंकि विवाह का भी एक समय होता है। कार्यक्रम में नशापान को लेकर उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार या समाज को दूषित करने का सबसे बड़ा एक कारण नशा भी है। जो कभी भी समाज या परिवार को फलने फूलने नहीं देता है और साथ ही साथ गंभीर बीमारी का भी शिकार होता है। जिससे आर्थिक और शारीरिक दोनों का ही नुकसान होता है। मौके पर कातिंग मुखिया मधुरा मिंज, बीपीआरओ संदीप टेटे, जेएसएलपीएस बीपीएम बबिता कुमारी, साथ ही जेएसएलपीएस के दीदी, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका मौजूद थे।



बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी व उपस्थित ग्रामीण।

### एएसआई हत्याकांड में सार्जेंट मेजर और डे मुंशी सस्पेंड

**लोहरदगा (खबर मन्त्र संवाददाता)।** असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह की कांस्टेबल अनंत सिंह मुंडा द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लोहरदगा पुलिस के सार्जेंट मेजर शेरू कुमार रंजन को सस्पेंड कर दिया है। वही जांच में दोषी पाए जाने पर लोहरदगा एसपी हारिश बिन जमां ने डे मुंशी विनोद कुजूर को सस्पेंड कर दिया है। एसपी की जांच रिपोर्ट पर डीआईजी ने कार्रवाई की है। जांच में पता चला है कि डे मुंशी को यह बात मालूम थी कि आरोपी कांस्टेबल अनंत सिंह मुंडा मानसिक रोगी है और उसका इलाज रिनपास से चल रहा है। उसने विभाग के अधिकारियों को इस बात की जानकारी नहीं दी थी। बावजूद इसे इंसास राइफल देकर चुनाव ड्यूटी पर दूसरे जिले भेज दिया था। इसी राइफल से उसने फायर कर एएसआई धर्मेंद्र सिंह की हत्या कर दी थी।

# युवती की हत्या कर शव को डोभा में फेंका

खबर मन्त्र संवाददाता

कैरो। थाना क्षेत्र के सढ़ाबे पुल के पास युवती का शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह सढ़ाबे गांव के समीप नदी में बने पुल के पास सिंचाई के लिए खोदी गई डोभा में नाबालिक युवती का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गई। सूचना के बाद अगल बगल से ग्रामीणों की भीड़ उमड़ने लगी। शव की पहचान 15 वर्षीय रेशमी कुमारी पिता चुईटा उरांव,ग्राम सढ़ाबे के रूप में हुई। मामले की जानकारी दिए जाने के बाद पुलिस अंचल निरीक्षक चंद्रशेखर आजाद, कैरो थाना प्रभारी नीरज झा दल बल के साथ पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया व पुलिस अंचल निरीक्षक घटना स्थल से एक चाकू, गोभी के पत्ते में लगे खून के धब्बा सहित अन्य विंदु पर गंभीरता से अनुसंधान करते हुए अपने साथ ले गए। इधर मृतक के पिता चुईटा उरांव ने बताया कि रात एक बजे के करीब कुत्ता का भौंकने का आवाज आया तो बाहर निकल कर इधर उधर देखने का प्रयास किये किन्तु अंदाजा नहीं लगा, और घर मे पंखा का आवाज तेज होने के कारण बाहर की घटना का अंदेशा नही लग पाया। मृतक युवती मैट्रिक का परीक्षा कैरो उच्च विद्यालय से लिखी थी। घटना की जानकारी मिलने पर प्रसासन के अलावा पंचायत मुखिया सुमित्रा उरांव, उप मुखिया जगबंधन भगत, पूर्व मुखिया विजय एक्का, लखन उरांव, किशोर भगत सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।



शव के पास विलाप करते परिजन।



जांच करते पुलिस अधिकारी।

### सेन्हा : जिप सदस्य ने क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न विद्यालयों का किया निरीक्षण



सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर जीप सदस्य ने प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत संचालित विभिन्न सरकारी विद्यालयों का किया निरीक्षण। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की द्वारा प्रखंड क्षेत्र में संचालित सरकारी विद्यालयों का जर्जर भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय साके तथा चाऊ, अरु पंचायत अन्तर्ग राजकीय मध्य विद्यालय जोगना, झलजमीरा पंचायत का मध्य विद्यालय गगेया, उगरा पंचायत स्थित मध्य विद्यालय कोराम्बे, मुर्की तोड़ार पंचायत का कन्या मध्य विद्यालय मन्हे तथा भड़गांव पंचायत अन्तर्गत मध्य विद्यालय पारही का निरीक्षण कर मरम्मती के लिये कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद को लिखित रूप से पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है। वही जीप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश सरकारी विद्यालयों का भवन काफी जर्जर हो गया है। बच्चों को बरसात के दिनों में पढ़ाई करने के लिये काफी परेशानी होती है। जिसे बरसात से पूर्व मरम्मती के लिये विभाग को अवगत कराया गया है।

### शिबू साहू हत्याकांड के और दो अरोपी गिरफ्तार



सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के सरेंगहातु तोड़ार गांव स्थित व्यवसायिक नरेश साहू उर्फ शिबू साहू की हत्या में जासूसी करने वाले चान्हो थाना क्षेत्र के बलसोकरा तालाब मोहल्ला गांव निवासी अपराधी स्व मो सलीम अंसारी का 30 वर्षीय पूत्र अब्दुल रहीम उर्फ सदाम एवं कार चालक सलीम का पूत्र केसर अंसारी उम्र 32 वर्ष को गांव से गिरफ्तार कर बुधवार को सेन्हा थाना पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया। वही विगत आठ अप्रैल को शिबू साहु सेरेंगहातु के एक सैलून में दाढ़ी बना रहा था। जिसे अपराधियों द्वारा शिबू साहु की गोली मार हत्या करने के बाद भाग गये थे। वही सेन्हा पुलिस द्वारा बताया गया की एक कार चालक भी हत्याकांड में शामिल था। जिसे सेन्हा थाना पुलिस ने कार जब्त कर कार चालक केसर अंसारी को भी गिरफ्तार किया है। सेन्हा थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा कि इस हत्या कांड में शामिल तीन अपराधी को पूर्व में ही जेल भेजा जा चूका है और अन्य शामिल अपराधियों की खोज सेन्हा थाना पुलिस कर रही है। जिसे सभी को पुलिस जल्द गिरफ्तार कर लेगी।

### सीओ ने प्लस टू विद्यालय के छात्रों को किया प्रेरित

भंडरा। भंडरा के सीईओ दुर्गा कुमार बमनडिहा प्लस टू विद्यालय के इंटर के छात्रों को परीक्षा में अच्छी मार्क्स लाने, रिजल्ट को ज्यादा बेहतर बनाने सहित विभिन्न कंपटीशन में तैयारी कैसे की जाए इसका जानकारी दी। सीओ आज प्लस टू विद्यालय बामनडीहा पहुंचकर छात्रों को एक शिक्षक के रूप में प्रेरित करने का काम किया। दुर्गा कुमार ने छात्रों को पढ़ाई में नियमित ध्यान देने, सभी सब्जेक्ट में अच्छा अंक लाने और अपना रिजल्ट को बेहतर बनाने के टिप्स दिए। इस क्रम में छात्रों ने सीओ से अपने जिज्ञासा के अनुरूप कई प्रश्न किया। सीओ के द्वारा छात्रों के जिज्ञासाओं को देखते हुए उनके अनुकूल सुझाव दिया गया। मौके पर सीओ द्वारा छात्रों को बताया गया कि अभी का दौरा विभिन्न कंपटीशन का दौर है और इस कंपटीशन के दौर में अपने आप को पूर्ण रूप से तैयार रखना जरूरी है। कंपटीशन में तैयारी के साथ नहीं उतरने से सफलता हाथ नहीं लगती है।

# बरसात से पूर्व सिंचाई कूप का हर हाल में निर्माण कार्य करें पूर्ण: डीडीसी

>> उप विकास आयुक्त ने मनरेगा से जिले में संचालित योजनाओं की समीक्षा की



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** डीडीसी दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन स्थित सभागार में मनरेगा अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा कर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गयी। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत सभी मुख्य योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अब कार्यों में तेजी लाते हुए लंबित कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा से बन रहे सिंचाई का कूप बरसात से पूर्व हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं बरसात को देखते हुए मनरेगा से अन्य योजनाओं का कार्य पंचायतों में चालू करने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक परियोजना पदाधिकारी, सभी बीपीओ, सहायक अभियंता, जेइ सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# जिस गांवों में बिजली नही पहुंची वहां सोलर एनर्जी लगाने की मांग

जेडा के निदेशक को प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ने किया पत्र प्रेषित, कहा कि जिले के कई गांवों अब भी है विद्युत विहीन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन के गुमला जिला अध्यक्ष देवकी देवी ने जेढा निदेशक झारखंड रांची को पत्र प्रेषित कर गुमला जिला के विद्युत विहीन गांवों में सोलर लाईट से बिजली आपूर्ति आरंभ करने की मांग की। देवकी देवी ने कहा कि गुमला जिला के कई ऐसे गांव हैं जहां बिजली नहीं पहुंच पायी है। जबकि राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना से गांव-गांव बिजली पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था। उन्होंने कहा कि गुमला जिला के डुमरी प्रखंड के मिरचाय पाठ गांव, ढोठी पाठ गांव, रायडीह प्रखंड के सिकोई पंचायत का तियनटोंगरी गांव बिजली सुविधा से वंचित है। इन गांवों में आदिवासी व आदिम जनजाति परिवार के लोग निवास करते हैं जो आज भी प्राचीन युग में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। पहले किरसान तेल ग्रामीणों को आसानी से राशन दुकान से मिल जाता था, लेकिन अब किरासन तेल भी उन्हें नहीं मिल पाता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मोदी सरकार जनता का भरोसा खो चुकी है : विजय सिंह

## झारखंड नव निर्माण दल की बैठक संपन्न, किसानों को दो लाख तक के ऋण माफी का लाभ सरकार जल्द दे

खबर मंत्र संवाददाता




**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल गुमला के प्रमुख नेताओं की बैठक बुधवार को कचहरी परिसर में दल की महिला नेत्री पुष्पा उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से निजात दिलाने में विफल तथा संविधान व लोकतंत्र को खतरे में डालने वाली बहुमत से दूर मोदी सरकार जनता का भरोसा खो चुकी है। सिंह ने यह भी कहा कि वीर बिरसा मुंडा के शहादत दिवस 9 जून से शहीद भगत सिंह के जयंती 28 सितंबर तक चलने वाली राज्यव्यापी झारखंड बचाओ अभियान के संदेश को लूटखंड बनी झारखंड को लुटेरों के चंगुल से छुड़ाने के लिए गांव व शहर तक पहुंचाने और अभियान के पहले चरण के समाप्ति पर 28 सितंबर को रांची में होनेवाली झारखंड बचाओ महारैली में गुमला जिला से भी हजारों की संख्या में लोगों को रांची ले जाने की तैयारी में जुटने की अपील नेता व कार्यकर्ताओं से की है। बैठक में मनरेगा की योजनाओं में मची लूट पर कार्रवाई तथा खेती के पहले खाद बीज मिले व राज्य सरकार द्वारा घोषित 2 लाख तक की कृषि लोन माफी का लाभ किसानों को जल्द मिले। इस मुद्दे को लेकर 16 जून 2024 को गुमला में मनरेगा मजदूर व किसानों की बड़ी बैठक आयोजित करने। साथ ही बॉक्साइट का अवैध उत्खनन रोकने तथा बुनियादी सुविधा बहाली को लेकर 17 जून को बिशुनपुर में बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति की बैठक करने का निर्णय लिया गया। वहीं 18 जून को घाघरा में रेल लाइन व अल्युमिनियम कारखाना निर्माण की मांग को लेकर बेरोजगार युवाओं की बैठक होगी। मनरेगा की योजनाएं, सड़क निर्माण, जलमीनार बनाने में घोटाले, इत्यादि कार्यों में चरम पर पहुंची भ्रष्टाचार के खिलाफ तथा विभिन्न नन बैंकिंग कंपनियों में लोगों के करोड़ों रुपए जमा पैसे की जल्द भुगतान की मांगों को लेकर 26 जून को जिला मुख्यालय गुमला में चेतावनी धरना कार्यक्रम किया जाएगा। झारखंड विधानसभा का चुनाव को देखते हुए चुनाव की तैयारी को लेकर सिसई विधानसभा क्षेत्र के लिए मनी उरांव को प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं गुमला विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी ममता मुक्ता ग्रेस लकड़ा एवं बिशनपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी धर्मपाल उरांव को नियुक्त किया गया है। बैठक में प्रकाश उरांव, शिवप्रसाद साहू, आदित्य सिंह, शंकर उरांव, मनी उरांव, भूषण सिंह, शिवप्रसाद नायक, धर्मपाल उरांव, पुष्पा उरांव, कुसमा मिंज मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भंडरा बीडीओ ने किया विभिन्न योजनाओ का निरीक्षण, कहा

# योजनाओं की संपूर्ण निगरानी आवश्यक

खबर मंत्र संवाददाता



**भंडरा।** बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बुधवार को मसमानो पंचायत के विभिन्न गांव में चल रहे विकास कार्य योजना संबंधी योजना का निरीक्षण करते हुए लाभुकों से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने पंचायत अंतर्गत मसमानो गांव, बेदाल गांव, टोटो एवं बुड़का गांव का में चल रहे योजना का निरीक्षण की।

इस दौरान उन्होंने मिश्रित आम बागवानी, बिरसा संवर्धन सिंचाई कूप निर्माण, बिरसा आवास योजना, 15वें वित्त आयोग से निर्मित नाली निर्माण, पीसीसी निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने आम बागवानी के लाभुक से वातालर्पा की, उन्होंने बागवानी में प्रयुक्त होने वाले विधि, खाद बीज, देखभाल, घेराव, मवेसी से बचाव संबंधी अन्य गतिविधियों पर उचित दिशा निर्देश दी।

उन्होंने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं की संपूर्ण निगरानी आवश्यक है योजना धरातल पर सही तरीके से उतरना चाहिए ताकि पंचायत का विकास और लोगों को रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि सिंचाई कूप निर्माण में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय पर निगरानी आवश्यक है। मजदूरों को सही समय पर भुगतान पर भी रोजगार सेवक को ध्यान देने की बात कही। मौके पर मसमानो पंचायत मुखियाह्व ममता कुमारी, पंचायत सचिव अजय उरांव, रोजगार सेवक हेमंत कुमार गुप्ता सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# आबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास एवं गोबर गड़ा योजना में गड़बड़ी को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ा आवास।

**लातेहार।** सदर प्रखंड के पांडेयपुर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास, आबुआ आवास योजना एवं गोबर गढ़ा मे हुई गड़बड़ी को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन सौंप कर जांच कराने की मांग की है।

आवेदन में बताया गया है कि पंचायत पाण्डेयपुरा में सरकारी योजनाओं में पाण्डेयपुरा पंचायत के मुखिया, पंचायत सेवक, आवास मित्र तथा रोजगार सेविका के द्वारा प्रधानमंत्री आवास तथा अबुआ आवास तथा गोबर गढ़ा योजना जैसे अन्य योजनाओं में भारी गड़बड़ी देखने को मिल रही है। पंचायत के विभिन्न गावों में सरकारी प्रावधानों तथा सरकारी गाइडलाइन का पालन नहीं करते हुए प्रधानमंत्री तथा अबुआ आवास जैसे कई योजनाओं का धरातल पर पूर्ण किये बिना सम्पूर्ण पैसों कि निकासी कर ली गई। पाण्डेयपुरा पंचायत के मुखिया, पंचायत सेवक एवं आवास मित्र के द्वारा अधूरे प्रधानमंत्री आवासों को किसी दुसरे के आवास के साथ जियो टैग कर पैसों कि निकासी कर ली गई है। पंचायत के जनप्रतिनिधियों के द्वारा पांडेयपुर पंचायत में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गई है। पंचायत के जनप्रतिनिधियों को बिना पैसा दिए कोई भी कार्य नहीं होता है। जितने भी आवास बन रहे हैं बिना नक्शा के ही बना रहे हैं क्योंकि जनप्रतिनिधियों के द्वारा लाभुकों को घर का नक्शा नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण जैसे तैसे लाभुक आवास बना रहे हैं।

इसी के साथ पुरे पंचायत में आधे से अधिक आवास अपूर्ण है लेकिन जियो टैग में उसे पूर्ण दिखा दिया गया है। यह कार्य आवास मित्र बुद्धदेव उरांव के द्वारा पैसों की लालच में किया गया है। आवेदन में आगे बताया गया है कि ऐसे कई आवास अधूरे पड़े है जिन्हें पूर्ण दिखाकर पैसों कि निकासी कर लिया गया। इस कार्य को करने में पंचायत पाण्डेयपुरा के मुखिया संजय उरांव, पंचायत सेवक साकेत कुमार, आवास मित्र बुद्धदेव उरांव का बहुत बड़ा योगदान रहा है। तथा लाभुकों से जियो टैग के बदले में पैसे की उगाही कर रहे है। पंचायत पाण्डेयपुरा में पीएम आवास, अबुआ आवास तथा ऐसे कई योजनाएं का लाभ जरूरतमंदो को न देकर पंचायत के मुखिया संजय उरांव के द्वारा अपने करीबीयों, स्थानिय जनप्रतिनिधियों तथा सक्षम व्यक्तियों को दिया जा रहा है, जो कि सरकारी गाइडलाइन के विपरीत है। वहीं पंचायत में एक ही घर में दो-दो आवास दिया गया है। एक ही आवास को दिखाकर दो व्यक्तियों के नाम से पैसे की निकासी की गई है। ग्रामीणों ने उपयुक्त से इस मामले कि सख़्ति से जांच कर दोसीयों के ऊपर कारवाई करने की मांग किया गया है। उपायुक्त ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द इस पर करवाई किया जाएगा। मौके पर बद्री साव, रंजीत कुमार, दीपक कुमार, राकेश कुमार, बिहारी राम, मोहन लोहरा, शकुंती देवी, सावित्री देवी, मनीषा देवी, अशोक राम, गीता देवी, राजन कुमार, पवन कुमार, बाबूलाल उरांव, उमेश उरांव, अयोध्या प्रसाद, महेंद्र अगरिया, रंजीत कुमार समेंत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

| अधूरे आवासों का रजिस्ट्रेशन नंबर जिसे पुर्ण दिखा दिया गया |
|---|
| जेएच 12003 एसएस 20, |
| जेएच 125 747952, |
| जेएच 120341038, |
| जेएच 1210700300, |
| जेएच 19553646, |
| जेएच 120235128 |

## एक नजर में

### चंदवा में धारदार हथियार से युवती की गला रेतकर हत्या का प्रयास

**चंदवा।** स्थानीय देवी मंडप मोहल्ला में रहने वाली एक युवती के गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर गर्दन काटने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना में युवती गंभीर रूप से घायल है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया गया है। युवती की पहचान रमना कुमारी पिता ईश्वर पुरी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार युवती देवी मंडप मोहल्ला में बने अपने घर के छत पर मंगलवार की रात सो रही थी। युवती ने बताया कि रात करीब 12:00 बजे किसी ने उसके गर्दन की बाई ओर धारदार हथियार से वार किया। इसके बाद उसकी जोर से चीख निकल गई। गर्दन से बड़ी मात्रा में रक्तस्राव होने लगा। उसने परिजनों को उक्त बात बताई। वार करने वाला युवक को वह और उसके परिजन देख नहीं पाए। तत्काल उसे लेकर लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचे। रात में ही प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना को किसने अंजाम दिया और वह घर में किस ओर से आया था इसकी जानकारी भी परिजनों को नहीं है। घटना की लिखित जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है।

### टोरी फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण शुरू कराने के लिए माकपा ने खून से लिखा मांगपत्र


मांगपत्र सौंपते माकपा के कार्यकर्ता।

**लातेहार।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने टोरी –चंदवा एनएच 99 न्यु 22 में फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने को लेकर अपने खून से मांगपत्र लिख डाला। मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के पदनाम खून से लिखे मांगपत्र को डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह को सौंपा गया। जिसमें फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की मांग की गई है। इसके पहले समाहरणालय स्थित नगर पंचायत कार्यालय परिसर में माकपा कार्यकर्ता एकत्र हुए। अपने–अपने शरीर से खून निकलवाया, इसी खुन से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के संबोधित मांग पत्र तैयार किया। लिखने के दौरान कलम के जगह ब्रुश और स्याही के जगह खून का इस्तेमाल किया। खून से लिखे मांगपत्र को हाथों में लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया। केंद्र, राज्य सरकार और एनएच विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। पार्टी के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह ने बताया कि टोरी फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की मंजूरी मिल चुकी है, पैसा भी आवंटित कर दिया गया है, जमीन की अधिग्रहण भी हो चुका है दिनांक 03 अप्रैल 2021 को सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी ने आरओबी का आउनलाईन शिलान्यास भी कर दिए हैं लेकिन एनएच विभाग की लापरवाही के कारण कार्य शुरू नहीं हुआ, संबंधित विभाग सोई हुई है, केंद्र और राज्य सरकार, व रेलवे विभाग एवं एनएच विभाग को जगाने के लिए खून बहाना पड़ रहा है। वरिष्ठ नेता अयुब खान ने कहा कि टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर घंटों जाम में फंसकर बिमार मरीज अपनी जान गंवा रहे हैं इसके बाद भी इस समस्या समाधान के लिए किसी को कोई चिंता नहीं है। रेलवे क्रॉसिंग जाम से प्रतिदिन लाखों ग्रामीण परेशान हैं, जाम पर घंटों फंसे रहने के कारण महिलाओं का प्रसव और बिमार व्यक्तियों की मौत रेल क्रॉसिंग पर ही हो जा रही है।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर युवक घायल

**चंदवा।** एनएच 75 रांची मेदिनीनगर उच्च पथ पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समीप कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। बताते चले कि मेदिनीनगर से रांची की ओर जा रही मारुति कार जेएच–01एफके–0168 ने बाइक जेएच–01इइ–1322 पर सवार शान फाउंडेशन एनजीओ के कर्मी श्याम सुंदर सिंह पिता स्व डोमेन सिंह,पालकोट,गुमला को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार अपने रूम सरोज नगर जा रहे थे। अचानक पीछे से कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वे गिर कर घायल हो गए। उनकी बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं और उनका बायां पैर गम्भीर चोट आई हैं।स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर अग्रतर करवाई मे जुट गई है।

### ब्रह्मकुमारी राज योग सेवा केंद्र का आयोजन

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड के पलिहारी गुरूडीह पंचायत में ब्रह्मकुमारीज राजयोग सेवा केंद्र द्वारा आयोजित पांच दिवसीय शिविर का आरंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। यह आयोजन 12 जून से 16 जून तक चलेगा। बुधवार को कलश यात्रा के साथ इस शिविर का उद्घाटन हुआ। यह यात्रा भगत अहरा तालाब से प्रारंभ होकर गोमिया मोड़ होते हुए पुनः शिविर स्थल पर समाप्त हुई। कलश यात्रा में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, जिप अध्यक्ष सुनीता देवी, जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, और समाजसेवी चितरंजन साव सहित कई महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने भाग लिया। यात्रा बाजे–गाजे के साथ निकाली गई और इसमें समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने का संदेश दिया गया। इसमें बताया गया कि कैसे हम अपने जीवन को सहज और सरल बना सकते हैं। पांच दिवसीय शिविर के दौरान योग, योगा, परमात्मा के महाकाव्य, महा आरती, गीत सार, और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि विपिन नायक, मुखिया सपना कुमारी, राजकुमार यादव, वार्ड सदस्य सोनी साहु, रविंद्र नायक, विशाल चौहान, किशोर नायक, पंकज चौधरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### चंदवा खेल स्टेडियम में आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराए विभाग : अश्विनी मिश्र

**चंदवा।** चंदवा उपप्रमुख अश्विनी मिश्र ने चंदवा के एकलौते खेल स्टेडियम की दुर्दशा पर चिंता जाहिर करते हुए इसमें सुधार की मांग खेल विभाग से की है। अश्विनी मिश्र ने कहा कि डेढ़ लाख की आबादी वाले प्रखंड में एकमात्र खेल स्टेडियम वो भी दयनीय हालत में यहां के प्रतिभावान खिलाड़ियों के साथ नाइंसाफी है। उप-प्रमुख श्री मिश्र ने आगे कहा कि एक से दो माह के अंदर इस दिशा में ठोस कदम विभाग को उठाना होगा। बरसात में काम शुरू कर अगले वर्ष तक स्टेडियम को खेलने लायक बन जाए इस बाबत वो स्थानीय विधायक और खेल विभाग के सचिव से भी मुलाकात करेंगे। अश्विनी ने आगे कहा कि स्टेडियम में खिलाड़ियों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मॉर्निंग और इवनिंग वॉक के लिए भी आते है,इस कारण खेल के साथ साथ व्यायाम की व्यवस्था जरूरी है।

### ड्रग इंस्पेक्टर जांच हेतु चंदवा पहुंचे, जंहा दुकान का शटर बुधवार को भी तीसरे दिन लगातार बंद रहा

**चंदवा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जीवन ज्योति मेडिकल हॉल में बगैर प्रिसक्रिप्शन नींद की गोली बेचे जाने के मामले में बुधवार को ड्रग इंस्पेक्टर कैलाश मुंडा जांच हेतु चंदवा पहुंचे। उक्त दुकान पहुंचे जंहा दुकान का शटर बुधवार को तीसरे दिन लगातार बंद रहा श्री मुंडा ने कहा कि दुकान संचालक से मिलने व बात करने की कई बार कोशिश की जा रही है पर उनसे मुलाकात नहीं हो पा रही है दुकान भी बंद है फोन पर भी संचालक द्वारा कोई रिस्पांस नहीं दिया जा रहा है बगैर सूचना के दवा दुकान बंद करना भी अपराध है उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जानकारी वरीय पदाधिकारी को दी जाएगी उनके आदेश अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद ड्रग इंस्पेक्टर ने शहर में कुछ दबा दवा दुकानों की जांच की। श्रीमुंडा ने कहा कि शहर के सभी दुकानों की रूटिंग जांच लगातार पहले भी की जाती थी फिर से अध्ययन जांच शुरू की गई है।

### दिव्यांग बच्चों के लिए लगाया गया जांच शिविर


जांच शिविर में उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय परिसर में शिक्षा विभाग की ओर से दिव्यांग बच्चों के जांच शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर का विधिवत उद्धघाटन बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा के द्वारा दिप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में बालूमाथ प्रखण्ड के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की मेडिकल जांच किया गया एवं विभिन्न विद्यालय से आये 79 दिव्यांग बच्चों के बीच कान का मशीन, व्हील चेयर, सीपी चेयर उपकरण का वितरण किया गया। जांच शिविर में डाक्टर ज्ञानेंद्र कुमार सिंह (औडियोलॉजिस्ट), दीपक मंडल (प्रोस्थेटिक व आर्थोटिक) अमर बहादुर(पी एंड ओ) डॉ. अरुण यादव, आकाश सैनी समेत बीईओ बालूमाथ निर्मला लता, बीपीओ निकेत कुमार गुप्ता, वीरेंद्र सिंह जिला प्रतिनिधि उत्तम पांडे, बीआरपी अनिल कुमार राम, एमआईइस जितेंद्र कुमार चौधरी, सीआरपी विनय कुमार समेत बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

### एसडीओ ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त कर थाना को किया सुपुर्द

**बेरमो/तेनुघाट।** बेरमो अनुमंडल अन्तर्गत बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार ने बोकारो उपायुक्त के आदेश के आलौक में औचक निरीक्षक किया जिसमें खेतको बालू घाट के समीप बड़का आहरा में एक आवैध बालू लदा ट्रेक्टर पकड़ा और कई ट्रेक्टर भागने मे सफल रहे। इस संदर्भ में एसडीओ अशोक कुमार ने कहा कि बोकारो उपायुक्त का सख्त निर्देश है कि इस क्षेत्र में कही भी बालू घाट से अवैध बालू का ढुलाई हो रही है तो उस पर कड़ी निगरानी रखते हुए पकड़े जाने पर करवाई करे।

## निर्माण कार्य स्थल पहुंचे विधायक वैद्यनाथ राम कहा

# संवेदक और विभाग से बात कर अविलंब कार्य पूर्ण कराया जायेगा

**खबर मन्त्र असर**

- चार वर्षों मे भी कस्तूरबा विद्यालय भवन का निर्माण कार्य नहीं हुआ पूर्ण
- शीर्षक नामक खबर को खबर मन्त्र ने प्रमुखता से किया था प्रकशित

**संजय राम**


निरीक्षण करते विधायक।


उद्घाटन करते विधायक।

**बारियातू।** प्रखंड मे कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय भवन का निर्माण कार्य चार वर्षों मे भी पूर्ण नहीं हुआ को लेकर खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। प्रखंड मे क्षेत्र के बालिका छात्राओं के 6 से 12 वीं तक शिक्षा के लिए सभी प्रखंडो मे कस्तूरबा आवासीय विद्यालय स्थापित किया गया। बारियातू आवासीय मे लगभग 6 वर्ग से 12 वीं कक्षा तक पढ़ाई के लिए 216 छात्रा हैं। वर्तमान मे आदर्श मध्य विद्यालय बारियातू के कम्पाउंड मे विद्यालय चल रहा है। जहाँ कमरे के आभाव मे काफी परेशानी होती है। वर्तमान मे सभी छात्रा बारियातू स्थित आदर्श मध्य विद्यालय के अंदर बालिका आवासीय विद्यालय मे पठन पाठन का कार्य कर रहे हैं। कमरे की आभाव के कारण सभी छात्राओं को अपने निजी सामग्री रखने के लिए काफी कठिनाई होती है। उपरोक्त खबर लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम के संज्ञान में आने के बाद विद्यालय पहुँच कर भवन का जायजा लेकर कहा की सम्बंधित विभाग व संवेदक से बात कर जल्द समस्या समाधान कराया जायेगा।

**विधायक ने ग्रामीणों की समस्या से हुए रूबरू**

इसके पश्चात बारियातू प्रखंड कार्यालय पहुँच कर जलनल योजना के तहत लगाए गए सोलर जलमिनार इटके ग्राम मे किसी एक व्यक्ति द्वारा पाईप लगाकर व्यक्तिगत पानी उपयोग कर रहा है जिससे गांव मे पेयजल आपूर्ति नहीं हो रहा है इसको लेकर बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम से बात की। वहीं अपने सौजन्य से निर्मित प्रखंड के डाढ़ा ग्राम स्थित मुख्य द्वार पर बना श्रद्धा द्वार व छठ घाट में बने सिढी निर्माण को विधिवत पुजा अर्चना के पश्चात फिता काट व नारियल फोड़ कर उद्धघाटन किया। उद्घाटन के पश्चात उपस्थित लोगों को विधायक राम ने कहा कि इस तरह के द्वार का निर्माण होने से गाँव का सुंदरता बढ़ता है, और छठ तालाब मे सिढी निर्माण हो जाने से श्रधालुओं को काफी सहुलियत होती है। इसके पश्चात धुरधुरीया नदी पर बन रहे पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। वहीं डाढा के ग्रामीणों ने डाढा स्थित चमरबोथवा ढोड़हा में पुलिया निर्माण करवाने का मांग किया। जहाँ विधायक राम ने निरक्षण कर जल्द से जल्द पुल निर्माण करवाने का आश्वासन दिया। फिर प्रखंड परिसर पहुंचे, जहाँ टाना भगत के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा किया। मौके पर बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव, मो होजैफा, सुरेश गंझु, ईश्वरी उरांव सहित कई गठबंधन के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## उपकार इंफ्रा कंपनी के साइड इंचार्ज ने किया अनुसूचित जनजाति की महिला के साथ दुष्कर्म प्राथमिकी दर्ज

- थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने कहा कि शीघ्र ही अभियुक्त की गिरफ्तारी कर जेल भेजा जाएगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ में रेलवे का कार्य कर रहे उपकार इंफ्रा कंपनी के साइड इंचार्ज पलिया कुमार पर एक अनुसूचित जनजाती की महिला ने दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। बालूमाथ थाना क्षेत्र के सेरेगड़ा ग्राम के जताराताड़ टोला की एक अनुसूचित जनजाति की महिला ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि रविवार को में ईंट भठ्ठा में काम करने गई थी। तथा काम के दौरान मैं 27 नंबर पुल के समीप शौच करने गई। जहां उपकार इंफ्रा कंपनी के साइड इंचार्ज पलैया कुमार उधर ही घूम रहा था और मुझे अकेले में देखकर झाड़ी में लेकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। मेरे द्वारा चीखने-चिल्लाने के बाद आवाज सुनकर अगल-बगल के लोग वहां पहुंचे और उसे पकड़ कर उसके साथ मारपीट करने लगे तो वह किसी तरह छुड़ाकर भाग गया। भगाने के दौरान उसका मोबाइल और चश्मा वहीं गिर गया। बाद में उपकार इंफ्रा कंपनी के लाइजनर शंकर रेड्डी द्वारा अपने कई गुर्गे के द्वारा मुझ पर दबाव दिलवाने लगा की कुछ लेदे कर मामले को यही रफा समाप्त कर लो नहीं तो अंजाम बुरा हो जाएगा। मैं डर के मारे आवेदन समय से नहीं दे पाई। बाद में इसकी जानकारी मेरे कई परिवारों को मिली और उनके द्वारा हिम्मत दिए जाने के बाद मैं आज आवेदन दे रही हूं। बालूमाथ पुलिस ने मामला को गंभीरता से लेते हुए बालूमाथ थाना कांड संख्या 66/24 धारा 376 ( 2)(के)के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने कहा कि शीघ्र ही अभियुक्त की गिरफ्तारी कर जेल भेजा जाएगा। ज्ञात हो की उपकार इंफ्रा कंपनी के लाइजनर शंकर रेड्डी वर्तमान में बालूमाथ से मैक्लुस्कीगंज तक एवं गोनिया से जबड़ा तक करोड़ो रुपए की लागत से सड़क निर्माण का कार्य कर रही है। इस संबंध में शंकर रेड्डी से पूछे जाने पर कहा कि साइड मेरा ही है पर इस घटना की मुझे कोई जानकारी नहीं है।

## सड़क दुर्घटना में बालूमाथ थाना का एएसआई घायल


घायल एएसआई।

**बालूमाथ।** बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर चेताग ग्राम के पास सड़क दुर्घटना में बालूमाथ थाना में कार्यरत एएसआई आर०एस उपाध्याय गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आर०एस उपाध्याय कार से बालूमाथ थाना के कार्य लिए लातेहार व्यवहार न्यायालय गए हुए थे। जहां से वापस लौटने के क्रम में झपकी लग जाने के कारण कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे ईंट के ढेर से जा टकराई। जिससे कार का शीशा टूटकर आर. एस. उपाध्याय के सर में जा घुसा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल एएसआई को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## महुआडांड़ में बिजली, पानी की मांग को लेकर लगभग 40 घंटे से महुआडांड की जनता कर रही थी आंदोलन

# लिखित आश्वासन मिलने के उपरांत अनिश्चितकालीन बंद व चक्का जाम लिया गया वापस

**खबर मन्त्र संवाददाता**


जनता को समझाते अधिकारी।

**महुआडांड़।** प्रखंड में बिजली, पानी की मांग को लेकर पिछले लगभग 40 घंटे से चल रहा आंदोलन बुधवार को लगभग दो बजे बिजली विभाग के एसडीओ दुर्गाशंकर सिंह और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो के द्वारा दिए गए लिखित आश्वासन मिलने के बाद वापस ले लिया। इसके साथ ही पिछले लगभग 40 घंटे से चली आ रही है बंद व जगह जगह किये गए चक्का जाम को हटा दिया गया। इससे पूर्व बुधवार को महुआडांड वासियों को नैतिक समर्थन देते हुए आंदोलन मे भाग लेने हेतु पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, जिप अध्यक्ष पूनम देवी, जिला महामंत्री बंशी यादव, जिला भाजयुमो अध्यक्ष छोटू राजा, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष बबन पासवान, जिला मिडिया प्रभारी पंकज यादव, मंडल महामंत्री मंदीप कुमार गुप्ता, अवधेश चन्द्रवंशी, ओबीसी मोर्चा जिला सोशल मिडिया अमरदीप कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामदेव सिंह, सतीश दुबे, कौशल किशोर प्रसाद, नेपाल यादव, विनोद यादव, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री संदीप उरांव, भाजपा नेता संजय जायसवाल, भाजपा मंडल महामंत्री जमुना प्रसाद, सुनील जायसवाल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मो. इफ्तेखार अहमद आदि सभी राजनीतिक दल के यथा भाजपा, कांग्रेस व जेएमएम के नेता अपने आपसी मतभेद भुलाकर धरना स्थल पर पहुंचे व अपना समर्थन जताया। इस दौरान आंदोलनकारी बिजली विभाग के एसडीओ और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को धरनास्थल पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इसी दरम्यान सबसे पहले बिजली विभाग के एसडीओ दुर्गाशंकर सिंह, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो धरना स्थल पर पहुंचे जहां आंदोलनकारियों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा, जिसके बाद आंदोलनकारियों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी विभिन्न मांगो से अवगत कराया। जिसपर बिजली विभाग के एसडीओ और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो ने सभी समस्यायों के समाधान का लिखित आश्वासन दिया।

**क्या कहना है पूर्व विधायक का**

पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि बिजली व पानी की समस्या को लेकर महुआडांड की जनता संघर्ष रत थे। हम लगातार संपर्क मे थे। और इसका मेरा समर्थन प्राप्त था। बिजली व पेयजल विभाग के पदाधिकारी आज यंहा पहुंचे वंहा मे भी मौजूद था वे लोगों को आश्वस्त किये कि समस्या का जल्द निराकरण किया जायेगा। श्री हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि इस सब की जानकारी स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह को अवगत करा दिये हैं।

**बंद को सफल बनाने में इनका रहा सराहनीय योगदान**

बंद को सफल बनाने में जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, बजरंग दल के विभाग सह संयोजक सुरज साहू, कांग्रेस के युवा नेता अजीत पाल कुजूर, सुरज कुमार, सतीश कुमार, बंटी कुमार, उज्जवल धनुष, शंकर यादव, रोहित सोनी, राहुल राज, जेएमएम नेता परवेज आलम, शशि कुमार, आशुतोष सिंह, कुंदन सिंह, सरताज आलम, छोटू कुमार, राहुल सोनी, पवन कुमार, मो. शमीम, महमूद अंसारी, मिनहाज, आरीफ, शक्ति सिंह, मो. जुनैद, विकास कुमार, पंकज कुमार, रोहित कुमार, गौरव धनुष आदि का योगदान सराहनीय रहा। इन्ही लोगों के कारण बंद इतना सफल हो पाया।

# चाचा नीतीश का आशीर्वाद चाहिए : रोहिणी

एजेंसी





**पटना।** लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्या बुधवार को सिंगापुर के लिए रवाना हो गईं। सिंगापुर जाने से पहले रोहिणी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इंडिया गठबंधन यानी महागठबंधन में आने को लेकर बड़ा बयान दिया। पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हम तो नीतीश के बाल बच्चे हैं, उनसे आशीर्वाद मांग रहे हैं। चाचा कब आशीर्वाद देने आएंगे उनसे पूछिए। रोहिणी ने कहा कि वह 10-15 दिनों के लिए अपने बच्चों से मिलने सिंगापुर जा रही हैं। वे वापस आकर सारण में रहकर जनता के लिए काम करेंगी। बता दें कि सारण लोकसभा सीट से रोहिणी आचार्या, बीजेपी के राजीव प्रताप रूडी से चुनाव हार गई थीं। सिंगापुर रवाना होने से पहले लालू की बेटी रोहिणी आचार्या ने बुधवार को पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत की। नरेंद्र मोदी सरकार के गठन पर उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल बन गया लेकिन इसमें बिहार को कुछ नहीं मिला। विपक्ष यही कहता था, अब सच्चाई सामने आ गई है। जनता को तय करना है। बीजेपी ने जनता से झूठे वादे किए थे उनका क्या हुआ। जनता को टन-टन गोपाल बना दिया गया। तेजस्वी यादव ने सही कह रहे हैं बिहार को झुनझुना पकड़ा दिया गया है, पीएम मोदी सिर्फ जुमलेबाजी करते हैं। गौरतलब है कि रोहिणी आचार्या अपने परिवार के साथ सिंगापुर में रहती हैं। लोकसभा चुनाव से पहले वह बिहार आईं और सारण से इलेक्शन लड़ा। बीजेपी के राजीव प्रताप रूडी को सारण लोकसभा सीट पर उन्होंने कड़ी टक्कर दी, मगर करीबी मुकाबले में लगभग 13 हजार वोटों से हार गईं। चुनाव हारने के बाद रोहिणी ने कहा कि वह सारण में रहकर ही जनता के काम करती रहेंगी और अगली बार जीतकर दिखाएंगी।

# 12 महीने के अंदर देश में नई सरकार बने तो कोई हैरानी नहीं होगी : सुधाकर सिंह

एजेंसी



**पटना।** लालू यादव की पार्टी आरजेडी के नवनिर्वाचित सांसद सुधाकर सिंह ने बड़ा दावा किया है। उन्होने कहा कि देश की नई सरकार ढीलीढाली है, और 8 से 12 महीने के अंदर देश में नई सरकार बनेगी और इससे किसी कोई हैरानी भी नहीं होगी। सुधाकर ने मंगलवार को रामगढ़ में जनसभा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होने केंद्र की नई मोदी सरकार पर हमला बोला। सुधाकर सिंह ने कहा कि जब सदन का संचालन होगा तो डंके की चोट पर यह सब कुछ होगा। उन्होंने कहा कि इस देश की सरकार को चंद दिनों में ही घुटनों पर ला देंगे। उन्होने कहा कि हमने तो देखा नहीं है, लेकिन सुनने में आया है की महात्मा गांधी और अंबेडकर की मूर्तियां देश की संसद से बाहर कर दी गई हैं। आने वाली 18 तारीख को उम्मीद है कि जब हम लोग शपथ लेने जाएंगे तब इस बात की तहकीकात भी होगी। वहीं अगर ऐसा हुआ तो याद रखिएगा यह देश लंबा संघर्ष देखेगा।तब किसी को कोई हैरानी नहीं होगी। क्योंकि एनडीए की ये ढीलीढाली सरकार है। और 12 महीने के अंदर देश में नई सरकार बनेगी। आपको बता दें आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद के बेटे सुधाकर सिंह ने बक्सर से लोकसभा चुनाव लड़ा था। और बीजेपी के मिथिलेश तिवारी को मात दी थी।

## स्पीड न्यूज

### शहर में सुबह 9:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित

**गढ़वा।** 13 जून दिन गुरुवार को शहर में सुबह 6:30 बजे से सुबह 9:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए बिजली विभाग के विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर ने बताया कि 33 केवी गढ़वा 1 फीडर में मरम्मती एवं पोल गाड़ने का कार्य किया जाना है, इसलिए गढ़वा शहर के दोनों विद्युत शक्ति उपकेंद्र (पुराना एवं नया) की विद्युत आपूर्ति सुबह 6:30 बजे से 9:30 बजे तक बाधित रहेगी।

### नीतीश ने नायडू को आंध्र प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने पर दी बधाई

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू को आज आंध्र प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री कुमार ने बुधवार को अपने शुभकामना संदेश में कहा, तेदेपा प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू जी को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। श्री नायडू के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश के विकास को और गति मिलेगी।

### अपराधी कोई भी हो पुलिस जांच कर कार्यवाई करेगी : विजय खेमका



**पूर्णिया।** सदर विधायक विजय खेमका ने बुधवार को उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलकर पूर्णिया जिला में लगातार हुई दो व्यवसायी की हत्या तथा धमकी, रंगदारी देने एवं घटित हो रही अपराधिक घटना से उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया। विधायक ने कहा कि कुछ दिन पूर्व ही बनमनखी के रसाढ़ में सीएसपी संचालक की हत्या तथा भवानीपुर बाजार में एक कृषक सह व्यवसायी की दिन-दहाड़े हत्या कर दी गई। पूर्णिया शहर में एक व्यवसायी को जाति सूचक गाली-गलौज के साथ जान मारने की धमकी दी गयी है तथा चुनाव के उपरांत एक व्यवसायी से रंगदारी वसूलने की धमकी दी गयी है। ये सारी घटनाएं पूर्णिया को अशांत करने की एक साजिश है। विधायक ने इसे पूर्णिया के लिए गंभीर एवं चिंता का विषय बताया है। पूर्णिया पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही कारवाई का सार्थक परिणाम अब तक जनता के बीच नही आया है। विधायक ने कहा है कि पूर्णिया में भयमुक्त वातावरण एवं सर्वांगिक विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को सबका साथ पूर्णिया का विकास के मंत्र के साथ मिलकर काम करने की जरुरत है। विधायक ने पूर्णिया के आम अवाम तथा व्यवसायी भाईयो से कहा है कि किसी को भी घबराने एवं डरने की जरुरत नही है। सभी भयमुक्त होकर अपना काम करें। विधायक ने कहा अपराधी कोई भी हो कानून सबके लिए एक है। उपमुख्यमंत्री ने विधायक को आश्वस्त किया है कि पुलिस-प्रशासन द्वारा हत्या, अपराधिक घटना की जांच कर दोषी को कठोर सजा दिलाई जाएगी। विधायक ने घटना से सम्बंधित पत्र मुख्यमंत्री नितीश कुमार एवं उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को भी दिया।

### सारण में अपराधियों ने युवक को गोली मारकर घायल किया

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र में बुधवार की दोपहर अपराधियों ने एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सीवान जिले के एम.एच.नगर थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव निवासी श्याम देव यादव का पुत्र दीपक कुमार यादव (18) किसी काम के सिलसिले में छपरा आया हुआ था। काम समाप्त होने के बाद दीपक जब वापस अपने घर लौट रहा था तभी रसूलपुर थाना क्षेत्र के छपरा-सीवान राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 531 पर चैनपुर मोड़ के समीप अपराधियों ने गोली मारकर उसे घायल कर दिया।

### युवक की गोली मारकर हत्या

**जहानाबाद।** बिहार में जहानाबाद जिले के ओकरी पुलिस आउट पोस्ट क्षेत्र में अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रो ने बुधवार को यहां बताया कि मसाढ़ गांव निवासी अनिकेत कुमार (30) मंगलवार की रात गांव के ही एक मंदिर में भजन-कीर्तन करने गया था। भजन-कीर्तन समाप्त होने के बाद अनिकेत कुमार गांव के ही एक व्यक्ति के दालान पर सो गया। इस दौरान अपराधियों ने अनिकेत की गोली मारकर हत्या कर दी।

# कोर्ट जा रहे अधिवक्ता पिता-पुत्र की हत्या, बदमाशों ने बरसाई अंधाधुंध गोलिया

एजेंसी



**छपरा।** छपरा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सीसीएस स्कूल और दूधिया पुल के पास पट्टीदारों से भूमि विवाद में आज सुबह गोलीमार कर अधिवक्ता पिता-पुत्र की हत्या कर दी गई। बाइक पर सवार हो कर दोनों लोग छपरा सिविल कोर्ट आ रहे थे। मेथवलिया गांव के रहने वाले अधिवक्ता राम अयोध्या राय पूर्व में एपीपी भी रह चुके हैं। उनके पुत्र सुनील राय पिता के साथ ही कोर्ट में प्रैक्टिस करते थे। हत्या के बाद से वकीलों में काफी आक्रोश है। वकीलों ने घटना पर शोक जताते हुए न्यायिक कार्य आज बंद कर दिया है। विधिमंडल के महासचिव अमरेंद्र सिंह ने इस बारे में पत्र भी जारी किया है। सदर अस्पताल में काफी संख्या में वकील जुटे हुए हैं। घटना के बारे में लोगों का कहना है कि दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर कोर्ट के लिए निकले थे तभी बाइक सवार पांच अपराधियों ने दोनों को घेर लिया और अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। इस दौरान दोनों लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम दे कर अपराधी बाइक से सीधे बिंद टोलिया की तरफ फरार हो गए। हालांकि कुछ लोगों ने उन्हें पकड़ने की भी कोशिश की लेकिन सभी अपराधी भागने में सफल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने हत्या का कारण प्रारम्भिक तौर पर पट्टीदार के साथ भूमि विवाद ही बताया है लेकिन पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। घटनास्थल से कारतूस के कई खोखे भी मिले हैं। उधर घटना की सूचना मिलते ही अधिवक्ताओं की टीम ने छपरा सदर अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। घटनास्थल व सदर अस्पताल पहुंच कर मुफस्सिल पुलिस ने घटना की विस्तृत जानकारी ली। छपरा सदर अस्पताल पहुंचे घर वाले की चीख-पुकार से मातम की स्थिति बनी हुई है। पट्टीदार से पुराना है भूमि विवाद। दो साल पहले भी इन पर हमला किया गया था जिसमें कनपट्टी से गोली छूती हुई निकल गयी थी और ये बाल-बाल बचे थे। इनके भतीजे को उस दौरान गोली लगी थी जिसमें वे जख्मी हो गए थे।

## कार्यकर्ताओं ने ललन सिंह और रामनाथ ठाकुर के मंत्री बनाये जाने पर जतायी खुशी



**अररिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में जनता दल यूनाइटेड के प्रचंड जीत एवं सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह एवं रामनाथ ठाकुर को केन्द्र सरकार में मंत्री बनाये जाने पर जदयू कार्यकताओं ने पीएम और सीएम दोनों को बैठक कर बधाई दी। बैठक के पश्चात जिला जदयू संगठन पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई एवं जिले में संगठन को लेकर जो समस्याएं हैं उनसे प्रदेश अध्यक्ष को रूबरू कराते हुए उसपर विचार विमर्श किया गया।बैठक में मुन्ना खान, जदयू युवा नेता सफाउर रहमान उर्फ लड्डू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नेहरू के बाद कांग्रेस ने केवल सहानुभूति लहर के कारण बनाई सरकार : सम्राट चौधरी

एजेंसी

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने आज कहा कि नेहरू युग के बाद कांग्रेस ने ज्यादातर सहानुभूति लहर के कारण केंद्र में सरकार बनाई वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विकास और लोगों के कल्याण के लिए किए गए कार्यों के आधार पर जनादेश मिला है। श्री चौधरी ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि नेहरू युग के बाद कांग्रेस ने ज्यादातर सहानुभूति लहर के कारण देश में सरकार बनाई। उन्होंने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उनके बेटे श्री राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने क्योंकि उन्हें 1984 के लोकसभा चुनाव में उनकी मां की हत्या से उत्पन्न सहानुभूति की लहर के कारण भारी बहुमत मिला था। इसी तरह श्री राजीव गांधी की हत्या के बाद सहानुभूति के कारण ही वर्ष 1991 में कांग्रेस केंद्र की सत्ता में लौटी। भाजपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में 75 प्रतिशत अंक मिले। उन्होंने बिहार में राजग को कुल 40 में से 30 सीटें मिलने का भी जिक्र किया। उन्होंने बिहार में कम से कम 36 सीटें जीतने के तय लक्ष्य को हासिल करने की संभावनाओं का हवाला देते हुए कहा कि राजग को 90 प्रतिशत अंक मिलते तो स्थिति और बेहतर होती। श्री चौधरी ने कहा, हम इस बात पर विचार करेंगे कि हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में राजग को अपेक्षित परिणाम क्यों नहीं मिले। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की हारी हुई सीटों के बारे में नेताओं और कार्यकताओं से फीडबैक लेने की कोशिश करेंगे।

# पांच हजार रिश्वत लेते मनरेगा के जेई को एसीबी की टीम ने रंगे हाथों दबोचा

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार जेई अनुज कुमार।

**गढ़वा/रंका।** रंका अनुमंडल अंतर्गत चिनियां प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित जेई सह प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अनुज कुमार रवि को एसीबी की टीम ने बुधवार को पांच हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। जेई अनुज को एसीबी की टीम ने रंका के कंचनपुर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। बताया जाता है कि अनुज कुमार रवि चिनियां प्रखंड कार्यालय में कनिय अभियंता के पद पर पदस्थापित था। साथ ही पिछले दो वर्षों से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी का प्रभार भी इसी के पास था। वह सभी योजनाओं में लाभुकों से बतौर रिश्वत मोटी रकम लेता था। जानकारी के अनुसार चिनियां प्रखंड के डोल गांव में मनरेगा से संचालित डोभा योजना में एमबी बुक करने के लिए रिश्वत नही मिलने के कारण वह पिछले दो माह से रोक कर रखा हुआ था। इस कारण लाभुकों को मनरेगा मजदूर लगातार परेशान कर रहे थे। लाभुक कनिय अभियंता सह प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा अनुज कुमार रवि से काफी दिनों तक आग्रह करते रहे। फिर भी वह पांच हजार रुपए की मांग पर अड़ा रहा। उसके हरकत से परेशान हो कर डोल गांव के दो लाभुकों ने एसीबी टीम पलामू को मामले की जानकारी दी। तत्पश्चात एसीबी टीम ने अपने स्तर से जानकारी जुटाने के बाद बुधवार को कार्रवाई करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

## अर्धनिर्मित पुलिया में गिरी कार, एक ही परिवार के पांच लोग बचे



पुलिया में गिरी कार।

**कांडी।** थाना क्षेत्र के पतीला गांव में मदरसा के समीप मंगलवार की रात एक स्विफ्ट डिजायर कार जेएच 01 ईएन 9258 अनियंत्रित होकर पुलिया में जा गिरी। दुर्घटनाग्रस्त कार में पांच लोग सवार थे जो बाल-बाल बच गए। दुर्घटनाग्रस्त कार कांडी निवासी अजीत कुमार सोनी का बताया जा रहा है। बताया जाता है कि अजीत स्वयं कार चलाते हुए अपने परिवार के सदस्यों के साथ मोहम्मदगंज से घर वापस लौट रहे थे। उसी दौरान कार अनियंत्रित होकर पुलिया में जा गिरी। जहां पहले से लगे सेटरिंग की रॉड में फंस गई जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य सड़क स्थित मदरसा के समीप नहर पर पुल का निर्माण कार्य पिछले 4 माह से चल रहा है जो अबतक पूरा नहीं हो सका है। कॉन्ट्रैक्टर द्वारा डायवर्सन भी ठीक प्रकार से नहीं बनाया गया है और न ही कोई ब्रैकेटिंग लगाया गया है, जिससे आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते रहती है।

# धरना प्रदर्शन के 22वें घंटे सीएस, एसी ने की जब्त दवाओं के साथ संबंधित स्थल की जांच

खबर मन्त्र संवाददाता



जब्त दवा का निरीक्षण करते पदाधिकारी।

**कांडी।** धरना प्रदर्शन के 22वें घंटे जिला से पूर्व गठित जांच टीम कांडी पहुंची। यहां जांच टीम के अधिकारियों ने जब्त दवाओं के साथ-साथ संबंधित स्थल का मौके पर निरीक्षण किया। साथ ही बीआरसी में भी जांच की। काफी बड़े पैमाने पर सरकारी अनएक्सपायर दवाएं फेंक दिए जाने के 88 वें दिन ग्रामीणों के द्वारा किए गए एक दिवसीय आक्रोशपूर्ण धरना प्रदर्शन के 22 वें घंटे प्रशासनिक जांच टीम कांडी पहुंची। जांच टीम में शामिल गढ़वा जिला के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार एवं जिला के अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो ने कांडी थाना में जप्त करके रखे गए दवाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दवाओं के बैच नंबर को सूचीबद्ध किया। इसके बाद जांच टीम में शामिल पदाधिकारी ने सतबहिनी झरना तीर्थ के निकट उस स्थल को देखा जहां से बड़े पैमाने पर फेंकी हुई दवाएं 16 मार्च 2024 को पुलिस द्वारा बरामद की गई थीं। इस दौरान कांडी थाना के थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम जी मौजूद थे। ज्ञात हो कि थाना प्रभारी ने ही मौके से फेंकी हुई दावाओ को बरामद किया था। पदाधिकारी ने प्रखंड संसाधन केंद्र बीआरसी के स्टोर रूम की जांच किया। इस दौरान वहां पर रखी हुई दवाएं अच्छी स्थिति में नहीं पाई गईं। इस मौके पर जांच दल ने गढ़वा के जिला शिक्षा पदाधिकारी से वर्ष 2018 से अभी तक के रजिस्टर की मांग की। इस दौरान कांडी, मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड संसाधन केंद्र के प्राप्त एवं वितरण की गई दवाओं से संबंधित रजिस्टर की मांग की गई है। जिससे मिलान करके देखा जाएगा की इन प्रखंड संसाधन केदो को कितनी दवाएं प्राप्त हुई है और कितनी मात्रा में संबंधित स्कूलों को वितरण के लिए दिया गया है। मालूम हो कि जिला के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दवाओं को विभिन्न स्वास्थ्य केदो में भेजने के लिए डिस्पैच की जाती है। जबकि मझिआंव से दवाओं को विभिन्न स्वास्थ्य उपकेंद्रों के साथ-साथ इन तीनों बीआरसी कांडी, मझिआंव व बरडीहा को दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि फेंकी हुई दवाओं पर लिखे हुए बैच नंबर से स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रेषित दवाओं के बैच नंबर का मिलान करने पर स्वतः ही पता चल जाएगा कि फेंकी हुई दवाएं किसको भेजी गई थीं। वहां से वितरण की स्थिति जान लेने के बाद कितनी दवाएं बच गईं। जिन्हें फेंक दिया गया पता चल जाएगा। इसी चीज को पता करने में अभी तक प्रशासन को 3 महीने लग गए हैं। इस दौरान कहा गया है कि यदि कांडी में दिए गए धरना के बाद भी मानवता के प्रति किए गए अक्षम्य अपराध के दोषियों को गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा गया तो धरना प्रदर्शन का अगला कार्यक्रम समाहरणालय गढ़वा पर आयोजित किया जाएगा। इसके बाद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आवास का भी घेराव किया जा सकता है।

## खबर एक नजर में

### कश्मीर में हिन्दू तीर्थयात्रियों की हत्या के विरोध में बजरंग दल ने जलाया पाकिस्तानी झंडा




**पूर्वी चंपारण।** कश्मीर मे पाकिस्तानी आतंकियो द्वारा निर्दोष तीर्थ यात्रियों पर हमला व हत्या के विरोध में देश व्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत मोतिहारी गांधी चौक पर बुधवार को बजरंगदल ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और आतंकवाद का पुतला दहन कर पाकिस्तान का झंडा जलाया। प्रदर्शन का नेतृत्व बजरंगदल के विभाग संयोजक जितेन्द्र कुशवाहा, जिला संयोजक हेमंत कुमार और सह संयोजक उद्धेश्य गुप्ता कर रहे थे। मौके पर विहिप के बिहार झारखंड के विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अशोक श्रीवास्तव अधिवक्ता ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते कहा कि हमारे धार्मिक यात्राओं पर हमला करके पाकिस्तान देश मे दंगा फैलाना चाहता है और कोई भी विपक्षी दल के लोग अभी तक इसका विरोध नही किए बजरंगदल भारत सरकार से मांग करता है कि इस हत्या का बदला पुन: एक बार सर्जिकल स्ट्राइक से ले और मृतको को 50 लाख तथा घायलो को दस दस लाख मुआवजा दे। विहिप जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह और जिला सह मंत्री राजन तिवारी ने इस हमले को कायराना हमला करारते हुए कहा कि इस हमले का जिम्मेदार पाकिस्तान है। उन्होने इंडी गठबंधन के कुछ नेता पर आरोप लगाते कहा कि इनकी पाकिस्तानी आतंकियो से सांठगांठ है। मौके पर बजरंगदल के विक्रय जायसवाल, गो रक्षा के कनहैया कुमार, चन्दन कुमार, कुन्दन शुक्ला सहित विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना में 30 जून तक सौ प्रतिशत आवास पूर्ण कराने का निर्देश

**किशनगंज।** जिलाधिकारी तुषार सिंगला के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त स्पर्श गुप्ता के द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना की समीक्षात्मक बैठक बुधवार को की गयी। पंचायतवार गहन समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिला अंतर्गत कई पंचायतों में काम की प्रगति 10 प्रतिशत से भी कम है। इसपर उप विकास आयुक्त ने असंतोष व्यक्त किया एवं 20 जून तक 25 प्रतिशत एवं 30 जून तक मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना में 50 प्रतिशत आवास एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना में 100 प्रतिशत आवास पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस निमित सभी ग्रामीण आवास सहायक को लाभुकों के पास सुबह-शाम जाने का निर्देश देते हुए प्रखण्ड व्हाट्सएप्प ग्रुप में प्रतिदिन जीपीएस युक्त फोटो प्रेषित करने का निर्देश दिया गया।

## पेज एक का शेष

### अबुआ आवास योजना...

**लंबित म्यूटेशन पर सीएम खफा, चेताया :** सीएम ने अधिकारियों से कहा कि म्यूटेशन के मामले तय समय सीमा के अंदर हो इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने राज्य में बड़ी संख्या में लंबित म्यूटेशन के मामले पर कड़ी नाराजगी जतायी। सीएम ने कहा कि अंचल ऑफिस में म्यूटेशन के कई मामले बिना किसी ऑब्जेक्शन के काफी समय तक लंबित रहता है। म्यूटेशन केसेज का ना तो निष्पादन होता है और ना ही रिजेक्ट किया जाता है। इसकी जांच हो। समीक्षा के दौरान हजारीबाग, रांची, गिरिडीह और पलामू के कई अंचलों में म्यूटेशन के मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया काफी खराब होने पर चिंता जताते हुए सीएम ने अधिकारियों को कहा कि इन जिलों के खराब परफॉर्म करने वाले अंचलों को चिन्हित कर वहां के अंचल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का प्रस्ताव भेजें। सीएम ने गलत तरीके से जमीन की खरीद बिक्री के मामले को गंभीर बताते हुए इसपर हर हाल में रोक लगाने का निर्देश दिया।

**डीएमएफटी फंड की राशि का खर्च बढ़ायें :** सीएम ने कहा कि पाकुड़, गढ़वा, चतरा, रामगढ़ जिला सहित वैसे सभी जिलों में जहां डीएमएफटी की राशि का खर्च कम हुआ है, उन जिलों के उपायुक्त इसे बढ़ायें। जो स्कीम जिलों में डीएमएफटी फंड से लिये गये हैं, उनके कार्यों में तेजी लायें। राज्य सरकार के अबुआ आवास योजना से शौचालय निर्माण योजना को जोड़ें। जिन गांवों को ओडीएफ प्लस घोषित किया गया है, उन गांवों को और बेहतर तथा अन्य सुविधाएं देने की पहल करें।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले। लोगों को इस योजना के साथ राज्य सरकार के स्वास्थ्य से संबंधित अन्य योजनाओं की जानकारी दें। इसके लिए इन सभी योजनाओं का प्रचार प्रसार ग्रामीण इलाकों में करें। यह सरकार की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना है। इस योजना के तहत गरीबों के इलाज की व्यवस्था है। सावित्रीबाई फूले किशोरी योजना में अब एक परिवार में जितनी भी बच्चियां होंगी, उन्हें इस योजना से जोड़ा जाना है। समीक्षा बैठक में जिलों के अफसरों के अलावा मंत्री मिथिलेश ठाकुर, दीपक बिरुवा, हफिजुल हसन के अलावा राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते समेत कई आला अधिकारी मौजूद थे।

### ओड़िशा के सहारे झारखंड ...

**संथालों की मूल भूमि झारखंड :** संथालों की मूल धरती झारखंड का संथाल परगना ही है। इनका विस्तार ओड़िशा और बंगाल के आलावा बिहार में सर्वाधिक है। झारखंड में सर्वाधिक संथाल आदिवासी हैं। श्री मझी भी संथाल आदिवासी हैं। भाजपा ने नयी रणनीति के तहत मांझी को ओड़िशा का सीएम बनाया है। इसके जरिये वह संदेश देना चाहती है कि वो आदिवासी और संथाल के लोगों की हितैषी है। पार्टी ने सांथाल आदिवासी पुत्र को ओड़िशा का सीएम बनाया है, यह उन्हें बड़ा सम्मान है। झारखंड के सीमावर्ती जिले क्योंझर, सुंदरगढ़ और मयूरभंज में संथाल आदिवासी सर्वाधिक हैं। ओडिशा के सबसे बड़े जिले मयूरभंज से देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आती हैं, वो भी संथाल आदिवासी हैं। 2004 में यहां से झामुमो के टिकट पर सुदाम मरांडी जीत चुके हैं तो क्योझर और सुंदरगढ़ में झामुमो अपनी उपस्थिति संथाल आबादी के दम पर दिखाता रहा है।

स्पीड न्यूज

# कुवैत मे आग से कई भारतीय समेत 49 की मौत

एजेंसी

**कुवैत सिटी/नयी दिल्ली ।** दक्षिणी कुवैत के अल-मंगफ में बुधवार को एक छह मंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग लगने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 49 हो गई है जिनमें कई भारतीय श्रमिक है जो इमारत में रह रहे थे। केरल के 11 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों के नागरिक भी शामिल हैं। इस घटना में 40 से अधिक घायल हुये हैं जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कुवैत के अधिकारी राहत एवं बचाव में जुटे हुए हैं तथा मृतकों की शिनाख्त अभी नहीं हो पायी है। कुवैत में भारतीय राजदूत आदर्श स्वाइका ने मुबारक अल-कबीर अस्पताल, फरवानिया अस्पताल और अल-अदान अस्पताल में घायलों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मुबारक अल-कबीर अस्पताल में भर्ती 11 भारतीयों में से 10 को छुट्टी मिलने की उम्मीद है और अस्पताल में एक की हालत स्थिर बताई जा रही है।

## 10 भारतीय श्रमिकों को अस्पताल से मिली छुट्टी

- अल-मंगफ में छह मंजिला भवन के किचेन में आग से 40 से अधिक श्रमिक घायल
- श्रमिकों के लिए भारतीय दूतावास ने हेल्प लाइन नंबर जारी किया +965-65505246
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर ने इस हादसे पर जताया शोक



भारतीय राजदूत ने अभी भी अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात की और उन्हें दूतावास से पूरी तरह की मदद देने का आश्वासन दिया। भारतीय श्रमिकों की मदद के लिए कुवैत में भारतीय दूतावास ने एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है जिससे टेलीफोन +965-65505246 नंबर के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर ने इस हादसे पर गहरा दुख और संवेदना व्यक्त की है तथा कहा कि कुवैत में भारतीय दूतावास स्थिति पर बराबर नजर रखे हुए है। कुवैत में भारतीय राजनायिक मिशन के अधिकारी वहां के प्रशासन के साथ मिलकर प्रभावित लोगों की सहायता में जुटे हुए हैं। गृह मंत्रालय के सुरक्षा सूचना निदेशक मेजर जनरल नासिर अब्दुल सलैब के हवाले से कहा गया है कि इमारत के मालिकों को कड़ा दंड दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय के बड़े अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे है और मृतकों की पहचान की जा रही है। कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल अहमद अल जाबेर अल सबा ने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया है कि वे इस घटना के परिपेक्ष्य में ऐसे कदम उठाये जिससे इस तरह की दुखद की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने इस घटना के जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने को कहा है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर शोक संदेश में कहा कि कुवैत सिटी में आग लगने की घटना दुखद है। मेरी संवेदना उन लोगों के साथ जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं घायलों की शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूँ। कुवैत में भारतीय दूतावास स्थिति पर निरंतर निगाह रखें हुए है और स्थानीय अधिकारियों के साथ प्रभावित लोगों की मदद में जुटा है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि कुवैत शहर में आग लगने की घटना की खबर से गहरा सदमा लगा है। हमारे राजदूत राहत शिविर में गये हैं और हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। हमारा दूतावास इस संबंध में सभी संबंधित लोगों को पूरी सहायता प्रदान करेगा। कुवैत में भारतीय राजदूत अल-अदान ने घायलों के उपचार करने वाले अस्पताल का दौरा किया, जहां अभी 30 से अधिक भारतीय श्रमिकों का इलाज चल रहा है। अस्पताल अधिकारियों ने बताया कि सभी घायलों की हालत स्थिर है। इस भयावह त्रासदी पर कुवैत में भारतीय दूतावास ने आग से प्रभावित भारतीय श्रमिकों के लिए एक आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराया है। किसी भी तरह की जानकारी और सहायता के लिए +965-65505246 नंबर उपलब्ध कराया गया है। दूतावास ने घटना से प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। कुवैत स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि अल-मंगफ इमारत में लगी आग वास्तव में एक आपदा है और इस तरह की घटना कंपनी मालिकों और भवन मालिकों के लालच और महत्वाकांक्षा का परिणाम है।कुवैत के गृह मंत्रालय ने इमारत के नियमों के उल्लंघनों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि हमने जांच पूरी होने तक कंपनी के मालिक, इमारत के मालिक और उसके गार्ड को हिरासत में रखने का आदेश दिया। इमारत के नियमों को ताक में रखने वाले मालिकों को नियमों का पालन करने के लिए कल सुबह तक की समय दिया गया है उसके बाद बिना किसी नोटिस के कार्रवाई की जा सकती है। ज्यादातर मौतें दम घुटने के कारण हुई हैं।

इमारत के भूतल से शुरू होकर देखते ही देखते पूरी इमारत में फैल गयी और उसमें रहने वाले लोग बाहर निकालने के लिए आपातकालीन रास्ते का प्रयोग नहीं कर सके। कुवैत के पहले उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा तथा गृह मामलों के मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ ने कहा कि इमारत के मालिक को हिरासत में लिया जायेगा और जांच की जायेगी।

### इस इमारत में 160 कर्मचारी रहते थे

इस इमारत में एक ही कंपनी के लगभग 160 कर्मचारी रहते थे और आग इमारत के एक रसोईघर में लगी और देखते ही देखते तेजी पूरी इमारत में फैल गयी। कुवैत के सुरक्षा अधिकारी मेजर जनरल ईद रशीद हमाद ने आग लगने की पुष्टि की है। कुवैती स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि आग से कई घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिनमें से चार ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### हरदोई : सड़क हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के जनपद हरदोई में मंलवार देर रात सड़क हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ, जब बालू लदा एक ट्रक मल्लावां कोतवाली क्षेत्र में सड़क किनारे सो रहे लोगों पर अनियंत्रित होकर पलट गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में मारे गए लोगों के प्रति गहरा दुख जताया है और अधिकारियों को राहत कार्य के निर्देश दिए हैं। कन्नौज के महेंदी घाट से एक बालू लदा ट्रक बीती देर रात हरदोई की ओर जा रहा था। ट्रक हरदोई जनपद के मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव मार्ग से कटरा-बिल्हौर हाइवे पर चुंगी नंबर दो से गुजरते समय बेकाबू होकर सड़क किनारे झोपड़ी में सो रहे लोगों पर पलट गया। ये सभी अवधेश उर्फ बल्ला नट के परिवार थे। हादसा इतना दर्दनाक था कि डंपर में लदे बालू और ट्रक के नीचे पूरा परिवार दब गया।

### चार दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे भागवत

**गोरखपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत चार दिवसीय दौरे पर बुधवार को गोरखपुर पहुंचे। डॉ. भागवत ने महायोगी गुरु गोरखनाथ एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सीधे मानीराम के चिउटहां स्थित एसबीएम पब्लिक स्कूल पहुंचे। स्कूल में संघ का कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम का प्रशिक्षण चल रहा है। इस वर्ग में पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के चारों प्रांतों के कार्यकर्ता प्रशिक्षण ले रहे हैं। गोरखपुर में पहली बार कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम लगा है। यह वर्ग 03 जून से 24 जून तक चलेगा।

### काशी में पीएम 18 को किसानों से करेंगे संवाद

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आएंगे और मेहदीगंज में किसानों के साथ संवाद करेंगे। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी का यह वाराणसी का पहला दौरा होगा। प्रधानमंत्री इस दौरे में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे और शाम को गंगा आरती में शामिल होंगे। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री के वाराणसी दौरे की पुष्टि की है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां भी शुरू हो गई हैं।

### पाक में एक्ट्रेस की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पश्तो अभिनेत्री खुशबू खान की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के नौशेरा जिले में एक खेत में अभिनेत्री का शव पाया गया। अभिनेत्री की हत्या के आरोप में अकबरपुरा पुलिस ने दो संदिग्धों के विरुद्ध हत्या का मामला पंजीकृत किया है। दोनों संदिग्धों की पहचान शौकत और फलक नियाज के रूप में की गई है। अभिनेत्री के भाई ने शिकायत में इन दोनों को नामजद किया है।

### शेयर बाजार में तेजी सेंसेक्स 149 अंक चढ़ा

**मुंबई ।** अमेरिका में महंगाई के आंकड़े आने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, कैपिटल गुड्स और पावर समेत अठारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार का शेयर बाजार में दो दिन बाद तेजी लौट गई। संसेक्स 149 .98 अंक उछलकर 76,606 .57 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी 58 अंक चढ़कर 23,322 पर बंद हुआ।



ओड़िशा के नये सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व सीएम नवीन पटनायक से मिलते मोदी।

## जी-7 सम्मिट में भाग लेने आज इटली जाएंगे पीएम

एजेंसी

- मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहली विदेश यात्रा
- अमेरिकी राष्ट्रपति बिडेन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो सम्मेलन में होंगे शामिल

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल की पहली विदेश यात्रा पर गुरुवार को इटली जाएंगे। यहां वे दुनिया की सात बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के समूह जी7 की बैठक में भाग लेंगे।

विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन में भारत की नियमित भागीदारी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए नई दिल्ली के प्रयासों की बढ़ती मान्यता की ओर इशारा करती है। जी7 शिखर सम्मेलन 13 से 15 जून तक इटली के अपुलीया क्षेत्र में बोर्गो एग्नाज़िया के लक्जरी रिसॉर्ट में आयोजित किया जाएगा। इसमें यूक्रेन और गाजा में जारी संघर्ष का मुद्दा सबसे ज्यादा हावी रहेगा। शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले शीर्ष नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो शामिल होंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की का भी अपने देश में जारी संघर्ष पर एक सत्र होगा। क्वात्रा ने बताया कि भारत स्विट्जरलैंड में यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में उचित स्तर पर भाग लेगा। हालांकि शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कौन करेगा इसकी अभी जानकारी नहीं दी।



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से गले मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## फिल्म धमाल 4 में भी अजय देवगन फिर मचायेंगे धमाल



**मुबई।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन अपनी सुपरहिट फिल्म धमाल के चौथे संस्करण में काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड के जानेमने निर्देशक इंद्र कुमार ने वर्ष 2007 मे सुपरहिट फिल्म धमाल बनायी, जिसमें अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी। इंद्र कुमार ने इसके बाद वर्ष 2011 मे डबल धमाल और वर्ष 2019 में टोटल धमाल बनायी। टोटल धमाल में अजय देवगन, अनिल कपूर,माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी ने अहम भूमिका निभायी।अब इंद्र कुमार धमाल 4 लाने की तैयार कर रहे हैं, इसके लिए उन्होंने स्टारकास्ट भी फाइनल कर ली है। धमाल 4 को भूषण कुमार प्रोड्यूस करेंगे। धमाल 4 में अजय देवगन , अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी धमाल नजर आयेंगे।यह फिल्म इसी साल के अंत में फ्लोर पर आएगी। फिल्म की तैयारियों का काम जोरों पर चल रहा है।


GURU GOBIND SINGH EDUCATIONAL TRUST
KAMRE, RANCHI- 835 222
NOTICE
All members of Guru Gobind Singh Educational Trust,Kamre,Ranchi are requested to attend the General House Meeting at 11:30 am on 11th August 2024, Sunday in the Guru Gobind Singh Public School Auditorium,Kamre, Ranchi.
Meeting will be followed by lunch.
GGSET , GGSPS
Secretary
Ad.Profile/RN/24


## आंध्र प्रदेश के चौथी बार सीएम बने नायडू

- टीडीपी से 20, जनसेना पार्टी से पवन कल्याण समेत दो विधायकों व भाजपा से एक विधायक ने ली मंत्री पद की शपथ
- मेगास्टार ब्रदर्स का हाथ थामकर मोदी ने किया जनता का अभिवादन

**विजयवाड़ा।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के रूप में बुधवार को शपथ ली। राज्यपाल सैयद अब्दुल नजीर ने कृष्णा जिले के केसरपल्ली में आयोजित समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में टीडीपी से 20, जनसेना पार्टी से पवन कल्याण समेत दो विधायकों और भाजपा से एक विधायक को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। पवन कल्याण को एनडीए के नेतृत्व वाली सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश ने भी मंत्री पद की शपथ ली। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू एवं चिराग पासवान समेत कई प्रमुख लोग शामिल हुए। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू और भाजपा के महामंत्री संगठन बीएल संतोष भी समारोह में मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी समेत मंच पर मौजूद मेहमानों ने चंद्रबाबू को शुभकामनाएं दीं। यह चौथी बार है जब चंद्रबाबू ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। नायडू मंत्रिपरिषद में 10 मंत्री ऐसे है जो पहली बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। पीएम मोदी मंच से चिरंजीवी और पवन कल्याण का हाथ पकड़कर लोगों का अभिवादन करते हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने दोनों भाईयों का गले लगाते हैं, साथ ही मेगास्टार ब्रदर्स को बधाई भी देते हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। इस पर लोग अलग-अलग रिएक्शन भी दे रहे हैं। इससे पहले मंत्री पद की शपथ लेने के बाद जनसेना पार्टी के संस्थापक पवन कल्याण अपने बड़े भाई मेगास्टार चिरंजीवी के पास गए थे और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया था। 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पवन कल्याण की जनसेना पार्टी ने विधानसभा में 21 सीटों पर चुनाव लड़ा और सभी सीटों पर जीत हासिल की। जबकि, लोकसभा में दो सीटों पर चुनाव लड़ा और दोनों पर जीत दर्ज की।



### लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे नये आर्मी चीफ



**नयी दिल्ली।** देश के अगले थलसेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे। वह इस समय उप सेना प्रमुख के पद पर कार्यरत हैं। मौजूदा थलसेनाध्यक्ष जनरल मनोज सी पांडे 30 जून को पदमुक्त हो रहे हैं। उन्हें 31 मई को ही रिटायर होना था लेकिन सरकार ने उनका कार्यकाल एक माह के लिए बढ़ा दिया था। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने 30 अप्रैल, 2022 को भारतीय सेना की बागडोर संभाली थी। उन्हें दिसंबर, 1982 में कोर ऑफ इंजीनियर्स (बॉम्बे सैपर्स) में कमीशन मिला था। सीओएएस का पद संभालने से पहले वे वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ के पद पर थे। उन्हें 31 मई को सेवानिवृत्त होना था, लेकिन कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 26 मई को लोकसभा चुनावों के दौरान उनकी सेवा में एक महीने के विस्तार को मंजूरी दे दी थी।


Er. Partha Pal
B.Tech (Civil), Chartered Engineer AM184847-2
LICENSE: MADA/ENG/0002/2019 DMC/ENG/0021/2016
Address : LIG-283, Housing Colony, Dhanbad - 826001 (Jharkhand)
mobile no: 98351 29422
e-mail: palpartha078@gmail.com
Work for Building Plan Estimate Valuation Residential (Vastu Kala) & Commercial Bldg. Lay Out • Structural Design Lay Out (3D view) Dealings in 'Land Property'
Licence engineer in DMC, CHIRKUNDA NAGAR PANCHYAT AND CHAS NAGAR NIGAM
हमारे यहां भवन के नक्शा से जुड़े सभी प्रकार के कार्य किए जाते है।


## जनता के लिए जीवनयापन आसान बनायेगी सरकार

**मोदी 3.0 सरकार**

- निर्मला सीतारमण ने वित्त मंत्री का संभाला कामकाज
- एनडीए सरकार के विकास के एजेंडा को नये उत्साह के साथ आगे बढ़ायेंगे

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि सरकार अपने नागरिकों के लिए जीवनयापन आसान बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा वह इस दिशा में और कदम उठाएगी। मोदी सरकार 3.0 में एक बार फिर वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने यह बात कही। सुबह नॉर्थ ब्लॉक पहुंचने पर वित्त सचिव टी.वी. सोमनाथन और वित्त एवं कंपनी मामलों के मंत्रालयों के अन्य सचिवों ने उनका स्वागत किया तथा मौजूदा नीतिगत मामलों की जानकारी दी। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में मजबूत नेतृत्व और विकासोन्मुख प्रशासन से विभिन्न सेक्टरों में बड़े बदलाव आये हैं तथा अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से जारी सुधार कार्य चलते रहेंगे। इससे अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी तथा देश के विकास की रफ्तार बढ़ेगी। उन्होंने हाल के वर्षों में वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की उल्लेखनीय विकास गाथा का जिक्र किया और कहा कि आने वाले वर्षों के लिए आर्थिक परिदृश्य आशावाद से भरपूर है।

वित्त मंत्री ने मंत्रालय के तहत आने वाले विभिन्न विभागों से एनडीए सरकार के विकास के एजेंडा को नये उत्साह के साथ आगे बढ़ाने और विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को पूरा करने के लिए तदनुसार नीति निर्माण की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास में विश्वास करती है। उन्होंने उद्योग जगत के दिग्गजों, नियामकों और नागरिकों समेत सभी हितधारकों के बीच निरंतर सहयोग एवं सामंजस्य की आवश्यकता पर जोर दिया।



### गाजा में युद्धविराम प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र ने दी मंजूरी

**संयुक्त राष्ट्र।** इजराइल पर हमास के हमले के बाद से शुरू हुए युद्ध और गाजा पर आठ महीने से जारी हमले के रुकने के आसार बढ़ गए हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को गाजा में इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम योजना का समर्थन करने वाले अपने पहले प्रस्ताव को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी। प्रस्ताव पर सुरक्षा परिषद के 15 सदस्यों में से 14 ने पक्ष में वोट किया, जबकि रूस ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। हमास ने मंगलवार को कहा कि वह यूएन के इस प्रस्ताव को स्वीकार करने को तैयार है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि हमास के रुख से युद्धविराम को लेकर उम्मीदें जगी हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा घोषित अमेरिका प्रायोजित प्रस्ताव की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से मंजूरी का अमेरिका ने स्वागत किया है।


VERMA PRESS ®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !